धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
02.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 229



12 ट्रंप से भिड़ंत के बाद ढीले पड़े जेलेंस्की के तेवर




नये विधायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

## आज के इस युग में पिछड़े, तो इतिहास बन जायेंगे : हरिवंश

# सदन की गरिमा बनाये रखना सबका दायित्व : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में सदन की गरिमा और विधायकों के आचरण पर चर्चा की गयी। पहली वार निर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन सीएम हेमंत सोरेन, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह जैसे राजनेताओं ने अपने विचार व्यक्त किये और संसदीय परंपरा और इसकी गरिमा को बनाये रखने की जरूरत बतायी। कार्यक्रम की शुरुआत स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के संबोधन से हुई। उन्होंने नये सदस्यों को सदन की गरिमा का पाठ पढ़ाया। वहीं सीएम ने कहा, यह (सदन) लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है, इसकी गरिमा बनाये रखना हम सब का दायित्व है। वही राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने नये




सदस्यों को संसदीय प्रणाली के महत्व की जानकारी दी। साथ ही कहा, आज दुनिया जिस गति से आगे बढ़ रही हम-आप को भी उसी तेजी से बढ़ना होगा। नहीं तो हम इतिहास बन जायेंगे। उन्होंने कहा कि कहा कि सदन में स्पीकर की भूमिका ही सबसे अहम होती है। **यहां सभी के हक की आवाज गूंजती है :** अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि सदन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। (शेष पेज 11 पर)

### प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी अहम : उप सभापति

राज्यसभा के उपसभापति ने कहा कि दुनिया जिस गति से आगे बढ़ रही हम-आप को भी उसी तेजी से बढ़ना होगा। अगर पुराने ढर्रे से भी चलने का प्रयास करेंगे, इस दौड़ में शामिल नहीं होंगे, तो आप और हम अतीत की चीज बन जायेंगे। इतिहास बन जायेंगे। यह प्रशिक्षण आपको भविष्य की योजना बनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करता है। कार्यक्रम में उन्होंने संसदीय प्रणाली के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा लोकतंत्र में सबसे महत्वपूर्ण हमारी लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा है। विधानसभा का अध्यक्ष विधानसभा का संरक्षक होता है, जिसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नये विधायकों के लिए प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है।

### स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने गरिमा का पाठ पढ़ाया

स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सदन की गरिमा बनाये रखने में विधायकों की भूमिका पर चर्चा की। सदन की कार्यव्यवस्था और सदस्यों के आचरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि सदस्य वेल में आकर अपनी बातों को मनवाने के लिए दवाब बनाने की कोशिश करते हैं, जो संवैधानिक रूप से भलें ही उचित नहीं है।

### चेहरा चमकाने को ओछी हरकत ठीक नहीं: सिंह

वरिष्ठ सदस्य सीपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया में बने रहने के लिए लोग सदन में जिस तरह का व्यवहार करते हैं, वह उचित नहीं है। उन्होंने सदन की कार्यवाही साल में कम से कम 60 दिन चलाये जाने की वकालत की। वर्तमान सरकार से इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लोकतंत्र और समावेशी विकास पर अपने विचार व्यक्त किये।

## चांद दिखा, तरावीह शुरू, रोजा आज से



**रांची।** दारूल कजा इमारत शरिया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मोहम्मद अनवर कास्मी ने कहा है कि एक मार्च को झारखंड समेत सभी जगह पर चांद नजर आया। रविवार को रमजानुल मुबारक महीने की पहली तारीख है और 1 मार्च शनिवार से तरावीह की नमाज शुरू की गयी। उन्होंने कहा कि यही फैसला मरकजी दारुल कजा इमारत शारीया फुलवारी शरीफ पटना का है।

## महंगाई का झटका एलपीजी के दाम बढ़े

**नयी दिल्ली।** 1 मार्च को एलपीजी के दाम बढ़ गये। 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी तेल कंपनियों ने की है। दिल्ली से कोलकाता तक यह सिलेंडर 6 रुपये महंगा हो चुका है। कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के मार्च के प्राइस ट्रेंड पर नजर डालें तो पिछले 5 सालों में 1 मार्च को सबसे कम बढ़ोतरी की गयी।

## न्यूज डायरी

### ऑटो और बाइक में टक्कर, दो की मौत

**गोड्डा।** बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़पा गांव के पास बाइक और ऑटो की टक्कर के बाद शनिवार की सुबह में दो युवक की मौत हो गयी। वहीं चार गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों की पहचान कोंकरा गांव के संतोष दास (24) तथा प्रतापपुर गांव के मंगल राम (24) के रूप में हुई। घायलों में प्रतापपुर राकेश कुमार ( 22) तथा माला देवी (45) को बेहतर इलाज के लिए कर्मचारी जिला मुख्यालय से सदर अस्पताल तथा भागलपुर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि ऑटो और बाइक पर सवार लोग मधुरा में दंगल मेला देखकर वापस लौट रहे थे।

### अवैध संबंध की वजह से पत्नी की हुई थी हत्या

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के टरिया में विनीता देवी की मौत मामले में चौकाने वाला खुलासा किया गया है। विनीता के पति का उसकी मामी के साथ अवैध संबंध था। विनीता जब जान गयी तो उसकी हत्या कर दी गयी और फंदे पर लटका दिया गया, ताकि खुदकुशी साबित हो जाये। मृतका के पिता उदय सिंह ने विनीता की हत्या को लेकर उसके पति अर्जुन पासवान, ससुर गजेन्द्र पासवान, सास और गोतनी के खिलाफ थाना में शनिवार को एफआइआर दर्ज करायी है।

### बेतला जंगल में घायल एक हाथी ने दम तोड़ा

लातेहार। पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला जंगल में शनिवार को एक जंगली हाथी की मौत हो गयी। बताया जाता है कि 2 दिन पहले हाथियों के बीच आपसी संघर्ष हुआ था, जिसमें एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। हालांकि विभाग घायल हाथी का इलाज करा रहा था पर शनिवार को उसकी मौत हो गयी। पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर ने इसकी पुष्टि की है। दरअसल इन दिनों हाथियों का प्रजनन काल चल रहा है।

### हाइकोर्ट से योगेंद्र प्रसाद को नोटिस

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो की याचिका को स्वीकार करते हुए राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद व मध निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद को नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय ने उनसे 6 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष रहते हुए योगेन्द्र प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया जो लाभ का पद है।

## चमोली हादसे में 4 श्रमिकों की मौत

### तलाशी अभियान जारी, सीएम ने किया हवाई सर्वेक्षण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के चमोली जिले के माना क्षेत्र में हुए हिमस्खलन में फंसे बीआरओ के श्रमिकों को बचाने का कार्य जारी है। इस आपदा में फंसे 50 श्रमिकों को बचा लिया गया है। हालांकि उनमें से चार लोगों की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गयी। भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना, आईटीबीपी और अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान में जुटी है। अब केवल पांच को बचाया जाना बाकी है। भारतीय सेना के पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव और सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर इन कमांड लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने जानकारी दी।

बारिश और बर्फबारी के कारण बचाव अभियान शुक्रवार की रात स्थगित कर दिया गया। शनिवार सुबह से फिर फंसे मजदूरों की तलाश फिर से शुरू की। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना विमानन के तीन, भारतीय वायुसेना के दो और सेना द्वारा किराए पर लिया गया एक सिविल हेलीकॉप्टर सहित छह हेलीकॉप्टर बचाव अभियान में लगे हुए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों को बचाव अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। सीएम ने बताया कंटेनरों की तलाश के लिए आर्मी के स्निफर डॉग्स की तैनाती की गयी है। दिल्ली से सेना की जीपीआर रडार, ग्राउंड पेनीट्रेशन रडार भी पहुंच गयी है। पीएम मोदी ने धामी से बात की और उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। लेफ्टिनेंट जनरल सेनगुप्ता ने कहा कि सड़क मार्ग से आवाजाही असंभव है, क्योंकि यह बर्फ से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ-जोशीमठ राजमार्ग 15-20 स्थानों पर अवरुद्ध है।

## सिविल कोर्ट ने 9 दिन में ट्रायल पूरा कर सुनाया फैसला

खबर मन्त्र ब्यूरो

### तारीख पर तारीख की कहानी हुई पुरानी

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची ने एक मामले का ट्रायल मात्र 9 दिनों में पूरा कर केस का फैसला सुना कर शीघ्र फैसला का एक उदाहरण पेश कर दिया। यह मामला रांची के जगरनाथपुर थाना से जुड़ा हुआ था। इसमें रमजान अंसारी ने जाकिर खान, शाकिर खान और शहीद खान पर हत्या की नियत से हमला करने का आरोप लगाया था। इस मामले में जगरनाथपुर थाना में कांड संख्या 237/2024 दर्ज किया गया था। पुलिस ने अपनी जांच पूरी करते हुए दिसंबर महीने में चार्जशीट दाखिल की। (शेष पेज 11 पर)

## कैग की रिपोर्ट बेबुनियाद : इरफान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कैग की रिपोर्ट पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और बाबूलाल मरांडी आमने सामने आ गये। स्वास्थ्य मंत्री ने सीएजी की रिपोर्ट को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट कितनी सच है या कितनी झूठ, यह मेरी समझ से परे है। वहीं भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कैग की यह रिपोर्ट राज्य सरकार के कुशासन का आईना है।

मंत्री इरफान अंसारी ने शनिवार को दुमका में कहा कि भले ही यह मामला अभी मेरे विभाग से जुड़ा हो, लेकिन मामला रघुवर दास के



समय का है। उन्होंने कहा कि सीएजी रिपोर्ट को लेकर जो बाबूलाल मरांडी हमारे खिलाफ बोल रहे हैं, जब मेरी बात उन तक पहुंचेगी कि यह भाजपा के शासन काल का है, तो वे इसके खिलाफ नहीं बोलेंगे। वहीं उन्होंने बाबूलाल मरांडी को भाजपा छोड़ने की भी सलाह दे दी।

### सरकार के कुशासन का आइना है : मरांडी



कैग रिपोर्ट पर बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सरकार ने करीब 19 हजार करोड़ की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया। यह बड़े भ्रष्टाचार की संभावना को प्रबल करता है। आकस्मिक विपत्र निकासी में गड़बड़ी और गलत बजटीय प्रावधान का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ा। राज्य बड़ा कर्जदार हो गया है। सैंपल जांच केंद्रों में दवा की कमी 66-94 प्रतिशत तक ओटी में भी उपकरणों की कमी 48-67 प्रतिशत तक रही। कैग की यह रिपोर्ट हेमंत सरकार के कुशासन को आईना दिखा रही है।

### कुंभ के भव्य और सफल आयोजन से विश्व चकित: पीएम मोदी

## आज पूरी दुनिया भारत को जानना चाहती है

### एनएक्सटी कॉन्क्लेव

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आर्थिक, सांस्कृतिक और तकनीकी रूप से दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि भारत दुनिया में सकारात्मक खबरों का केंद्र बन गया है। यही कारण है कि आज पूरी दुनिया भारत को जानना चाहती है। शनिवार को वह एनएक्सटी कॉन्क्लेव 2025 में बोल रहे थे। उन्होंने भारत की बढ़ती वैश्विक पहचान और आयोजन क्षमता पर जोर दिया।

**कुंभ के आयोजन से दुनिया चकित :** मोदी ने इस दौरान हाल ही में संपन्न महाकुंभ का जिक्र



किया। उन्होंने कहा कि दुनिया इस भव्य आयोजन से आश्चर्यचकित है कि करोड़ों लोग एक साथ अस्थायी शहर में आकर पवित्र नदी में स्नान करते हैं। इस दौरान 66 करोड़ 21 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पीएम मोदी ने कहा कि यह आयोजन दुनिया को भारत की आयोजन क्षमता से परिचित कराता है।

**अगला एआइ समिट भारत में :** पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में उन्हें फ्रांस में आयोजित एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) समिट में शामिल होने का अवसर मिला। वहां भारत सह-आयोजक था। उन्होंने घोषणा की कि अब अगला एआइ समिट भारत में आयोजित होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एआइ और अन्य नई तकनीकों के माध्यम से करोड़ों लोगों का जीवन सुधार सकता है। इसके साथ ही उन्होंने भारत की जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी का जिक्र किया और बताया कि भारत ने इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के रूप में दुनिया को एक नया आर्थिक मार्ग दिया। पीएम मोदी ने अफ्रीकी संघ को जी-20 का सदस्य बनाने और द्वीपीय देशों को प्राथमिकता देने की भी बात की।

### तीसरी आंख






### राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाला

# पूर्व सीएम मधु कोड़ा पर हाई कोर्ट ने लगाया 4000 रुपये का जुर्माना

■ मधु कोड़ा पर हैदराबाद की बिजली कंपनी के डायरेक्टर से 11.40 करोड़ घूस लेने का है आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाई कोर्ट ने तीसरी बार फिर से मधु कोड़ा की ओर से समय मांगे जाने पर 4000 रुपये का जुर्माना लगाया। मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद होगी। इससे पहले 17 जनवरी 2025 को समय मांगे जाने पर मधु कोड़ा पर 2000 रुपए का जुर्माना और 13 दिसंबर 2024 को 1000 रुपए का जुर्माना कोर्ट ने लगाया था। जुर्माने की राशि झालसा में जमा करने का निर्देश हुआ था। बता दें कि मधु कोड़ा पर आरोप है कि उन्होंने पूर्व में मुख्यमंत्री के उच्च पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की ब्लैक लिस्टेड बिजली कंपनी आईवीआरसीएल के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपए घूस ली थी। साथ ही कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए उसे लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण का टेंडर दिया। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसमें मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे। उन्हें 30 जुलाई 2013 को जमानत मिली थी। वर्ष 2006 में विद्युतीकरण परियोजना के लिए झारखंड को केंद्र से 467.76 करोड़ मिले थे। इस परियोजना से झारखंड के छह जिलों के 27359 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना था।

### पुलिस मुख्यालय ने सात बिंदुओं पर मांगी रिपोर्ट

# डीजीपी ने गैर-अनुशासित पुलिस कर्मियों और अफसरों की मांगी सूची, मची हड़कंप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों और इकाइयों से पद स्थापित गैर-अनुशासित पुलिस अफसरों और कर्मियों की सूची सभी रेंज आईजी, डीआईजी से मांगी है। सूची मिलने के बाद पुलिस अफसरों और कर्मियों पर डीजीपी स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

**क्या है आदेश में :** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के एक आदेश से राज्यभर के पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गयी है। डीजीपी के द्वारा जारी किए गए आदेश में लिखा गया है कि राज्य के सभी जिले, इकाई में पदस्थापित गैर-अनुशासित पुलिसकर्मी और



पुलिस पदाधिकारी की सूची पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करवाया जाए। आदेश की कॉपी सभी रेंज आईजी, डीआईजी को भेजी गई है। पुलिसकर्मियों के संबंध में सात बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है।

#### पुलिस मुख्यालय से की जा रही कार्रवाई

झारखंड का डीजीपी बनने के बाद अनुराग गुप्ता पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार को लेकर पूरी तरह से रेस है। पिछले एक महीने के दौरान लगभग आधा दर्जन से अधिक पुलिस अफसरों को विभिन्न आरोपों के तहत डीजीपी के आदेश से जिला से दूसरे जिलों में भेजा गया है। वहीं कई थानेदारों को पुलिस मुख्यालय से ही सीधे निलंबित करते हुए उनका तबादला भी दूसरे जिलों में कर दिया गया है। डीजीपी के नए आदेश से पुलिस अफसरों और कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

#### क्या है वह सात बिंदु

1-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके विरुद्ध आम नागरिकों, महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कोई कार्रवाई की गई है।

2-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके संबंध जमीन माफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के साथ पाई गई है।

3-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो कर्तव्य से फरार रहते हैं।

4-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो ड्यूटी के दौरान आदतन शराब का सेवन करते हैं।

5-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो बिना कारण अवकाश की समय सीमा को स्वतः बढ़ाकर देर से ड्यूटी पर लौटते हैं।

6-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनपर अपने वरीय पदाधिकारी के साथ गलत व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कार्रवाई की गई है अथवा वे जो अब भी गलत व्यवहार करते हैं।

7-वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप हो या फिर जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं।

### हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# शिक्षकों के वेतन के लिए फंड क्यों नहीं है, कहां जा रहा पैसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पलामू जिला के विभिन्न सरकारी स्कूल में कार्यरत ट्रेड शिक्षकों के कई माह से वेतन भुगतान नहीं होने मामले में दायर रिट याचिका की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा कि पलामू जिला के सरकारी स्कूलों में कार्यरत 407 ट्रेंड शिक्षकों को क्यों वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके वेतन के मद का पैसा कहां जा रहा है? कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि किस कारण से इन शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं हो रहा है, उसे स्पष्ट करें। साथ ही यह भी बताएं कि उनका वेतन भुगतान कब तक हो सकेगा।

कोर्ट ने एक सप्ताह में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि पलामू में सरकारी स्कूल में कार्यरत 407 ट्रेंड शिक्षकों को करीब 9 माह से वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे उनकी दैनिक स्थिति खराब हो गई है। बकाया वेतन भुगतान को लेकर अधिकारियों से जब उन्होंने संपर्क किया तो अधिकारियों का कहना है कि फंड की कमी है, इसलिए वेतन उन्हें नहीं दिया जा रहा है। उनकी ओर से शिक्षकों को जल्द वेतन भुगतान करने का आग्रह किया गया। मामले में झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पलामू इकाई की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

# पॉलिटेक्निक कॉलेजों में दाखिले की प्रवेश परीक्षा 18 मई को, 5 मार्च से मिलेगा फार्म

■ 30 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन, नोटिफिकेशन जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के पॉलिटेक्निक कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसकी प्रक्रिया पांच मार्च से शुरू हो जाएगी। इंटरेस्टेड कैंडिडेट्स 30 अप्रैल तक आवेदन दे सकेंगे, जबकि प्रवेश परीक्षा 18 मई को होगी। यह परीक्षा रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, चाईबासा, दुमका और पलामू जिला मुख्यालय स्थित केंद्रों पर होगी। परीक्षा के चार दिन पूर्व प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा। इस संबंध में झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से सूचना जारी की गयी है। प्रवेश परीक्षा को लेकर पूरी जानकारी के लिए झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट देखी जा सकती है।

**आवेदन करने के लिए निर्धारित योग्यता जरूरी :** प्रकाशित सूचना के मुताबिक प्रवेश के लिए वैसे योग्य आवेदक, जो भारत के नागरिक होने के साथ-साथ झारखंड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और योग्यता की अहर्ता पूरी करते हैं। वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम के 2025-26 (प्रथम सेमेस्टर/प्रथम वर्ष) में नामांकन लिया जायेगा। शैक्षणिक योग्यता माध्यमिक, 10वीं, समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण है।

**ये भी कर सकते हैं आवेदन :** शैक्षणिक वर्ष 2025 की अर्हक परीक्षा माध्यमिक/10वीं समकक्ष परीक्षा में शामिल होनेवाले छात्र भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, लेकिन संस्थान में नामांकन के समय उन्हें उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पर्षद की वेबसाइट पर विस्तृत सूचना देखी जा सकती है।

### जेपीएससी मेधा घोटाले में सात की याचिका पर सुनवाई कल




**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड रांची के एसी राम नारायण सिंह, एडीएम विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक समेत सात आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई कोर्ट में तीन मार्च को सुनवाई होगी। आरोपियों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए पिछले दिनों याचिका दाखिल की है। मामले में उक्त दो के साथ पूनम कच्छप, विजय बहादुर सिंह, अनिल कुमार यादव, डॉ. समरिता कुमारी एवं विजय प्रसाद सिंह ने याचिका दाखिल की है। मामले में अब तक अदालत ने 11 आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

# हर बॉल पर छक्का लगाने का दंभ भरने वाले सीएम हिट विकेट होते नजर आ रहे हैं : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि हर बॉल पर छक्का लगाने का दंभ भरने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हिट विकेट होते नजर आ रहे हैं। कैग की रिपोर्ट ने हेमंत सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और घोर इच्छाशक्ति के अभाव को उजागर कर दिया है।

**19 हजार करोड़ रुपये की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं :** सरकार ने तकरीबन 19 हजार करोड़ रुपये की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया, जो बड़े भ्रष्टाचार की संभावना को प्रबल करता है। आकस्मिक विपत्र निकासी में गड़बड़ी और गलत बजटीय प्रावधान का खामियाजा झारखंड की जनता को भुगतना पड़ा।

**कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का पूर्ण उपयोग नहीं :** राज्य में व्यापक गरीबी के बावजूद, कई कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का पूर्ण उपयोग नहीं किया गया, जिससे जरूरतमंद लाभार्थियों तक सहायता नहीं पहुंच पायी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन और छात्रवृत्ति योजनाओं में धनराशि के दुरुपयोग, फर्जी लाभार्थियों और अपात्र छात्रों को भुगतान जैसी अनियमितताएं पायी गयी।

स्वास्थ्य क्षेत्र की बात करें तो डॉक्टरों के 61 फीसदी पद और मेडिकल कॉलेज में 45 फीसदी पद खाली हैं। दवा-उपकरण की खरीद पर उपलब्ध राशि का महज 20 प्रतिशत ही खर्च हुआ है। सैंपल जांच केंद्रों में 66-94 प्रतिशत तक दवा की कमी और ओटी में भी 48-67 प्रतिशत तक उपकरणों की कमी रही। कैग की यह रिपोर्ट हेमंत सरकार के कुशासन को आइना दिखा रही है।

**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

अति-अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या-06/2024-25

विज्ञापनदाता का नाम :-प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा।
कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय:-दिनांक- 11.03.2025 को 3:00 बजे अप0 तक।
कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थान:-दिनांक- 11.03.2025 को 3:30 बजे अप0,नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में।

| Si No. | Description | Rs Per/Kilo Litre |
|---|---|---|
| 1 | Operation and maintenace of Lohardaga urban W/S/S by outsourcing agency including providing all manpower, chemicals, reagents different materials etc. Required for successful operation of the scheme including repair of all civil structures (Intake wells, infiltration wells, gallery, WTP, mechanical & electrical equipments etc. all complete job on "Turn-key basis" to provide drinking water confarming WHO norms for the period April 2025 to March 2026 under Nagar Parishad, Lohardaga in the Dist. of Lohardaga. | |

नोट:- कोटेशन की शर्त एंव विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 347472 (Lohardaga)24-25*D

**AFFIDAVIT**

I SHASHI Ranjan Kumar Singh S/0 Sri Birendra Kumar Singh R/o House No. 252 near Vidyut Colony, Rupa Sadan, Kusai Colony, Po- Doranda, Ranchi-834002 that my son's name Aadarsh Singh has been Wrongly Mentioned in his GD Goenka Public School's Record. My Son's Actual & Correct name is Aadvik Singh as per his Aadhar Card for All Purposes in all documents vide.

Affidavit 0608
Dated 27.02.2025

### वृद्धजनों के लिए झारखंड सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल

# राज्य के सीनियर सिटिजन को मिलेगी 14567 पर एल्डर हेल्पलाइन की सुविधा

#### वृद्ध बता सकेंगे समस्या

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 14567 एल्डर हेल्पलाइन का शुभारंभ शनिवार को किया गया। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने वृद्धजनों के लिए इस नेशनल हेल्पलाइन नंबर-एल्डर हेल्पलाइन की सेवा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान मनोज कुमार ने स्वयं 14567 पर कॉल करके हेल्पलाइन नंबर के सुचारु रूप से संचालन का निरीक्षण भी किया। 14567 की सेवा के जरिए एक महिला ने लाइव कॉल पर सचिव से बात की और उन्हें एल्डर हेल्पलाइन की सुविधा के लिए धन्यवाद दिया। मनोज कुमार ने कहा कि यह सेवा राज्य के वृद्धजनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

वहीं, अपर सचिव अभयनन्दन अंबष्ठ ने कहा कि झारखंड में एल्डर हेल्पलाइन की श्रेष्ठता को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। एल्डर हेल्पलाइन टीम की तरफ से नूतन सिंह ने कहा कि निर्धारित नंबर पर सुबह से शाम तक में सीनियर सिटिजन अपनी समस्याओं को साझा कर सकते हैं। इसके बाद उसके निदान की पहल भी होगी। मंच का संचालन ऋषभ जैन ने किया। मौके पर अवर सचिव प्रीति सिन्हा (नोडल अधिकारी, एल्डर हेल्पलाइन) समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को क्राइस्ट यूनिवर्सिटी ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बेंगलुरु के क्राइस्ट विश्वविद्यालय में पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान समारोह में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सम्मानित हुईं। इस सम्मान समारोह में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के साथ सांसद सुधा मूर्ति, सांसद फ्रांसिस जॉर्ज, कर्नाटक सरकार में राजस्व मंत्री कृष्णा गौड़ा, सांसद मल्लेश बाबू, विधायक चांडी ओमन, विधायक दर्शन ध्रुवनरायणा, सांसद सागर ईश्वर खंड्रे को विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मानित किया गया।



सम्मान पाने के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अपनों के हाथ सम्मान पाना गर्व की बात है। बेंगलुरु के क्राइस्ट विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मान पाकर जो सुखद अनुभूति हुई, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं है।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा**
पाण्डेय गणपतराय भवन प्रथमतल्ला,
समाहरणालय,लोहरदगा पिन-835302
E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

ईच्छा की अभिव्यक्ति

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 117 दिनांक 09.01.2025 के आलोक में लोहरदगा जिला में जिला स्तरीय पुस्तक मेला 2024-25 का आयोजन दिनांक 08.03.2025 को किया जाना है।

जिला स्तरीय पुस्तक मेला 2024-25 में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रकाशक / फर्म अपनी सहमति पत्र झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा कार्यालय में अथवा कार्यालय के ई-मेलआई.डी. lohardagassa@gmail.com में भी दिनांक 05.03.2025 के अपराह्न 02:00 बजे तक समर्पित कर सकते है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
जिला शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 347503 Lohardaga(24-25).D

**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115,Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.02.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर बनई पी0एफ0 के पास से 70 cft बालू सहित दो महिन्द्रा ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0-अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर बसिया वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 15.03.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
-सह-
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

:-वन है,तो जीवन है-:

PR 347512 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D

**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207
पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

आवश्यक सूचना


सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.01.2025 को गुप्त सूचना के आधार पर भरनो-सिसई मार्ग पर खरवागढ़ा के पास से 16 पीस बरगद बोटा सहित एक ट्रेक्टर सं0-अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई नर्सरी परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 15.03.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
-सह- वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR 347520 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D

### सीएम हेमंत ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश को दी जन्मदिन की बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। मरांग बुरु आपको हमेशा उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

# हेमंत सरकार में जवाबदेही का अभाव : सुदेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि हेमंत सरकार में जनता के प्रति जवाबदेही और संवेदना का अभाव स्पष्ट दिख रहा है। विधानसभा में विधायकों द्वारा उठाए जा रहे विषयों के प्रति सरकार के मंत्रियों का रवैया टालमटोल का दिखता है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी सरकार के बजट की प्रतिक्षा कर रही है ताकि यह पता चल सके कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार अपने वायदों को लेकर गंभीर है या नहीं? वे शनिवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिला प्रभारियों की बैठक में बोल रहे थे।

**आजसू पार्टी झारखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध :** सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड की अस्मिता, पहचान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन को मजबूत करने के लिए जिले, प्रखंड और गांव तक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी और इस संगठन विस्तार के अभियान को कालबद्ध एवं योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। सुदेश ने कहा कि प्रत्येक गांव में ग्राम कमेटी का गठन किया जाएगा।

बैठक में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने और संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के लिए महिला प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई। इसके अलावा, सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष रणनीति पर भी चर्चा की गई। डिजिटल प्रचार और जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया टीम का गठन किया जायेगा, जो पार्टी की विचारधारा और नीतियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का कार्य करेगी।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, रामलखन प्रसाद, आशुतोष तिवारी, ओम भारती, दिलीप साहू, राजकिशोर कुशवाहा, विश्वनाथ भगत, अरविंद यादव, मुनिया उरांव, अभिषेक राज हेरेंज, हाकिम अंसारी, रमेश भगत, दीपक महतो, गोपीनाथ सिंह, डॉ पार्थ परितोष, प्रत्यूष प्रशांत, आशुतोष तिवारी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड में कांग्रेस सशक्तिकरण की कवायद तेज, छह मार्च को पांच दिवसीय दौरे पर दोबारा आ रहे हैं प्रभारी के. राजू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गठबंधन सरकार में शामिल होने के बावजूद झारखंड में कांग्रेस को मजबूत जनाधार वाली पार्टी बनाने के लिए कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व गंभीर है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के प्रभारी बनने के बाद एक पखवाड़े के अंदर नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस प्रभारी को दूसरी बार झारखंड का दौरा करना पर रहा है। प्रदेश प्रभारी पहले दौर में 21 फरवरी से 25 फरवरी तक पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर थे और फिर एक बार 6 मार्च को पांच दिनी झारखंड दौरे पर आ रहे हैं।



अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू दूसरी बार पांच दिवसीय झारखंड दौरे की जानकारी देते हुए कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि 6 मार्च को रांची पहुंचने के बाद प्रदेश प्रभारी सड़क मार्ग से पलामू के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां दोपहर बाद 1 बजे से पलामू, लातेहार और गढ़वा जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्षों, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे।

के. राजू उसी दिन शाम 5 बजे पलामू से लातेहार के लिए रवाना होंगे, उनका रात्रि विश्राम लातेहार में होगा। 7 मार्च को लातेहार से बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां 11बजे बोकारो जिला कांग्रेस कार्यालय में बोकारो, धनबाद व गिरिडीह के जिला, प्रखंड एवं मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे।

**महिला दिवस पर 8 मार्च को मांडर में कार्यक्रम :** राकेश सिन्हा ने बताया कि 8 मार्च को महिला दिवस पर रांची जिले के मांडर में आयोजित प्रगतिशील महिला किसान सम्मान समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद के. राजू फिर से बोकारो के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां रात्रि विश्राम के बाद 9 मार्च को वह गोड्डा जाएंगे। वहां पर गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज के जिला प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ प्रभारी की यहां बैठक होगी। 10 मार्च को वो देवघर जिला कांग्रेस मुख्याल में पूर्वाह्न 09 बजे से देवघर, जामताड़ा, दुमका के जिला, प्रखंड, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। वहीं से वो दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### कोयला प्रेषण 5.50% बढ़कर 929.41 मिलियन टन हुआ

**रांची।** फरवरी, 2025 तक कोयला उत्पादन और प्रेषण दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है। संचयी कोयला उत्पादन 928.95 मिलियन टन तक पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में 878.55 एमटी की तुलना में 5.73% की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह, संचयी कोयला प्रेषण बढ़कर 929.41 एमटी हो गया है। फरवरी, 2025 तक कैप्टिव और अन्य संस्थाओं से कोयला उत्पादन 173.58 मिलियन टन रहा, जो पिछले वर्ष से 30.16% अधिक है। इसी प्रकार, कैप्टिव और अन्य संस्थाओं से कोयला प्रेषण फरवरी, 2025 तक 178.02 एमटी तक पहुंच गया। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में 134.96 एमटी से 31.90% वृद्धि को दर्शाता है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जेएन टाटा की 186 वीं जयंती के अवसर पर शहर को टाटा स्टील कंपनी और उसकी सहयोगी कंपनियों ने दुल्हन की तरह सजाया है। इसी क्रम में लोकप्रिय कदमा-सोनारी लिंक रोड में विद्युत सज्जा का आकर्षक दृश्य।

# सूर्यधाम के महाभंडारा में 15,000 लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

## सफल आयोजन के लिए स्वयंसेवकों और नागरिकों को बधाई : रघुवर दास

- महाभंडारा के साथ हुआ नौ दिवसीय अनुष्ठान का समापन
- दिन भर डंटे रहे सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास
- 20 काउंटर पर महाप्रसाद तो 10 काउंटर पर की गयी थी पानी की व्यवस्था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना की पंचम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा एवं नौ दिवसीय अनुष्ठान का भव्य समापन शनिवार को विशाल महाभंडारे के साथ हुआ। इस पावन अवसर पर 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया। सूर्यमंदिर परिसर के शंख मैदान एवं परिसर में प्रसाद वितरण के लिए 20 काउंटर एवं शीतल पेय जल के लिए 10 काउंटर लगाये गये थे। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए एवं सुचारू रूप से प्रसाद वितरण के लिए मंदिर समिति ने विशेष व्यवस्थाएं कीं, जिसके लिए महिलाएं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग स्थानों पर प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे से देर शाम तक चले इस भंडारे में श्रद्धालुओं को खिचड़ी, सब्जी, चटनी एवं खीर का महाभोग परोसा गया। मंदिर समिति की ओर से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रसाद वितरण के लिए कागज के ग्लास व प्लेट की व्यवस्था की गई थी। वहीं, भंडारे के दौरान सामाजिक समरसता की अनुपम झलक देखने को मिली। संत निरंकारी मंडल एवं राधा स्वामी तरण तारण के दर्जनों सदस्य भी सेवा में जुटे रहे और प्रसाद वितरण में सहयोग दिया। इस दौरान महिला एवं पुरुष स्वयंसेवकों ने पूरे समर्पण भाव से श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा। इस सेवा और सहयोग के लिए सूर्य मंदिर समिति ने उनका आभार व्यक्त किया। इस पूरे आयोजन के दौरान सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व्यवस्थाओं की देखरेख में दिनभर लगे रहे। उन्होंने विभिन्न काउंटरों पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया और श्रद्धालुओं एवं सूर्यधाम स्वयंसेवकों से मिलते रहे। समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त



महाभंडारा में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद परोसते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व अन्य।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि श्रीराम कथा एवं नौ दिवसीय अनुष्ठान का समापन महाभंडारे के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी थी, जिसे जमशेदपुर की जनता के अतुलनीय सहयोग और प्रभु श्रीराम की कृपा से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं, महिलाओं, युवाओं एवं भक्तगणों का आभार प्रकट किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन भव्य एवं ऐतिहासिक बना। कहा कि नौ दिनों के इस अनुष्ठान में सूर्यधाम आए हर भक्त के चेहरे पर संतोष और श्रद्धा की जो झलक थी, वही हमारी सफलता और प्रेरणा है। समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह एवं वरिष्ठ सदस्यगण व अन्य पदाधिकारी भी आयोजन के सफल संचालन में सक्रिय रहे।

## स्वदेशी जागरण मंच झारखंड प्रांतीय परिषद की बैठक संपन्न

# पहले खुद स्वदेशी अपनायें, तब दूसरों को करें प्रेरित : सतीश कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को स्वदेशी जागरण मंच झारखंड प्रांत की प्रांतीय परिषद की बैठक तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में हुई, जिसमें राज्य के 24 जिलों से 54 दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस बैठक में प्रत्येक जिले के संयोजक, विभाग स्तरीय कार्यकर्ता एवं प्रान्त के दायित्व वाले कार्यकर्ता जन अपेक्षित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्जन कर हुआ।



स्वदेशी जागरण मंच के कार्यक्रम में उपस्थित

बैठक में कार्यकर्ताओं का कौशल विकास, उनके अंदर देशप्रेम एवं संगठन के प्रति समर्पण भाव कैसे बढ़े, स्वदेशी मेला, स्वावलंबी भारत अभियान, भारत की टोटल फर्टिलिटी रेट में गिरावट और संगठनात्मक विषय पर चर्चा की गयी। बैठक के मुख्य मार्गदर्शक मंच के अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में कार्यकर्ता का कौशल विकास तब संभव है जब वो प्रवास करे, अपने विचारों को समझें और समझाने की कला सीखें और उनका संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक दिन एकांत चिंतन करें। उन्होंने कहा कि देश के हरेक नागरिक का अधिकार है गुणवत्तापूर्ण जीवन जो केवल गुणवत्तापूर्ण रोजगार से आयेगी। और गुणवत्तापूर्ण रोजगार का एक ही माध्यम है उद्यमिता। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता स्वदेशी विचारों का प्रचार-प्रसार अपने घर से करें तभी जा कर समाज भी आपकी बातों का अनुशरण करेगा। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती के लिए समूह में युवा, महिला एवं बुजुर्ग की उपस्थिति को महत्वपूर्ण बतलाया। उन्होंने स्वदेशी विचारों का प्रमुख प्रचार के माध्यम में स्वदेशी मेले को रखा। देश भर में कुल 144 मेलों में आये लगभग 48 लाख जनता ने अपने विचारों को समर्थन दिया। उन्होंने युवाओं को उद्यमिता अपनाने हेतु और मार्गदर्शन करने हेतु झारखंड के प्रत्येक जिलों में चल रहे स्वावलंबन केंद्र को और सक्रिय बनाने की बात कही।

## स्पीड न्यूज

### एक ही रात दो घरों में ₹3.5 लाख की चोरी

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा में अपराधी बेलगाम हो गये हैं व पुलिस का खौफ खत्म होता जा रहा है। चोरों के हौसले का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चोर गैस कटर लेकर घूम-घूम कर घटना की अंजाम दे रहे हैं। बीती रात दो घरों में घुसकर चोरों ने उत्पात मचाया। चोरों ने पहले जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के राखा माइंस रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क किनारे यूसिल कंपनी के पूर्व महामंत्री प्रदीप भगत की राशन दुकान को निशाना बनाया। दूसरी घटना महज आधा किमी दूर घटी जहां चोरों ने गैस कटर के सहारे यूसिल की तूरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट से सेवानिवृत नारायण भगत (बिजली विभाग) के आवास का खिड़की को रड से काट कर अंदर घुसे व अलमीरा का ताला तोड़कर जेवरात समेत कीमती सामानों पर हाथ फेर चलते बने।

### जेएन टाटा की स्मृति में नेत्र ज्योति महायज्ञ शुरू



**जमशेदपुर।** टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नौसेरवान जी महान उद्योगपति के साथ एक ऐसे महान विचारक रहे, जिन्होंने उद्योग की समग्रता को परिभाषित किया। बताया कि समाज उसका अभिन्न अंग है, किसी उद्योग का विकास सिर्फ उत्पादकता में नहीं बल्कि उसके साथ समाज के गुणवत्तापूर्ण विकास में निहित है। ये बातें आज टाटा समूह की कंपनियों के लिए अनमोल है, जिन्हें पूरा करने के लिए हमेशा समूह की कंपनियां तत्पर रहती है। उक्त विचार बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में जमशेदजी नौसेरवान जी टाटा की 186वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित नेत्र ज्योति महायज्ञ के उद्घाटन के अवसर पर टाटा स्टील समूह की कंपनी जेमीपोल के प्रबंध निदेशक पीके घोष ने व्यक्त किया। श्री घोष ने कंपनी सचिव कृति खेमका व रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह के साथ मिलकर पेशेन्ट वार्ड का फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। रेड क्रॉस के मानद सचिव विजय सिंह ने जेमीपोल के पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। प्रत्येक वर्ष जेएन टाटा की जयंती पर नेत्र शिविर जेमीपोल के संयोजन में लगता है। 132 रोगियों की जांच टीएमएच की डॉ राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी ने 52 का चयन ऑपरेशन के लिए किया।

### मानगो के दोनों पुलों पर आवागमन शुरू

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि मानगो के दोनों पुलों पर आवागमन शुरू हो गया है। मानगो छोटा पुल पर से यातायात बंद होने के कारण हो रहे ट्रैफिक जाम की समस्या की जानकारी मिलने पर शनिवार की सुबह उन्होंने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात की और उन्हें बताया कि फ्लाई ओवर निर्माण के नाम पर इस पुल से यातायात का आवागमन रोकना व्यावहारिक नहीं है।

## सोनुआ से भटक कर तेलंगाना पहुंची सुनीता पूर्ति को रेडक्रॉस ने घर पहुंचाया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** तेलंगाना, जनगांव जिला में भटक कर पहुंची सुनीता पूर्ति अब अपने परिवार के बीच गांव रेंगारबेड़ा, सोनुआ, पश्चिमी सिंहभूम पहुंच गयी। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम का एक जनजातीय महिला को परिवार से मिलाने का यह अभियान सफलता पूर्वक एक सुखद अनुभूति के साथ सम्पन्न हो गया।

ज्ञातव्य हो कि तेलांगना जनगांव, वनस्टॉप सेन्टर में रेस्क्यू कर लायी गयी सुनीता पूर्ति के लिए के वहां के समाज कल्याण अधिकारी द्वारा, रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम विजय कुमार सिंह को किये गये एक फोन ने इस अभियान को एक सही राह दिखाया। ज्ञातव्य हो कि तेलांगना में ही एक वर्ष पूर्व भटककर पहुंची एक जनजातीय महिला और उसके बच्चे के लिए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने अभियान चलाकर उसे घर पहुंचने में मदद की थी।

## आरबीआई कार्यालय पहुंच या सुरक्षित डाक से जमा कर सकते हैं 2000 के नोट

- मुद्रा संबंधित मामलों पर भारतीय रिजर्व बैंक, पटना द्वारा टाउन हॉल बैठक संपन्न
- एक रुपये और दो रुपये का सिक्का वैध मुद्रा, आदान-प्रदान करें लोग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 1 मार्च 2025 को मुद्रा संबंधी मामलों पर जमशेदपुर में एक टाउनहॉल बैठक आयोजित कर वित्तीय जागरूकता और जनसंपर्क को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस बैठक की अध्यक्षता सुजीत कुमार अरविंद, क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई पटना ने की। इस अवसर पर विनिता टोपनो, महाप्रबंधक, आरबीआई पटना, मनोज कुमार, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया; संजीव नाथ, उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक; ए. पी. दास, उप महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया; और आर. सी. गोयल, क्षेत्रीय प्रमुख, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में अन्य बैंकों के विभिन्न अधिकारियों के साथ और आम जनता ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे मुद्रा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर खुली चर्चा के लिए एक मंच मिला।



बैठक को संबोधित करते आरबीआई के अधिकारी।

## एक नजर में

### जिलास्तरीय सम्मेलन में चांडिल मुखिया सम्मानित



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन में चांडिल पंचायत के मुखिया मनोहर सिंह सरदार को सम्मानित किया गया। मनोहर को शिक्षा के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। मालूम हो कि मनोहर सिंह निस्वार्थ भाव से अभी भी बच्चों पढ़ाने का कार्य करते है।

### आईटीसी बिंगो टेढ़े मेढ़े का भोजपुरी म्यूजिक वीडियो लॉन्च




**जमशेदपुर।** आईटीसी का लोकप्रिय स्नैकिंग ब्रांड, बिंगो टेढ़े मेढ़े ने सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के साथ बनाए गए धमाकेदार भोजपुरी म्यूजिक वीडियो ह्यटेढ़े मेढ़ेह्य के लॉन्च के साथ अपने क्षेत्रीय जुड़ाव को और गहरा कर रहा है। आईटीसी फूड्स में नूडल्स और पास्ता के वाइस-प्रेजिडेंट और हेड ऑफ मार्केटिंग स्नैक्स, सुरेश चंद ने कहा कि अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो के लॉन्च के साथ, ब्रांड का लक्ष्य बिहार और उत्तर प्रदेश की अद्भुत संस्कृति और युवाओं के हौंसले का जश्न मनाते हुए अपने मजबूत क्षेत्रीय जुड़ाव को और भी मजबूत करना है।

### मायुमं स्टील सिटी शाखा ने टाटानगर रेलवे स्टेशन पर लगाया स्थायी अमृतधारा



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा ने समाज सेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मंच का 47वां एवं सत्र 2024-25 का 10वां स्थायी अमृतधारा टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर लोकार्पित किया। इस पहल को स्व बैद्यनाथ चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट, पश्चिम बंगाल एवं पूर्वी जिला अग्रवाल सम्मेलन के सौजन्य से संपन्न किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सचिव आलोक अग्रवाल, मनीष चौधरी, लिप्पू शर्मा, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी) और राहुल चौधरी आदि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अमृतधारा लगाने का उद्देश्य यात्रियों और आमजन को शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की सुविधा प्रदान करना है, जिससे खासतौर पर गर्मी के दिनों में यात्रियों को राहत मिलेगी। यह समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मंच की जनकल्याणकारी सोच को दशार्ता है। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा समाजसेवा के कार्यों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है और भविष्य में भी इसी तरह जरूरतमंदों के लिए सेवा कार्य करती रहेगी।

### जेएन टाटा की स्मृति में कई ने किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** जमशेदजी नौसेरवान की जयंती जमशेदपुर के लिए एक उत्सव की तरह है और यहां रहने वाले नागरिक उनके प्रति अपनी श्रद्धाभाव रखते हैं, रेड क्रॉस से जुड़े सभी एसडीपी डोनर्स ने मार्च महीने के सभी एसडीपी डोनेशन को जेएन टाटा की जयंती पर अपने श्रद्धासुमन के रूप में अर्पित करने का भाव दिखाया है, जिस क्रम में टाटा स्टील कर्मी सौमेन्द्र बस्तिया ने अपना 17वां एसडीपी डोनेशन महान टाटा की जयंती पर समर्पित कर मानवता की सेवा की। इसी क्रम में रेड क्रॉस कार्यकर्ताओं में टाटा स्टील के अंकुश कुमार ने अपना 23वां, टाटा स्टील के ही अनुराग मिश्रा ने अपना 14वां, सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता प्रीतिश जैन ने अपना 14वां, टाटा स्टील यूनियन कमिटी मेम्बर दिनेश कुमार सिंह ने अपना 17वां एसडीपी डोनेशन कर पीड़ित मानवता की सेवा की। रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह एवं रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह एसडीपी डोनर्स का आभार जताया है। मानद सचिव श्री सिंह ने कहा कि आने वाले गर्मी के समय में रक्त की चुनौतियां रहेंगी, जिसे रक्तदान व रक्तदाताओं के जागरुकता से ही सामना किया जा सकेगा।

### मंगल कालिंदी ने कराया गोविंदपुर अन्ना चौक से गिट्टी मशीन तक रोड लाइट अधिष्ठान



**जमशेदपुर।** बढ़ती दुर्घटना को देखते हुए गोविंदपुर अन्ना चौक से रामपुर गिट्टीमशीन तक रोड लाइट अधिष्ठान कार्य जिला परिषद के प्रयास से हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक मंगल कालिंदी एवं जिला परिषद डॉ परितोष के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। अन्ना चौक से एन एच 33 तक एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की मांग को विधान सभा में उठाने के लिए स्थानीय जनों द्वारा मंगल कालिंदी जी का स्थानीय जनों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि गोविंदपुर अन्ना चौक से लेकर रामपुर गिट्टी मशीन तक हमेशा दुर्घटना होते रहता है, कुछ दिन पहले भी दो व्यक्तियों का दुर्घटना में देहांत हो गया। इसे देखते हुए रोड लाइट लगाया गया। आने वाले दिनों में विभिन्न जगहों पर रोड लाइट लगाया जाएगा। जिला परिषद डॉ परितोष ने कहा कि अन्ना चौक से गिट्टी मशीन तक बिजली पोल और तार नहीं रहने के कारण वहां घना अंधेरा रहता था। बिजली विभाग के सहयोग से पोल और तार लगाया गया, जिसमें आज लाइट लगा कर जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी की गयी। मौके पर रामनवमी सिंह, अशोक सिंह, श्याम किशोर सिंह, प्रकाश दुबे, राजबान सिंह, राजू पात्रों, अरविंद साहू, मनोज गुप्ता, सत्यजीत बनर्जी, संजय सिंह, अरविंद सिंह, ऐश नंदन सिंह, निकेश सिंह, मृत्युंजय महतो, सुमन सिंह,प्रशांत चौधरी, उज्ज्वल कुमार, बालाजी भगत, विजय कुमार, दिवाकर सिंह, बीरबल सोय, राहुल पात्रों, गोविन्द जोरा, अमित कालिंदी, आर्यन पूर्ति, सरिता कालुंडिया, लक्ष्मी नाग, आरती सोरेन सहित भारी संख्या में बस्ती वासी उपस्थित थे।

## आदिवासियों का बाहा बोंगा महोत्सव चार से

- सर्वप्रथम गिरीडीह के पारसनाथ में बाहा बोंगा महोत्सव आज से
- करनडीह और सुरदा क्रासिंग में दिशोम बाहा 9 मार्च को

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर से सटे आदिवासी बहुल इलाकों में इस बार बाहा महोत्सव की शुरूआत फागुन माह के पांचवें दिन यानि 4 मार्च से शुरू होगी और लगातार पूर्णिमा तक चलेगी। पहले दिन उम नाड़का के साथ इस महोत्सव की शुरुआत होगी। इसके बाद दूसरे दिन बाहा बोंगा और तीसरे दिन बाहा सेंदरा के रूप में मनाया जायेगा। अलग-अलग इलाकों व गांव के लोग अपनी सुविधानुसार बाहा बोंगा की तिथि तय करते हैं। सारजमदा निदिरटोला के नायके बाबा यानी पुजारी पलटन हेंब्रम ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष महिला एवं पुरुष पारंपरिक परिधान में जाहेरथान में आकर अपना माथा देखते हैं और मारांगबुरू जाहेर आयो का आशीर्वाद लेते हैं। इसके बाद प्रसाद के रूप में खिचड़ी यानि सोड़े का ग्रहण किया जाता है। इस दौरान पुरुष साल के फूलों को अपने कानों पर लगाते हैं और महिलाएं इस फूल को अपनी जुड़ों पर सजाती है। तीसरे दिन बाहा सेंदरा के साथ-साथ एक दूसरे पर सादे पानी डालकर होली खेली जाती है।

## प्रेम ज्योति प्रांगण स्कूल के भव्य नये भवन का निर्माण

- टाटा स्टील ने संस्थापक दिवस पर दिया उपहार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शिक्षा के माध्यम से समाज के वंचित वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में टाटा स्टील ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। टाटा स्टील ने प्रेम ज्योति प्रांगण स्कूल के लिए एक आधुनिक भवन का निर्माण किया है, जो पहले जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संचालित होता था। नॉर्दर्न टाउन में पुराने बीएसएनएल कार्यालय के पास स्थित यह स्कूल 1.2 एकड़ भूमि पर निर्मित है, जिसमें दो मंजिला भवन लगभग 17,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है। इसमें 13 स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक विज्ञान और कंप्यूटर लैब, तथा एक पुस्तकालय शामिल हैं। नये परिसर में हरियाली, खेल मैदान और पर्याप्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है, जिससे 600 छात्रों के लिए एक खुले और अनुकूल शैक्षिक माहौल की व्यवस्था की गयी है।



## पेट क्रिमेटोरियम का उद्घाटन, अब पालतू पशुओं की भी सम्मानजनक अंत्येष्टि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर का पहला पेट क्रिमेटोरियम आज, 1 मार्च 2025, को केनेल क्लब, जुबली पार्क के पास उद्घाटित किया गया। टाटा स्टील द्वारा वित्तपोषित इस सुविधा का उद्देश्य पालतू जानवरों को सम्मानजनक और पर्यावरण के अनुकूल अंतिम विदाई देने का एक विकल्प प्रदान करना है। उद्घाटन में टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी और रुचि नरेंद्रन शामिल हुए। पहले, शहर में पालतू जानवरों के अंतिम संस्कार के लिए उचित साधन उपलब्ध नहीं थे, जिससे लोग असुविधा महसूस करते थे। यह नया क्रिमेटोरियम एक पर्यावरण-सम्मत और सम्मानजनक विकल्प प्रदान करता है, जिससे पशु प्रेमियों को उनके प्यारे पालतू जानवरों को सही तरीके से विदाई देने में मदद मिलेगी। यह पहल जमशेदपुर के लिए सतत विकास और सामुदायिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बन सकता है। जमशेदपुर में पालतू जानवरों के लिए समर्पित शवदाह गृह की स्थापना की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। शहर में पालतू कुत्तों की संख्या में वृद्धि के साथ, उनके निधन के बाद सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए उचित व्यवस्था का अभाव था। पारंपरिक रूप से, पालतू जानवरों को नदी किनारे या खुले स्थानों में दफनाया जाता था, जिससे पर्यावरणीय समस्याएं आती थीं।






पेट क्रिमेटोरियम का दृश्य और क्रिमेटोरियम का उद्घाटन करते चाणक्य चौधरी, श्रीमती रुचि नरेंद्रन व अन्य पदाधिकारी।

**विरोध के चलते पार्वती घाट में नहीं बना था पेट क्रिमेटोरियम :** इससे पहले, 2016 में जमशेदपुर के पार्वती घाट में कुत्तों के लिए एक शवदाह गृह स्थापित करने का प्रयास हुआ था, लेकिन स्थानीय विरोध और प्रशासनिक अड़चनों के कारण यह परियोजना पूरी नहीं हो सकी।

**झारखंड में जमशेदपुर को फिर मिली विशिष्ट पहचान :** नया पालतू शवदाह गृह जुबली पार्क के पास केनेल क्लब के समीप स्थित है, जिससे शहर के पालतू प्रेमियों को अब अपने पालतू पशुओं को सम्मानजनक अंतिम विदाई देने में सुविधा होगी। यह पहल न केवल पालतू जानवरों के प्रति सम्मान दर्शाती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके सफल कार्यान्वयन से जमशेदपुर में पालतू जानवरों के अंतिम संस्कार के लिए एक स्थायी और सम्मानजनक समाधान उपलब्ध हुआ है।

## स्पीड न्यूज

### पदमा में राष्ट्रीय नाई महासभा की बैठक



**पांकी पलामू।** मनातू थाना के पदमा सूर्य मंदिर प्रांगण में शनिवार को राष्ट्रीय नाई महासभा ने बैठक की। अध्यक्षता ब्रह्मदेव ठाकुर जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष विजय ठाकुर ने किया। बैठक में समाज की त्रुटियां पर विचार किया गया। इसमें शैक्षणिक पर जोर और राजनीतिक सामाजिक स्तर पर विचार किये गये। इस दौरान नाई संघ युवा कमेटी भी गठित की गयी, जिसमें श्रवण ठाकुर प्रखंड अध्यक्ष, सचिव अभिषेक ठाकुर, कोषाध्यक्ष कमेश ठाकुर, उपाध्यक्ष धीरज ठाकुर, उपसचिव चंदन ठाकुर, उपकोषाध्यक्ष गुड्डू कुमार ठाकुर को बनाया गया।

### हुसैनाबाद में 45 का लेंस प्रत्यारोपण



**हुसैनाबाद पलामू।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट ने हुसैनाबाद स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे नि:शुल्क नेत्र शिविर में अबतक 1100 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया गया है। शनिवार को 45 मोतियाबिंद मरीजों की आंखों का लेंस प्रत्यारोपण किया गया। राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के निदेशक डॉ अखिलेश गुप्ता ने बताया कि मोतियाबिंद के 150 मरीजों के आंखों की जांच में से 45 को नेत्र चिकित्सक डॉ धीरज और विवेकानंद ने आईएलओ विधि से लेंस प्रत्यारोपण किया। रविवार को सभी को दवा और चश्मा दिया जायेगा। मौके पर जय प्रकाश सिंह उर्फ बच्चा, सुनील कुमार, परशु कुमार, सुषमा कुमारी, बसंती कुमारी, सचिन कुमार, काजल, रागिनी, दयानंद कुमार मौजूद थे।

### जनता शिवरात्रि कॉलेज के सेवानिवृत्त तीन शिक्षकों को दी गयी विदाई



**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि कॉलेज के तीन शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर कॉलेज परिवार ने प्राचार्य कक्ष में विदाई दी। मौके पर प्राचार्य डॉ (कैप्टन) एसके पांडेय, वरीय शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सम्मान समारोह कर इतिहास विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ एके पांडेय, अंग्रेजी शिक्षक डॉ मनोज श्रीवास्तव एवं हिंदी विभाग के शिक्षक डॉ वैद्यनाथ राय को भावभीनी विदाई दी। संचालन करण था ने किया। मौके पर डॉ एके वैद्य, डॉ सुरेश साहू व डॉ एके सेठ ने प्रकाश डाला। प्राचार्य ने तीनों शिक्षकों को माला पहनाकर व शॉल देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके बेदाग सेवा की सराहना की।

### अधिक अंक पाने का दबाव परीक्षार्थियों को कर सकता है प्रभावित: अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** चैनपुर स्थित संत मरियम किड्स स्कूल में वार्षिक परीक्षा चल रही है। इस दौरान स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी वर्गों का निरीक्षण एवं बच्चों से मिलकर तनाव मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा लिखने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा के प्रश्न पत्र से बच्चों के कौशल, बुद्धिमत्ता व संपूर्ण व्यक्तित्व की पहचान नहीं है। यह एक सीढी.है जो जीवन में ऊंचाई तक ले जाने का प्रबंध है। इसलिए अधिक अंक पाने के लिए आप पर अभिभावकों–शिक्षकों का दबाव है, तो वह दबाव आपके हित में नहीं है। तनाव आपको प्रभावित कर सकता है। निदेशक आनंद कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अल्प अवधि में ही अपनी लगन और मेहनत से संत मरियम के इस शाखा को ऊंचाई तक पहुंचाया है।

### कांकेकला बाजार क्षेत्र से ट्रैक्टर मिला



**पाटन पलामू।** कांके कला ग्राम के बाजार क्षेत्र से लावारिस ट्रैक्टर पाया गया है। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर (बीआर 26 जीए 2406) औरंगाबाद देव के रंजीत कुमार का है। रंजीत इंट भट्ठे का मालिक है। ट्रैक्टर तीन दिन से कांके कला के बाजार क्षेत्र में लावारिस खड़ी थी। जब शनिवार को देव के रंजीत लोकेशन पर पता कर कांके कला पहुंचे तो ट्रैक्टर पाया। इसकी सूचना पाटन पुलिस को दी। पाटन पुलिस ट्रैक्टर जब्त कर थाना ले आयी, जहां रंजीत ने ड्राइवर जितेंद्र कुमार पर ट्रैक्टर चोरी का मामला दर्ज कराया है। ट्रैक्टर चोरी के मामले में पाटन पुलिस ने कांके कला के चतुर्गुण महतो एवं जयराम महतो सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर थाना ले आयी है तथा मामले की पूछताछ कर रही है। ट्रैक्टर चोरी के आरोपी जितेंद्र कुमार का मामा हैं।

### अवैध माइनिंग का संचालन निर्बाध रूप से फल फूल रहा : राकेश सिंह



**मेदिनीनगर।** जनता मजदूर संघ पलामू प्रमंडलीय संयोजक राकेश सिंह के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल पलामू जिले के आशेहार स्थित सौरभ स्टोन माइंस का हाल जाना। इस दौरान पाया जिला प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिले में अवैध माइनिंग पर रोक लगायी गयी है परंतु ऐसा नहीं है। माइंस देखने के बाद प्रतीत होता है कि जिले में निरंतर अवैध माइनिंग फल फूल रहा है। जहां माइनिंग एक्ट, सेफ्टी एक्ट, प्रदूषण एक्ट, एवं फॉरेस्ट एक्ट का घोर उल्लंघन है जो धरती के गर्भ में छुपे खनिज संपदा का अवैध दोहन हो रहा है जो खतरे से खाली नहीं है। जिसमें प्रधान महासचिव विवेक कुमार सिंह, रामचंद्र राम, सहदेव सिंह, विजय पांडेय व अन्य शामिल थे।

### माफियाओं ने जांच करने से रोका

**मेदिनीनगर।** खनन माफियाओं ने आईएफएस अधिकारी को स्टोन माइंस की जांच करने से रोक दिया है। माफिया रोड पर हाइवा खड़ा कर जाम लगा दिये थे। दरअसल, पलामू के छत्तरपुर रेंजर प्रशिक्षु आईएफएस नवनीत कुमार हैं। नवनीत कुमार, दंडाधिकारी एवं पुलिस की एक टीम अवैध माइनिंग के खिलाफ कार्रवाई के लिए छतरपुर में जांच कर रही थी। इस दौरान 12 स्टोन क्रशरों की जांच हो गयी, जबकि तीन से चार स्टोन क्रशर की जांच बाकी थी। जांच के दौरान सभी स्टोन क्रशरों में अनियमितता पकड़ी गयी थी। आईएफएस के नेतृत्व में जांच टीम जैसे ही आगे बढ़ी छतरपुर के बरडीहा के इलाके में रोड पर पांच हाइवा को लगातार खड़ा कर दिया गया था। ताकि जांच टीम आगे नहीं बढ़ सके।

# अग्रणी छात्रों को सदैव सम्मानित करता रहेगा विद्यालय प्रबंधन : डॉ सिम्मी मेहता

## माता शबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन

- गुणात्मक शिक्षा को ले दृढ़ संकल्पित है ऑक्सफोर्ड स्कूल : प्राचार्य डॉ एके सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता







दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते सचिव, शैक्षणिक निदेशक, प्राचार्य, सम्मानित होते अग्रणी विद्यार्थी और कार्यक्रम में उपस्थित ऑक्सफोर्ड के बच्चे।

**मेदिनीनगर /चैनपुर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ऑक्सफोर्ड विद्यालय सचिव किरण मेहता एवं शैक्षणिक निदेशक डॉ सिमी मेहता का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया। मुख्य अतिथियों तथा प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के छात्राओं ने गणेश वंदना के साथ मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद प्राचार्य डॉ एके सिंह ने गत सत्र में बच्चों के उल्लेखनीय सफलताओं का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य है कि हमारे बच्चे मेधावी सूची में स्थान बनाने के अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी साथ-साथ करते रहें। विद्यालय गुणात्मक शिक्षा हेतु दृढ़ संकल्पित है। अनुशासन, शैक्षिक वातावरण एवं संस्कार युक्त शिक्षा ही हम सबका मुख्य उद्देश्य है। माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार के अंतर्गत 441 शिक्षार्थियों को 1001/- रुपये का चेक तथा प्रशस्ति पत्र मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं अन्य अतिथियों ने प्रदान किया।

मौके पर मुख्य अतिथि सिमी मेहता द्वारा सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देकर उच्च शिखर पर पहुंचने की कामना की गयी। उन्होंने कहा कि ऑक्सफोर्ड विद्यालय, झारखंड का एकमात्र विद्यालय है जो प्रतिवर्ष मेधावी पुरस्कार समारोह आयोजित कर चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करता है। मैं आशा करता हूं कि हमारे विद्यालय के अधिकाधिक छात्र इस मुकाम को हासिल करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ऐसे अग्रणी छात्रों को सदैव सम्मानित करता रहेगा, यह विद्यालय प्रबंधन के लिए गौरव का विषय होगा। आगामी समय में हमारा विद्यालय झारखंड में विशिष्ट स्थान प्राप्त करेगा। तत्पश्चात विद्यालय सचिव ने कहा कि लगन, मेहनत और एकाग्रता से पढ़ाई कर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त करें। नैतिक शिक्षा के द्वारा बच्चों में गुणवत्ता आ सकती है। इसके लिए विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक संयुक्त रुप से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इस अवसर पर मंच संचालन शिक्षिका शिवांगी आनंद एवं मीनू सिंह के द्वारा सफलता पूर्वक किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय शिक्षिका शिल्पी गुप्ता द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

- 441 शिक्षार्थियों को 1001/- रुपये का चेक तथा प्रशस्ति पत्र दिया गया

### नगर आयुक्त ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक, कहा

# एमएमसीएच के प्रबंधन व बेहतर संचालन को कार्यों में लायें गति

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित नगर आयुक्त व उपस्थित अन्य पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) के प्रबंधन व बेहतर संचालन हेतु उपायुक्त शशि रंजन द्वारा निर्देशित कार्यों की गति व निष्पादन को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बैठक हुई। मेदिनीनगर नगर निगम के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में नगर आयुक्त ने अस्पताल के बेहतर संचालन को लेकर किये जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने एमटीसी को सिफ्ट किये जाने संबंधित निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल के जर्जर भवन को धवस्त करने की कार्रवाई करने, कैदी वार्ड के लिए चिन्हित स्थान को निरीक्षण कर भौतिक जानकारी प्राप्त करते हुए अवगत कराने को कहा। नगर आयुक्त ने सदर एसडीओ एवं एसडीपीओ को चिन्हित स्थल का निरीक्षण कर अवगत कराने को कहा। उन्होंने 7 दिनों के अंदर भवन एवं बिजली से संबंधित कार्यो को पूर्ण कराने को कहा।

**कार्यक्रम की प्रमुख बातें**

बिजली विभाग के अभियंता को आवश्यकतानुसार बिजली पोल को सिफ्ट करने तथा आवश्यकतानुसार पेड़ की छंटाई की जरूरत पर उसकी सूची तैयार कर वन प्रमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के अभियंता महेन्द्र राम, अस्पताल अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद एसडीएम ने जेएनवी 2 का किया औचक निरीक्षण, बोले

# शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करें प्राचार्य

- छात्र-छात्राओं से वार्ता के दौरान उन्हें बेहतर मेहनत करने की प्रेरणा दी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमण्डल पदाधिकारी गौरांग महतो ने लंगरकोट मुरली पहाड़ी स्थिति जवाहर नवोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जेएनवी 2 विद्यालय में एसडीएम को अचानक प्रवेश करते ही शिक्षकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान एसडीएम ने बारी-बारी से विद्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य अशहर रूमी से आवश्यक बिन्दुओ पर जानकारी मांगी और विद्यालय में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



औचक निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते एसडीओ व अन्य।

**खास बातें :** उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्पेशल क्लास में जाकर पठन-पाठन क्रिया का अवलोकन किया एवं छात्रों को जीवन से जुड़ी कई सफलताओं की प्रेरणा भी दिया। इस दौरान एसडीएम के प्रति बच्चों में काफी खुशी देखी गयी और उन लोगो से कई बिंदुओं पर जानकारी ली। जिसमें सबसे प्रमुख पीने की पानी की समस्या आयी, जिस पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्यालय के प्राचार्य को निर्देश दिया। उसके बाद उन्होंने भोजनालय व्यवस्था, छात्रावास में कितने छात्र-छात्राओं की रहने की व्यवस्था हैं। आगे उन्हेंने प्राचार्य रूम, लाइब्रेरी, मेडिकल विभाग निरीक्षण किया, विद्यालय के कई विभागों के विभागाध्यक्ष को बुलाकर कई जानकारी मांगी एवं आवश्यक निर्देश भी दिया। साथ ही सभी विभागों का अवलोकन किया। विदित हो कि शुद्ध पे जल की समस्या संबंधित जानकारी एसडीएम को मिली थी, उन्होंने साफ लहजे में निर्देश दिया कि आप लोगो की जो भी परेशानी है उसे त्वरित समाधान करें बच्चों के पठन- पाठन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। अभी बीते दिनों हुसैनाबाद अनुमंडल कैंप में जिला के उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का आचौक निरीक्षण किया था जिसमे कई कमियां पायी गयी थी। मौके पर प्राचार्य अशहर रूमी, सीनियर टीचर, राणा तब्बसुम, लाइब्रेरी आशमुनि प्रसाद, अस्पताल बीपीएम बिभूती प्रसाद, शिक्षक अभिषेक सिंह, आर के मीणा, आर्ट शिक्षक सुनील वर्मा, शोभा भट्टाचार्य, बड़ा बाबू शकंर कुमार, नीतिन कुमार पाण्डे, सुनील कुमार व कई लोग मौजूद थे।

## दांगी युवा मोर्चा आयोजित करेगा प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता परीक्षा

- दांगी प्रतिभा सम्मान फॉर्म का लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** दांगी युवा मोर्चा पलामू द्वारा आयोजित की जाने वाले दांगी प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आवेदन फॉर्म का लोकार्पण मेदिनीनगर स्थित हनुमान नगर में दांगी युवा मोर्चा कैंप कार्यालय में किया गया। यह परीक्षा दांगी समाज के बच्चों में उच्च शिक्षा और बेहतर कैरियर के प्रति जागरूकता और आकर्षण पैदा करने के लिए की जा रही है। जिले में दांगी समाज के छह से 12वीं तक के प्रतिभावान बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा से चुना जायेगा तथा बच्चों और अभिभावकों को मोर्चा सम्मानित भी करेगा। मोर्चा प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता परीक्षा दांगी बहुल प्रखंडों में 30 मार्च एवं 6 अप्रैल दिन रविवार को कैरियर काउंसलिंग सह गाइडेंस का आयोजन करेगी।

## पूरी तरह फेल है खाद्य आपूर्ति विभाग की डोर स्टेप डिलेवरी : विजय रविदास

- जिला पार्षद ने एमओ पर भ्रष्टाचार का बढ़ावा देने व डीलरों के शोषण का लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास ने प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रणधीर कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एमओ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे हुये हैं। उनके द्वारा डीलरों से उगाही की जा रही है। जो डीलर उनको तय मासिक राशि नहीं दे रहा है, उसका शोषण किया जा रहा है। ताजा मामला घासीदाग पंचायत का है। जहां के डीलर मनजीत राम को बगैर किसी शिकायत के निलंबित कर दिया गया है। श्री रविदास शनिवार को बिश्रामपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डीलर मनजीत राम के खिलाफ न तो किसी कार्डधारी ने कोई शिकायत की थी और न ही किसी पंचायत प्रतिनिधि ने। उनका दोष सिर्फ इतना है कि उन्होंने एमओ को रिश्वत देने से मना कर दिया जिसके बाद उन्हें एमओ ने निलंबित कर दिया। श्री रविदास ने कहा कि बिश्रामपुर में डोर स्टेप डिलेवरी पूरी तरह फेल है। डीलरों को कभी समय से खाद्यान्न नहीं मिलता, जिससे वितरण में विलंब होता है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाने के शंखा गांव के निकट फोरलेन पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार देर शाम की है। पहचान रेहला थाना के घघुआ निवासी केश्वर चौधरी (27) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक केश्वर चौधरी अपनी सास को पांडू थाने के रतनाग गांव पहुंचाकर घर वापस आ रहा था। इसी दौरान शंखा केतात के पास उसकी टक्कर धान कूटने वाली मशीन लेकर जा रही ट्रैक्टर से हो गयी, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे एंबुलेंस से बिश्रामपुर सीएचसी ले जाया जा रहा था, लेकिन इसी बीच उसकी मौत हो गयी।

### पूर्वडीहा पंचायत में 25 से नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के पूर्वडीहा पंचायत में पंचायत स्तरीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। यह टूर्नामेंट 25 मार्च से प्रारंभ हो कर 2 अप्रैल तक चलेगा। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीम हिस्सा ले सकती है जिसमें विजेता टीम को 21000 नगद के साथ ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 11000 नगद के साथ ट्रॉफी दी जायेगी। यह टूर्नामेंट एसआर0007 के द्वारा आयोजित कराई जा रही है। इस टूर्नामेंट में पलामू प्रमंडल के बड़े हस्तियों के शिरकत करने की सूचना है। टूर्नामेंट में शिरकत करने राज्य के बाहर के भी कुछ नेता आ सकते हैं। उक्त जानकारी पूर्वडीहा पंचायत के भावी प्रत्याशी रतन दुबे ने दी।

## लालगढ़ के सेवानिवृत शिक्षक हरिशंकर मिश्रा को दी गयी विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के लालगढ़ पीएमश्री मवि में शनिवार को विदाई समारोह किया गया। जिसमें शिक्षक हरिशंकर मिश्रा को सेवानिवृति के बाद सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी। प्राचार्य विनोद पांडेय की अगुवाई में आयोजित समारोह की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामचंद्र चौधरी ने की। संचालन सीआरपी किशोर कुमार दूबे ने किया। समारोह में अतिथियों ने श्री मिश्रा के बच्चों से लगाव, अभिभावकों से जुड़ाव, विद्यालय के शैक्षणिक व संरचनात्मक प्रगति में अग्रणी भूमिका की सराहना की। सबने अपने तरीके से उनकी विद्वता, स्पष्टवादिता, शिक्षण शैली, सहयोग, एकजुटता की भावना, लीडरशिप व बेदाग सेवा सहित उनके बहुमुखी गुणों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

### पलामू में जोरों पर चलेगा सदस्यता अभियान: मेहता



**मेदिनीनगर।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पलामू जिलाध्यक्ष दिलीप मेहता ने बताया कि पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो जल्द ही पलामू आने वाले हैं। इसलिए पार्टी के तमाम प्रखंड अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष एवं जिला के तमाम पदाधिकारी को तैयार रहने को कहा गया है सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने प्रखंड में सदस्यता अभियान को तेज करें। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पार्टी सुप्रीमो ने विधानसभा में सभी तरह के मामलों को उठाया है।

## राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने सीएम को सौंपा सात सूत्री ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह दुधि उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व विधायक हरिराम चेरो, राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो के नेतृत्व में महासंघ ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सत्र के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय में मुलाकात किया। मौके पर महासंघ ने महापुरुष महाराजा मेदिनी राय की विचारधारा संबंधित सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से आधे घंटे तक विस्तृत चर्चा किया। इसपर मुख्यमंत्री ने ज्ञापन पढ़कर महासंघ को पूर्ण रूप से भरोसा दिलाया कि सभी कार्य अति शीघ्र होंगे। राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के महासंघ के मीडिया प्रभारी हृदया सिंह ने कहा कि महासंघ की सभी मांगें जायज है। मुख्यमंत्री द्वारा मांगें पूरा करने की बात कही गयी है।

### झामुमो की बैठक : विभिन्न दल के दर्जनों लोग शामिल



**विश्रामपुर (पलामू)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक शनिवार को रेहला के डंडिला कला में आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी के मजबूती व विस्तार पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा व संचालन प्रखंड अध्यक्ष एमामूल हक गुड्डू ने किया। बैठक में पंचायत कमेटी के गठन पर जोर दिया गया। वही बैठक के दैरान प्रखंड अध्यक्ष एमामूल हक गुड्डू के नेतृत्व में विभिन्न दल के दर्जनों कार्यकर्ता झामुमो में शामिल थे। बैठक में जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर बाल किशुन राव, हाजी ललन साहब, दीपू चौरसिया, संतोष मिश्रा, नवीन जयसवाल, डॉ डी पी शुक्ला, निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, संजय महतो, मसिर खलीफा, कमलेश पाठक, ताजुद्दीन अंसारी, तुलसी मेहता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ए के सिंह डिग्री कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# विज्ञान प्रदर्शनी में 25 प्रतिभागी शामिल जल्द ही तीन लोग किये जायेंगे सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल लोग।

**हुसैनाबाद पलामू।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त अवधेश सिंह डिग्री कॉलेज जपला में विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य सूर्य मणि सिंह एवं एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह ने संयुक्त रूप से किया।


उसके पश्चात पांच सदस्यीय ज्यूरी मेंबर प्राचार्य सूर्य मणि सिंह, एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राहुल कुमार सिंह, भौतिक विभागाध्यक्ष प्रो रवि कुमार सिंह एवं रसायन शास्त्र के व्याख्याता प्रो सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं प्रयास की सराहना की। इन्होंने एक-एक कर सभी प्रतिभागियों से उस विषय पर प्रश्न किया और संतोष जनक उत्तर प्राप्त किया। इसमें 25 प्रतिभागियों ने अपने प्रदर्शन किये। जिसमें मुख्य रूप से शिखा कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, अंशु कुमारी, दिव्या कुमारी, रेणु कुमारी, रागिनी कुमारी, अंजली कुमारी, खुशी कुमारी, संध्या कुमारी, रिंकी कुमारी, आरती कुमारी, मुसर्रत परवीन इत्यादि ने भाग लिया। कॉलेज कर्मी में मुख्य रूप से प्रो मुकेश कुमार सिंह, प्रो शशि भूषण सिंह, प्रो शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो नरेश कुमार सिंह, प्रो अशोक कुमार देव, प्रो आलोक रंजन, अमरेंद्र कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, लेखपाल ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद थे। प्राचार्य ने कहा कि जल्द ही प्रथम तीन विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जायेगा।

# कर्मियों के मान-सम्मान और प्यार को आजीवन नहीं भूलेंगे : विश्वनाथ तांती

- सेवानिवृत्त होने पर जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता को दी गयी विदाई
- सहकर्मी हमारे दिलों में हमेशा बने रहेंगे

अजीत कुमार दूबे

**मेदिनीनगर।** जल संसाधन विभाग के अभियंता विश्वनाथ प्रसाद तांती के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह कर कर्मियों ने विदाई दी। श्री तांती जल पथ अंचल गढ़वा के अधीक्षण अभियंता के रूप में कार्य किये हैं। मौके पर अभियंता सुनील बरूआ, सुधांशु शेखर सुमन, प्रेम सोरेन, रामपुकार राम, अमित कुमार, जिनेश पटेल, अमरेश कुमार, हरिनारायण, राम पुकार राम, प्रभात कुमार, मिथलेश कुमार व सुबोध कुमार समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।

**खास बातें :** सम्मान समारोह में अभियंता के कार्यकाल की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता सुनील कुमार बरूआ ने की वहीं संचालन अमित कुमार ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए अभियंता विश्वनाथ प्रसाद तांती ने भावुक स्वर में कहा कि जल संसाधन विभाग के सहकर्मियों द्वारा दिये गये मान सम्मान व पलामू गढ़वा जिलेवासियों के प्यार को आजीवन नहीं भूल पायेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में पदस्थापना, स्थानांतरण व सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया है। इससे होकर सभी सरकारीकर्मियों को गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सहकर्मी हमारे दिलों में सदैव याद रहेंगे। विदाई समारोह में कहा गया कि गढ़वा से सेवानिवृत्त होने पर विश्वनाथ प्रसाद तांती अभियंता वर्ग को प्रेरित करते हुए विभागीय परियोजनाओं को सफल करने का गुरूमंत्र प्रदान किया। श्री तांती ने कार्य को सहजता के साथ बिना किसी आक्रामकता के क्षेत्र के विकास में योगदान देने की बात कही। श्री तांती 36 वर्षों के लंबे सेवा अवधि के दौरान बिहार-झारखंड के सिंचाई परियोजना में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपने व्यवहार कुशलता से श्री तांती सदैव अभियंता के प्रेरणाश्रोत बने रहेंगे।

# भाजपा संगठन पर्व को लेकर भाजपाईयों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



मंचासीन भाजपाई

**गढ़वा।** भाजपा संगठन पर्व को लेकर जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में शहर के उत्सव गार्डन में प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गई। मौके पर मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी डॉ अमरदीप यादव ने कहा कि संगठन का बुथ स्तर पर चुनाव अंतिम चरण में पहुंच चुका है। जल्द ही बूथ की सूची जमा करना है। 6 से 9 मार्च तक सभी मंडल स्तर पर बैठक कर मंडल चुनाव अधिकारी तीन नाम तय कर प्रदेश को भेजेंगे। प्रदेश के सहमति के बाद मंडल में 17 मार्च से 19 मार्च के बीच मंडल अध्यक्ष का चयन चुनाव के माध्यम से किया जाएगा। उसके बाद 20 मार्च से लेकर 22 मार्च तक जिलाध्यक्ष के लिए नामांकन भरा जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष सह चुनाव अधिकारी ने कहा कि मंडल में बुथ स्तर पर लक्ष्य के अनुसार सदस्य बनाना अनिवार्य है। तभी उस बुथ का निर्माण पूर्ण रूप से हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने के लिए उम्र सीमा तय किया गया है जो 35 से 40 वर्ष तक होगा। जिलाध्यक्ष के लिए 45 वर्ष से 60 वर्ष तक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडल स्तर पर एक प्रतिनिधि भी बनाया जाएगा। जो मंडल एवं जिलाध्यक्ष चुनाव में वोट कर सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बहुत जल्द संगठन निर्माण का काम पूरा कर लिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष मधुलता कुमारी ने किया।

मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पाण्डेय, सुरज गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, संजय ठाकुर, मथुरा पासवान, रितेश चौबे, अभिषेक कश्यप, ब्रजेश उपाध्याय, अनीता गुप्ता, उमेश कश्यप, शुभम गुप्ता, हरेन्द्र दुबे, मीना गुप्ता, रामलला दुबे सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रंका।** समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर चुके रंका अनुमंडल मुख्यालय निवासी समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार को झारखण्ड सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में गढ़वा जिला के रहने वाले अमरेन्द्र एक ब्रांड बन गए हैं। जो वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए एक आदर्श हैं। स्वयं मैं भी इनके सामाजिक कार्यों से बहुत प्रभावित हूं। ज्ञात हो कि समाजसेवी अमरेन्द्र ने विभागों से आपसी समन्वय बनाकर अब तक काफी संख्या में दिव्यांग, अनाथ, बेसहारा एवं वृद्ध जनों को बैसाखी, व्हील चेयर, ट्राई साइकिल तथा श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही इन्होंने सड़क पर गिरे एक गरीब व्यक्ति के 60,000 रुपए पाकर उसे वापस करने में भी उत्कृष्ट कार्य किया है। वहीं वैश्विक कोविड -19 संक्रमण काल के दौरान प्रवासी मजदूरों को निःशुल्क भोजन कराने मे भी समाजसेवी की महती भूमिका रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य पर्यावरण, खेलकूद को बढ़ावा देना तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहना इनकी आदत में शुमार रहा है। गरीबों एवं असहायों के बीच गर्म कपड़े, कंबल और पुराने कपड़ों को निःशुल्क वितरण करने में भी ये सदैव तत्पर रहते हैं। चिलचिलाती धूप में राहगीरों के निःशुल्क पनशाला खोलना, पक्षियों के लिए वृक्षों एवं छतों पर पानी रखना, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों के बीच फाइलेरिया रोधी जागरूकता कार्यक्रम चलाना आदि इनकी दिनचर्या में शामिल है।

## नल जल योजना सहित अन्य कार्यों में भारी अनियमितता, कार्रवाई की मांग

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत मकरी में पीएचईडी विभाग से नल जल योजना सहित सभी कार्यों में भारी अनियमितता बरते जाने को लेकर मकरी पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने गढ़वा उपायुक्त से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मुखिया ने कहा है कि मकरी पंचायत अंतर्गत सरकार द्वारा लगाए जा रहे नल जल योजना, शौचालय, चापाकल, मरमती, ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत नाडेप का निर्माण सहित दर्जनों कार्य कराना सुनिश्चित है। यहाँ तक की पंचायत अंतर्गत सरकार के नियमानुसार जल सहिया एवं मुखिया का खाता खोलवाकर खाता संचालित कर कार्य को कराना है बावजुद अनेकों बार सम्पर्क के बाद भी अभी तक पंचायत का खाता नहीं खुलना, जल नल योजना के तहत संबंधित संवेदक एवं कनीय अभियंता द्वारा पंचायत के लगभग दो हजार लाभुकों से आधार कार्ड का छायाप्रति कलेक्शन कराना उक्त सभी कार्यों से जनता में काफी आक्रोश है।

# महायज्ञ समापन के बाद कमेटी के लोग हुए सम्मानित

## नगर पंचायत कार्यपालक पर लगे आरोप


उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 के ग्राम खजुरी के शिव मंदिर परिसर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था। समापन के पश्चात यज्ञ में सक्रिय पदाधिकारी को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। वहीं नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के सक्रिय कार्यकर्ता अशोक शाह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी गांव का एवं लोगों का मुझे आर्थिक व शारीरिक रूप से भरपूर सहयोग मिला है। परंतु कमेटी के लोगों एवं उन्होंने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गंभीर आरोप लगाया। कहा कि यज्ञ कमेटी के द्वारा पानी टैंकर का मांग किया गया था। परंतु उन्होंने पानी टैंकर नहीं भेजा। यही नहीं यज्ञ परिसर को साफ सफाई करने के लिए सफाई कर्मी का भी मांग किया गया था परंतु उनके द्वारा सफाई कर्मी को भी नहीं भेजा गया। लोगों ने कहा कि यज्ञ समापन के लगभग दो दिन हो गये हैं फिर भी साफ सफाई करने के लिए उनके द्वारा सफाई कर्मी को नहीं भेजा गया है। वहीं अशोक शाह ने कहा कि हम लोग नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आते हैं। और हम लोग हर प्रकार के टैक्स देते हैं फिर भी हमारे गली मोहल्ले में कूड़ा कचरा लगा रहता है।

**खबर एक नजर में**

## वॉलीबॉल में मझिआंव ने गढ़वा को 2-0 से हराकर जीता ट्रॉफी


ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर के समीप स्थित प्रांगण में राधा कृष्ण वॉलीबॉल ओपन टूर्नामेंट सीजन 8 के फाइनल में मझिआंव की टीम ने गढ़वा टीम को 2-0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, खेल के संरक्षक श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास, वॉलीबॉल जिला सचिव ओमप्रकाश तिवारी एवं भाजपा नेता प्रेमानंद त्रिपाठी एवं उपस्थित गणमान्य ने विजेता एवं उप विजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी एवं इनामी राशि प्रदान किया।

## किसानों की समस्या के निष्पादन के लिए डीसी को दिया गया आवेदन


रामलाला दुबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** भाजपा किसान मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य राम लाला दुबे ने उपायुक्त को आवेदन देकर जिला के किसानों की समस्या के निष्पादन की मांग किया है। डीसी को आवेदन देकर उन्होंने कहा है कि जिला के कुल जनसंख्या के 35 प्रतिशत मजदूर किसान निवास करते हैं।

जिनका मुख्य जीवकोपार्जन का मुख्य साधन कृषि आधारित है। यहां के किसान कड़ी मेहनत करके फसल पैदा करते हैं जिसको नीलगाय, जंगली सुअर व हाथी बर्बाद कर देते हैं। किसानों के लगातार गुहार करने के बावजूद सरकार द्वारा इसका समाधान नहीं किया जा रहा है।

## प्रधानाध्यापक ने चार छात्रों को पीटकर किया घायल


इलाज करते चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरहे हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने चार छात्रों के साथ मारपीट किया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण विद्यालय पहुंच गए। घायलों में कक्षा छह के आनंद कुमार ठाकुर पिता रघुनाथ ठाकुर, सीताराम यादव पिता विरेन्द्र यादव, राजन यादव पिता सुरेंद्र यादव, कक्षा चार के छात्र पीयूष ठाकुर पिता ललन ठाकुर का नाम शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां से तीन छात्रों को इलाज कर छोड़ दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल आनंद कुमार को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी अनुराग मिंज ने कहा इसकी जांच कर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा।

## आज भी सड़क विहीन हैं खाला गांव के भंवरही टोले के ग्रामीण


भंवरही टोला जाने का पगडंडी रास्ता

सन्तोष कुमार रजक

**धुरकी।** प्रखंड के खाला गांव के भंवरही टोले में आदिम जनजाति के करीब 25 परिवार रहते हैं। यहां बिजली और पानी की व्यवस्था तो हो गयी है, लेकिन आजादी के बाद से आज तक यहां सड़क नहीं बनायी जा सकी है। इस कारण इस टोले के करीब 25 से 30 नामांकित बच्चे बरसात के तीन महीने स्कूल नहीं जा पाते। ग्रामीणों ने बताया कि इस टोले में सड़क का अभाव है। इस वजह से बरसात के दिनों में पगडंडी के सहारे आना-जाना पड़ता है। पगडंडी के किनारे बच्चों को झाड़ी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। इस कारण अभिभावक रास्ते में विषैले सांप के डर से बरसात के दिनों में बच्चों को विद्यालय जाने से रोक देते हैं। करीब तीन महीने तक बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाती है। करीब दो साल पहले यहां की समस्याओं का निरीक्षण पूर्व एसडीओ आलोक कुमार ने टोले में आकर किया था। तब बीडीओ व मुखिया को इस टोले पर सड़क निर्माण करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद आज तक इस टोले में सड़क के निर्माण की कोई सुगबुगाहट नहीं है।


रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99 REGD. NO. D.L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.- 25112024-258871 CG-DL-E-25112024-258871

असाधारण EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4637] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 22, 2024/अग्रहायण 1, 1946

No. 4637] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 22, 2024/AGRHAYAN 1, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 22 नवम्बर, 2024**

का. आ. 5026(अ)— केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य में एन.एच.–143AG के कि.मी. 37.400 (डिजाइन चेनेज) से कि.मी. 85.560 (डिजाइन चेनेज) बेरो–खूंटी खंड (रॉची जिला के कि.मी. 33.25 से कि.मी. 58.05) पर पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का चौड़ीकरण/पुनर्निर्माण (भू–अर्जन पदाधिकारी रॉची) तक के भू–खण्ड के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए यह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् भू–अर्जन पदाधिकारी रॉची को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप से या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात् यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा ।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा ।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है ।

अनुसूची

झारखंड राज्य के खूंटी जिले में NH143AG के कि.मी. 37.400 से कि.मी. 85.560 (रॉची जिला के 33.25 से कि.मी. 58.05 (जिला भू–अर्जन पदाधिकारी रॉची) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

राज्य का नाम: झारखंड — जिले का नाम: रॉची

| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (स्थानीय इकाई) | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नाम: बेड़ो | | | | | |
| गांव का नाम: तुको | | | | | |
| गांव का नाम: दरंदा | | | | | |
| 652 | 276 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.014 ( एकर ) | 0.0056657 |
| 653 | 302 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.0711001 ( एकर ) | 0.0287738 |
| 654 | 303 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0799 ( एकर ) | 0.0323351 |
| 655 | 304 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.148 ( एकर ) | 0.0598948 |
| 656 | 306 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0262 ( एकर ) | 0.010603 |
| 657 | 307 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1971 ( एकर ) | 0.0797653 |
| 658 | 308 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.0554 ( एकर ) | 0.0224201 |
| 659 | 309 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0582 ( एकर ) | 0.0235532 |
| 660 | 310 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0988 ( एकर ) | 0.0399838 |
| 661 | 311 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0839 ( एकर ) | 0.0339539 |
| 662 | 312 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.051 ( एकर ) | 0.0206394 |
| 663 | 313 | निजी (रैयती) | दो । | 0.0421 ( एकर ) | 0.0170376 |
| 664 | 318 | निजी (रैयती) | दो । | 0.1022 ( एकर ) | 0.0413598 |
| 665 | 319 | सरकारी (गैरमजरूवा) | दो । | 0.2451 ( एकर ) | 0.0991906 |
| 666 | 320 | निजी (रैयती) | दोन ।। | 0.1096 ( एकर ) | 0.0443545 |
| 667 | 348 | निजी (रैयती) | दो । | 0.1945 ( एकर ) | 0.0787131 |
| 668 | 349 | निजी (रैयती) | दो । | 0.3549 ( एकर ) | 0.1436261 |
| 669 | 351 | सरकारी (गैरमजरूवा) | टांड़ ।। | 0.0117 ( एकर ) | 0.0047349 |
| 670 | 352 | निजी (रैयती) | दो । | 0.15 ( एकर ) | 0.0607042 |
| 671 | 353 | निजी (रैयती) | दो । | 0.08 ( एकर ) | 0.0323756 |
| 672 | 354 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0201 ( एकर ) | 0.0081344 |
| 673 | 355 | सरकारी (गैरमजरूवा) | टांड़ ।। | 0.0357 ( एकर ) | 0.0144476 |
| 674 | 356 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0181001 ( एकर ) | 0.007325 |
| 675 | 357 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0103999 ( एकर ) | 0.0042088 |
| 676 | 358 | निजी (रैयती) | दो । | 0.0044 ( एकर ) | 0.0017807 |
| 677 | 361 | निजी (रैयती) | दो । | 0.0127 ( एकर ) | 0.0051396 |
| 678 | 362 | निजी (रैयती) | दो । | 0.0275 ( एकर ) | 0.0111291 |
| 679 | 363 | निजी (रैयती) | दो । | 0.0902 ( एकर ) | 0.0365034 |
| 680 | 364 | निजी (रैयती) | दो । | 0.1078 ( एकर ) | 0.0436261 |
| 681 | 367 | निजी (रैयती) | दो । | 0.2452 ( एकर ) | 0.0992311 |
| 682 | 368 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0249 ( एकर ) | 0.0100769 |
| 683 | 369 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0259 ( एकर ) | 0.0104816 |
| 684 | 370 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.033 ( एकर ) | 0.0133549 |
| 685 | 371 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0389 ( एकर ) | 0.0157426 |
| गांव का नाम: सरमा | | | | | |
| 686 | 1508 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0457 ( एकर ) | 0.0184945 |
| 687 | 1512 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | सरना | 0.2212 ( एकर ) | 0.0895184 |
| 688 | 1514 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | सरना | 0.3352 ( एकर ) | 0.1356536 |
| 689 | 1515 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1431 ( एकर ) | 0.0579118 |
| 690 | 1536 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.3342 ( एकर ) | 0.1352489 |
| 691 | 1537 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.2356 ( एकर ) | 0.095346 |
| 692 | 1541 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.2968 ( एकर ) | 0.1201133 |
| 693 | 1542 | निजी (रैयती) | दोन ।।। | 0.0446 ( एकर ) | 0.0180494 |
| 694 | 1543 | निजी (रैयती) | परती कदीम | 0.0743 ( एकर ) | 0.0300688 |
| 695 | 1544 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.3037 ( एकर ) | 0.1229057 |
| 696 | 1545 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.2619 ( एकर ) | 0.1059895 |
| 697 | 1546 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.3936 ( एकर ) | 0.1592877 |
| 698 | 1547 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | परती पत्थर | 0.0173 ( एकर ) | 0.0070012 |
| 699 | 1548 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.4794 ( एकर ) | 0.1940105 |
| 700 | 1549 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0554 ( एकर ) | 0.0224201 |
| 701 | 1559 | निजी (रैयती) | परती कदीम | 0.0022 ( एकर ) | 0.0008903 |
| 702 | 1561 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.0082 ( एकर ) | 0.0033185 |
| 703 | 21 | सरकारी (गैरमजरूवा मालीक) | जंगल सातुर | 0.6623 ( एकर ) | 0.2680291 |
| 704 | 416 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1042 ( एकर ) | 0.0421692 |
| 705 | 417 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1822 ( एकर ) | 0.0737353 |
| 706 | 418 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1384 ( एकर ) | 0.0560097 |
| 707 | 419 | निजी (रैयती) | टांड़ ।।। | 0.03 ( एकर ) | 0.0121408 |
| 708 | 420 | सरकारी (गैरमजरूवा मालीक) | परती कदीम | 0.0501 ( एकर ) | 0.0202752 |
| 709 | 421 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1785999 ( एकर ) | 0.0722784 |
| 710 | 435 | निजी (रैयती) | टांड़ ।।। | 0.0074 ( एकर ) | 0.0029947 |
| 711 | 437 | निजी (रैयती) | टांड़ ।।। | 0.1713 ( एकर ) | 0.0693242 |
| 712 | 438 | निजी (रैयती) | टांड़ ।।। | 0.0523 ( एकर ) | 0.0211655 |
| 713 | 439 | निजी (बकास्त भुईहरी) | टांड़ ।।। | 0.093 ( एकर ) | 0.0376366 |
| 714 | 440 | निजी (बकास्त भुईहरी) | टांड़ ।।। | 0.19 ( एकर ) | 0.076892 |
| 715 | 447 | निजी (बकास्त भुईहरी) | टांड़ ।। | 0.1335 ( एकर ) | 0.0540267 |
| 716 | 448 | निजी (बकास्त भुईहरी) | टांड़ ।। | 0.1634 ( एकर ) | 0.0661271 |
| 717 | 449 | निजी (बकास्त भुईहरी) | टांड़ ।। | 0.1961 ( एकर ) | 0.0793606 |
| 718 | 450 | निजी (बकास्त भुईहरी) | टांड़ ।। | 0.2127 ( एकर ) | 0.0860785 |
| 719 | 451 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.2048 ( एकर ) | 0.0828814 |
| 720 | 456 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.3102 ( एकर ) | 0.1255362 |
| 721 | 457 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1799 ( एकर ) | 0.0728045 |
| 722 | 458 | सरकारी (गैरमजरूवा मालीक) | परती पत्थर | 0.0257 ( एकर ) | 0.0104007 |
| 723 | 460 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.3024 ( एकर ) | 0.1223796 |
| 724 | 461 | निजी (रैयती) | टांड़ । | 0.211 ( एकर ) | 0.0853905 |
| 725 | 471 | निजी (रैयती) | टांड़ ।।। | 0.0035 ( एकर ) | 0.0014164 |
| 726 | 472 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.3127 ( एकर ) | 0.126548 |
| 727 | 473 | निजी (रैयती) | परती गढ़ा | 0.0183 ( एकर ) | 0.0074059 |
| 728 | 474 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.2512 ( एकर ) | 0.1016592 |
| 729 | 476 | निजी (रैयती) | टांड़ ।।। | 0.1693 ( एकर ) | 0.0685148 |
| 730 | 477 | निजी (रैयती) | परती कदीम | 0.0545 ( एकर ) | 0.0220558 |
| 731 | 478 | सरकारी (गैरमजरूवा मालीक) | जंगल झाड़ी | 0.1717 ( एकर ) | 0.069486 |
| 732 | 479 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.0319 ( एकर ) | 0.0129098 |
| 733 | 480 | सरकारी (गैरमजरूवा मालीक) | जंगल सातुर | 0.2724006 ( एकर ) | 0.1102388 |
| 734 | 483 | सरकारी (गैरमजरूवा मालीक) | जंगल सातुर | 3.7995 ( एकर ) | 1.537637 |
| 735 | 487 | सरकारी (गैरमजरूवा मालीक) | परती कदीम | 0.0105 ( एकर ) | 0.0042493 |
| 736 | 488 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.0502 ( एकर ) | 0.0203157 |
| 737 | 490 | निजी (रैयती) | टांड़ ।।। | 0.0765 ( एकर ) | 0.0309591 |
| 738 | 491 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.2642 ( एकर ) | 0.1069203 |
| 739 | 495 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0594 ( एकर ) | 0.0240389 |
| 740 | 496 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0527 ( एकर ) | 0.0213274 |
| 741 | 499 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.035 ( एकर ) | 0.0141643 |
| 742 | 504 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1034 ( एकर ) | 0.0418454 |
| 743 | 505 | निजी (रैयती) | परती पत्थर | 0.012 ( एकर ) | 0.0048563 |
| 744 | 506 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0745 ( एकर ) | 0.0301497 |
| 745 | 534 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0822 ( एकर ) | 0.0332659 |
| 746 | 535 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0129 ( एकर ) | 0.0052206 |
| 747 | 537 | निजी (बकास्त भुईहरी) | टांड़ ।। | 0.0446 ( एकर ) | 0.0180494 |
| 748 | 553 | निजी (बकास्त भुईहरी) | टांड़ ।।। | 0.1752 ( एकर ) | 0.0709025 |
| 749 | 554 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1186 ( एकर ) | 0.0479968 |
| 750 | 555 | निजी (बकास्त भुईहरी) | टांड़ ।। | 0.0815 ( एकर ) | 0.0329826 |
| 751 | 556 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0442 ( एकर ) | 0.0178875 |
| 752 | 557 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0046 ( एकर ) | 0.0018616 |
| 753 | 558 | सरकारी (गैरमजरूवा मालीक) | परती पत्थर | 0.0029 ( एकर ) | 0.0011736 |
| 754 | 559 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0491 ( एकर ) | 0.0198705 |
| 755 | 560 | सरकारी (गैरमजरूवा मालीक) | परती कदीम | 0.0967 ( एकर ) | 0.039134 |
| 756 | 561 | निजी (रैयती) | टांड़ ।।। | 0.0299 ( एकर ) | 0.0121004 |
| 757 | 564 | निजी (रैयती) | टांड़ ।।। | 0.0114 ( एकर ) | 0.0046135 |
| गांव का नाम: देवगांव | | | | | |
| 758 | 1590 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.4515 ( एकर ) | 0.1827195 |
| 759 | 1591 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.2881 ( एकर ) | 0.1165925 |
| 760 | 812 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0177 ( एकर ) | 0.0071631 |
| 761 | 818 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1018 ( एकर ) | 0.0411979 |
| 762 | 819 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0737001 ( एकर ) | 0.029826 |
| 763 | 820 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.5895 ( एकर ) | 0.2385674 |
| 764 | 821 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0418 ( एकर ) | 0.0169162 |
| 765 | 822 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.4236011 ( एकर ) | 0.1714286 |
| 766 | 825 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1333 ( एकर ) | 0.0539458 |
| 767 | 827 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1545 ( एकर ) | 0.0625253 |
| 768 | 828 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0184001 ( एकर ) | 0.0074464 |
| 769 | 829 | निजी (बकास्त) | टांड़ ।। | 0.1706999 ( एकर ) | 0.0690813 |
| 770 | 830 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1710999 ( एकर ) | 0.0692432 |
| 771 | 840 | निजी (बकास्त) | टांड़ ।। | 1.1378 ( एकर ) | 0.4604614 |
| 772 | 843 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1225001 ( एकर ) | 0.0495751 |
| 773 | 844 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0488 ( एकर ) | 0.0197491 |
| 774 | 845 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.6004 ( एकर ) | 0.2429786 |
| 775 | 847 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1476 ( एकर ) | 0.0597329 |
| 776 | 849 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0583 ( एकर ) | 0.0235937 |
| 777 | 850 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.1398 ( एकर ) | 0.0565763 |
| 778 | 851 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.279 ( एकर ) | 0.1129098 |
| 779 | 852 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.2879012 ( एकर ) | 0.1165115 |
| 780 | 854 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.002 ( एकर ) | 0.0008094 |
| 781 | 857 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0826001 ( एकर ) | 0.0334278 |
| 782 | 858 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.4564 ( एकर ) | 0.1847025 |
| 783 | 859 | निजी (रैयती) | टांड़ ।। | 0.0123 ( एकर ) | 0.0049777 |
| | | | | Total | 66.4837742 |

[फा. सं. RW/Ranchi/LA/NH-143AG/JHR/3A]

अमय जैन, निदेशक

PR 347540 Land Reforms (24-25)D

## समय संवाद

जाने-अनजाने चेहरों में किसने क्या रिएक्शन दिया? कैसा कमेंट किया? जैसी बातें भी तनाव और एंग्जायटी भी बढ़ाते हैं। जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड सोशल साइकॉलॉजी में छपी रिसर्च के मुताबिक सोशल मीडिया लत का बेचैनी और अवसाद से सीधा संबंध है। हरदम यहां मौजूद रहना कार्टिसोल और एड्रेनेलिन हार्मोन्स का स्तर बढ़ता है। ये तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन्स हैं। इसीलिए अपने अपडेट्स पर मिले सकारात्मक फीडबैक को लेकर हद से ज्यादा उत्साहित होने या नेगेटिव कमेंट्स को लेकर तनाव में आने से बचें। आज तनाव का यह एक बड़ा कारण है।

# सोशल मीडिया पर मौजूदगी हो गुमशुदगी नहीं

**मोनिका शर्मा**



**सोशल** मीडिया पर हद से ज्यादा एक्टिव रहने के खमियाजे अब सामने आने लगे हैं। शारीरिक-मानसिक और व्यवहारगत समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। खासकर ऐसे यूजर्स में जिनकी जिंदगी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक ही सिमट गई है। कोरोना काल में तो हर उम्र के लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ गया है। आंकड़े बताते हैं कि 3.6 अरब लोग दुनियाभर में रोज 144 मिनट सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। हर उम्र, हर वर्ग के लोग इन यूजर्स की फेहरिस्त में शामिल हैं। हालांकि अब यूजर्स इन वर्चुअल मंचों पर ओवर एक्टिव रहने के नुकसान भी समझने लगे हैं पर यह भी सच है कि आज के दौर में वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स से पूरी तरह कटकर भी नहीं रहा जा सकता। हां, समझ और सजगता के साथ यहां मौजूद रहना अनगिनत समस्याओं से बचाते हुए आपको वर्चुअली सक्रिय रख सकता है

**सही प्लेटफॉर्म्स चुनें**

वर्चुअल दुनिया में हर मंच पर अपनी मौजूदगी रखना अपना समय गंवाने के रास्ते खोलने जैसा है। इसीलिए अपनी पसंद या अपने वर्किंग फील्ड के मुताबिक ऐसे वर्चुअल प्लेटफॉर्म चुनें, जो आपको अपग्रेड कर सकें। वहां बिताये जा रहे समय के बदले आपके काम की सूचनाएं आपको मिल सकें। ध्यान रहे कि आज सोशल मीडिया के अनगिनत एप्स और साइट्स पर लोगों का बहुत सा समय खप जाता है। यह तय करना वाकई जरूरी है कि सूचनाओं के महासागर में कौन सी जानकारी आपके काम की है। कुछ पढ़ना समझना हो या शेयर करना आपकी प्राथमिकता क्या है?

**अपडेट कम कीजिये**

सोशल मीडिया पर आपकी मौजूदगी का सीधा रिश्ता आपके अपडेट्स से है। हद से ज्यादा अपडेट्स की आदत हरदम आपको स्क्रीन की दुनिया में गुम रखती है। बार- बार लाइक, कमेन्ट या रियेक्शंस को देखने के जाल में उलझाए रखती है। इसीलिए आम जिंदगी से जुड़े वाकये हों या सार्वजनिक घटनाओं से जुड़े विचार, हर दिन, हर बात, हर विषय को लेकर अपडेट्स करने की आदत यूजर्स को सबसे ज्यादा व्यस्त रखती है। अगर आप खुद अपने अपडेट्स को सीमित रखते हैं, तो इन प्लेटफॉर्म्स पर आपका होना लत नहीं बनता। सार्थक जुड़ाव और जागरूकता भर के लिए वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर समय देने के लिए अपने पोस्ट्स, अपडेट्स और स्क्रीन स्क्रॉलिंग को सीमित रखना बेहद जरूरी है। सोशल साइट्स पर बढ़ती मौजूदगी के अनुपात में ही दुनिया में तनाव, अवसाद, और हाइपरटेंशन के मामले भी बढ़े हैं।

**स्क्रीन टाइम तय कीजिये**

बच्चों के लिए ही नहीं बड़ों एक लिए भी स्क्रीन टाइम तय करना जरूरी है। सोशल मीडिया से सधी हुई दूरी बनाना चाहते हैं तो पहले अपना हर दिन का स्क्रीन टाइम जानें। फिर सर्फिंग के लिए एक खास और नियत समय निकालें। ताकि ना तो आपकी काम की प्रोडक्टिविटी पर असर पड़े और ना ही आप साइबर संसार के लती बनें। किंग्स कॉलेज लंदन द्वारा किये गए फ्रंटियर्स इन साइकाइट्री जर्नल के मुताबिक वैश्विक स्तर पर करीब एक तिहाई युवा स्मार्ट फोन की लत का शिकार हैं। जिसके चलते अनिद्रा के साथ ही दूसरी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। अध्ययन में शामिल 39 फीसदी प्रतिभागियों में बार -बार फोन देखना , नियमित रूप से सोशल मीडिया पर सूचनाएं देखते रहना, मैसेज या नोटिफिकेशन आते ही जल्द से जल्द फोन देखने की तलब रहना जैसे लक्षण दिखाई दिए हैं।

# भारतीय हिंदू संस्कृति में भक्ति हीं विज्ञान है, परंपरा हीं समरसता है और सनातन हीं विश्वबंधुत्व

**वीरेन्द्र साहु**

26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के पावन स्नान के साथ प्रयाग महाकुंभ 2025 संपन्न हुआ। इस पावन तिथि को पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने का मुझे भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुझे प्रयाग त्रिवेणी महाकुंभ स्नान में अकल्पनीय व अविस्मरणीय अनुभूति मिली।

मैंने अनुभव किया कि इस महाकुंभ के महास्नान को भारतवर्ष सहित संपूर्ण संसार के सनातन हिंदू अपने जीवन भर संजोय कर अवश्य रखेगा। 45 दिनों में 64 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं के माँ गंगा, यमुना व सरस्वती के के लिए एक आश्चर्य और हम भारतीयों के लिए गौरव का विषय बन गया है। आज दुनिया को यह आभास कराया की भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति संसार के समस्त मानव समुदाय का आध्यात्मिकता की केंद्र है। महाकुंभ के माध्यम से विराट प्रबंधन और अनुशासन का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया गया। महाकुंभ ने संसार के जनमानस को बताया कि हमारी परंपराओं की जड़ें मजबूत हैं, हमारी अतीत की संस्कारें गौरवशाली है और हमारी सांस्कृतिक भविष्य उज्ज्वल है। हमारी आध्यात्मिकता में विज्ञान, परंपरा में प्रगति और भक्ति में प्रेम देखता है। महाकुंभ हमें पुनः

## अकल्पनीय व अविस्मरणीय अनुभूति : डॉ बिरेन्द्र साहु



त्रिवेणी में स्नान करना मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लगभग 100 करोड़ से अधिक हिंदू सनातनी जनमानस की आस्था का महासागर था। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि विश्व के समस्त सनातन हिंदुओं की आध्यात्मिक ऊर्जा, जाग्रत आत्मविश्वास उत्सव, अनुकरणीय सौहार्द की कड़ी, समरसता का समागम और सामाजिक स्नेह का महासंगम था।

प्रयाग त्रिवेणी में श्रद्धालुओं ने यह भूमि केवल संतों, ऋषियों और तपस्वियों की ही नहीं, बल्कि हर उस आत्मा की है जो प्रेम और सत्य को धारण करती है। महाकुंभ का विराट आयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का आगमन और उनका कुशल प्रबंधन आज दुनिया आत्मविश्वास देकर गया है कि हम अपनी विरासत पर गर्व करें, इसे अपनाएं और इसे संसार तक पहुंचाये। मुझे अनुभव हुआ कि त्रिवेणी के पावन स्थल पर

जाति-धर्म को दूर छोड़ कर हर कोई बस सनातन संस्कृति के रंग में रंगा हुआ था। कोई अजनबी नहीं बल्कि सब अपने थे। यह वही भारत है, जो सबको अपनाने और सबको गले लगाने में विश्वास रखता है। महाकुंभ ने हमारी पहचान, हमारी शक्ति, हमारी प्रेम, प्रबंधन कुशलता को एक नई रूप में दुनिया को दिखाया है। वहीं दुनिया को यह बताया कि भारतीय हिंदू संस्कृति में भक्ति हीं विज्ञान है, परंपरा हीं समरसता है और सनातन हीं विश्वबंधुत्व है।

# सही बेसन की पहचान



**डॉ शीतल**

**बेसन** का सेवन तो किसी न किसी रूप में लगभग हर घर में ही किया जाता है। किसी को इसके लड्डू पसंद हैं तो किसी को पकौड़े, तो किसी को इसकी कढ़ी बेहद पसंद है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप जो बेसन खा रहे हैं वो मिलावटी भी हो सकता है? दरअसल बाजार में इन दिनों मिलावटी बेसन भी खूब मिल रहा है। जो आपके टेस्ट के साथ आपकी सेहत को बिगाड़ने का काम भी कर सकता है। इसको खाने से जोड़ों का दर्द, विकलांगता और पेट की बीमारियों सहित कई और गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं। इसलिए बेसन खरीदने से पहले ये बात समझना जरूरी है कि बेसन असली है या नकली। जिससे आपकी सेहत खराब होने से बची रह सके। आइये आपको बताते हैं कि असली और नकली बेसन की पहचान किस तरह से की जा सकती है।

असली बेसन के लिए चने की दाल इस्तेमाल होती है। लेकिन नकली बेसन तैयार करने के लिए मुनाफाखोर 25 प्रतिशत चने के आटे में 75 प्रतिशत तक सूजी, मटर दाल, चावल पाउडर, मक्के और खेसारी का आटा और कृत्रिम रंग मिला देते हैं। इसके साथ ही गेहूं के आटे में भी क्रत्रिम रंग मिलाकर बेसन तैयार किया जाता है।

बेसन असली या नकली इसकी जांच करने के लिए आप हाइड्रोक्लोरिक एसिड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक बोल में दो चम्मच बेसन लें और इसमें दो चम्मच पानी मिला कर पेस्ट बना लें। अब इसमें दो चम्मच हाइड्रोक्लोरिक एसिड डालें और पांच मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। कुछ देर बाद बेसन में अगर लाल रंग दिखाई दे तो समझ जाएं कि बेसन में मिलावट की गयी है।

बेसन में मिलावट है या नहीं है ये जांचने के लिए आप दो चम्मच बेसन लें। अब इसमें दो चम्मच नींबू का रस मिला दें. साथ ही इसमें दो चम्मच हाइड्रोक्लोरिक एसिड भी मिला दें। इसको कुछ देर के लिए रखा रहने दें। कुछ देर बाद अगर बेसन लाल या भूरे रंग का नजर आता है तो इसका मतलब है कि बेसन नकली है।

# अपनी दिनचर्या सुधार कर हों सफल

**प्रशांत कुमार झा**



**सुबह** सूरज के उगने से पहले प्रकृति चैतन्य हो जाती है। पक्षियों का कलरव गान वातावरण को गुंजित कर देता है । इस समय मंद गति से चलने वाली हवा अमृततुल्य लगती है और शरीर के विकास के लिए संजीवनी बूटी जैसा काम करती है । नींद से जागने का यही सबसे सही समय होता है ।

चाहे कोई भी मौसम हो, मेरी मां सूर्योदय के ठीक पहले की इसी बेला में जागती थी और बिस्तर छोड़ने से पहले बड़े ही प्यार से यह भजन गाती थी-

**उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहाँ जो सोवत है**

**जो जागत है सो पावत है, जो सोवत है वो खोवत है**

वस्तुतः माँ इस भजन को गाकर ही हम भाई-बहनों को जगाना चाहती और हम रजाई में दुबके सोने का नाटक करते रहते । लेकिन मां तो मां होती है । प्रथम प्रयास में हम यदि नहीं जागते तो चंद मिनटों के बाद ङ्क

**प्रातः काल में ही प्रकृति से जुड़िए**

प्रकृति से हम हैं, प्रकृति हमसे नहीं है । विश्व में लाखों किस्म के जीव, पेड़-पौधे, पहाड़, नदियां, झील, पोखर, बादल, हवाएं और सागरीय तरंगें प्रकृति के अंग हैं । इन लाखों हिस्सों में से एक हिस्सा अपना यानी मानव समुदाय का भी है । मनुष्य अपने आपको ब्रह्मांड का सबसे समझदार प्राणी मानता है । इस नाते प्रकृति की रक्षा का सबसे बड़ा दायित्व भी मानव समुदाय पर ही है । कहा भी जाता है प्रकृति रक्षति रक्षिताः । यानी यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी ।

विकास की आंधी में उड़ान भरने की चाहत के कारण मनुष्य का प्रकृति से जुड़ाव कम हुआ है । प्रकृति की कीमत पर हमने विकास के महल खड़े किए हैं । यह महल आराम तो दे रहे हैं लेकिन सुख और आनंद की प्राप्ति इन महलों में नहीं हो पा रही । प्रङ्क

**आज की प्लानिंग क्या है पार्टनर ?**

हर दिन 24 घंटे का होता है जो आठ पहरों में विभक्त होता है । हर घंटे में 60 मिनट होते हैं । पूरे दिन को यदि मिनट के मापक से देखा जाए तो हर दिन 1440 मिनट होते हैं । इन 1440 मिनटों का सही इस्तेमाल कर हम अपनी और अपने आसपास के लोगों की जिंदगी को सुंदर बना सकते हैं ।

# रांची विवि के मास कॉम के विद्यार्थियों के बीच झारखंड के बजट पर परिचर्चा, पिछड़ेपन का दुख बरकरार

राज्य का बजट राज्य के विकास का दर्पण होता है। शनिवार 1 मार्च को रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत मांस कम्यूनिकेशन डिपार्टमेंट में पीजी फर्स्ट सेमेस्टर के छात्रों के बीच झारखंड के बजट पर परिचर्चा की। यह बजट राज्य के विधानसभा में 3 मार्च को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। हालांकि हालांकि बजट सत्र की शुरूआत 24 फरवरी से ही शुरू हो चुका है।

इस बजट पर छात्रों ने अर्थव्यवस्था के अलग-अलग क्षेत्रों में होने वाले विकासात्मक कार्यों में बजट पर खुलकर अपने विचार रखे और चर्चा की।

चर्चा की शुरूआत करते हुए नाजिम ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार एक बड़ी चुनौती है जिस राज्य में विकास के कार्यों में सुस्ती देखी जाती है ।


इस पर चर्चा को आगे बढ़ते हुए छात्र अपूर्व शुक्ला ने कहा कि बिहार के आर्थिक उपेक्षा के बाद ही हमारा झारखंड अस्तित्व में आया। राज्य निर्माण के 25वें वर्ष भी हम छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के आर्थिक विकास से पीछे हो





गए, जबकि हम तीनों एक ही साथ अलग-अलग राज्य बने थे। भारत के 40% प्राकृतिक संपदा के मालिक हैं इसके बाद भी हमारा आर्थिक विकास हमारे साथ अलग बने राज्यों की अपेक्षा पीछे रह गई। इसके करणों को देखे तो राज्य निर्माण से लेकर 2014 तक राजनीतिक अस्थिरता बनी रही। हमारा राज्य ल३क्र में बाकी दूसरे राज्यों से काफी पीछे है। शैक्षणिक और रोजगार की स्थिति भी चिंताजनक है। हम बजट में







सरकार से आशा कर रहे हैं की सरकार युवाओं के लिए रोजगार को प्रमुखता देगी, किसानों को अच्छी सहायता देखकर और उन्नत







कृषि में आगे बढ़ेगी। चर्चा को और भी विस्तार देते हुए छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।

प्रतीक्षा कुमारी ने पेपर लीक समस्या से पूर्णतयाः निजात पाने





और सरकारी स्कूलों की स्थिति को और भी सुदृढ़ करने के लिए कार्य किए जाने की बात रखा।

बजट पर बात करते हुए सोनी कुमारी ने कहा कि फ्री बीज कलचर धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है जो की विकासात्मक कार्यों में बड़ा है फ्री बीज पर अच्छी खासी रकम खर्च की जाती है, जिसे दूसरे विकास के कार्यों की गति में मंदी आती है।

छात्र तनवीर अंसारी और पवन साहू ने कहा कि राज्य को नौकरी के अनुरूप शिक्षा की बात को ध्यान में रखकर बजट बनाना चाहिए।

प्रिया ने भी इस बात पर जोर देकर कहा कि मौजूदा समय में एजुकेशनल डेवलपमेंट पर सरकार अधिक ध्यान दें, ताकि शैक्षणिक पलायन को काम किया जा सके अंजली सिंह ने कहा कि झारखंड में शैक्षणिक संस्थान अन्य राज्यों की तरह स्तरीय नहीं हैं हमें आज भी अच्छी शिक्षा के लिये बाहर के राज्यों में जाना पड़ता है वहीं शशि कुमार ने भ्रष्टाचार को कम करने और कृषि पर अधिक ध्यान देने की बात कही।शशि ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण ही विकास में साथ बने छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड से हम पिछड गये।

इस पूरे चर्चा पर मास कम्युनिकेशन के सभी विद्यार्थियों ने चहुमुखी विकास को ध्यान में रखकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और स्थानीय नीति पर खुलकर अपने विचार रखें।

कार्यक्रम का संचालन और सहयोग अपूर्व शुक्ला ने किया। इस अवसर पत्रकारिता विभाग के मनोज शर्मा भी विशेष रुप से उपस्थित रहे।






# आम खाये वजन घटायें

**अगर** आप के शौकीन हैं लेकिन आम को खाने से इसलिए दूर भाग रहे हैं क्योंकि आपको लगता है आम खाने से वजन बढ़ता है। अगर आपके मन में भी ये सवाल रह रहकर तैर रहा है तो जानिए इस सवाल का जवाब।

गर्मी के मौसम में बाजार में सबसे ज्यादा आम मिलता है। आम ना केवल बाकी फलों से देखने में अलग होता है बल्कि इसका स्वाद भी एकदम अलग होता है। खास बात है कि आम की कई वैरायटी बाजार में आती है और हर एक वैरायटी के आम का स्वाद एक दूसरे से अलग होता है।

आम का इस्तेमाल ना केवल फल के तौर पर बल्कि इसका इस्तेमाल चटनी, आम पना और शेक के रूप में भी किया जाता है। इसमें प्रुचर मात्रा में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई और कैल्शियम होता है।

कई लोगों को लगता है कि आम खाने से वजन बढ़ने लगता है। अगर आपको भी ये लगता है तो आपके लिए ये जानना जरूरी है कि आम को खाने से वजन बिल्कुल नहीं बढ़ता है। आम वसा, सोडियम और कोलेस्ट्रोल फ्री होता है। यानी कि इसमें फैट और कोलेस्ट्रॉल बिल्कुल भी नहीं होता है, लिहाजा इसका सेवन करने से वजन नहीं बढ़ता है।

आम में प्रचुर मात्रा में विटामिन ए होता है। इस वजह से ये आंखों के लिए फायदेमंद रहता है। इसलिए अगर आप अपनी आंखों की रोशनी बढ़ाना चाहते हैं तो आम जरूर खाएं 2. स्वाद में लजीज होने के अलावा आम बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसमें फाइबर और विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है। 3.आम में कई तरह के एंजाइम्स होते हैं। ये एंजाइम्स भोजन को तोड़ने का काम करते हैं जिसकी वजह से खाना डाइजेस्ट होने में सहायता मिलती है।

4. ये बात जानकर आपको हैरानी होगी की आम का सेवन करने से वजन को भी घटाया जा सकता है। दरअसल, आम की गुठली में मौजूद रेशे शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी को कम करने में असरदार हैं। इसके साथ ही आम का सेवन करने से भूख भी कम लगती है क्योंकि इससे काफी देर तक पेट भरा रहता है। 5. अगर आम बहुत गला हुआ है तो उसके गुदे को भी आप चेहरे पर लगा सकते हैं। इससे चेहरे पर निखार आता है। 6. क्या आप जानते हैं आम याद्दाश्त को भी बढ़ाने में मददगार है। इसमें ग्लूटामिन एसिड नाम का तत्व पाया जाता है। ये तत्व याद्दाश्त को बढ़ाने का काम करता है। 7. आम लू से बचाव करता है। अगर आप एक गिलास आम का पना पीकर घर से बाहर निकले तो आपको लू से बचाने में मदद करेगा।

**कैसा खेल फुट वॉल**



साभार कार्टून मूवमेंट

## स्पीड न्यूज

### दोतल्ला पंचायत में विधायक ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के दुंदुवा से शिवनगर, बीटीटीआई मोहल्ला होते इमली गछ तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शनिवार को शिलान्यास किया। सर्वप्रथम मुखिया सत्यवंती देवी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद विधायक रोशनलाल चौधरी ने नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर सत्यवंती देवी ने बताया गया कि ग्राम पंचायत में लंबी सड़कों का घोर अभाव था। जिसके कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं घटती रहती थी। लोगों को विशेष कर बरसात के दिनों में आवागमन में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बताया गया कि ग्राम पंचायत के लगभग सभी अति महत्वपूर्ण लंबी सड़कों का निर्माण हेतु टेंडर निकल चुका है। आगामी 2 से 3 माह में पूरे ग्राम पंचायत का सड़कों का कायाकल्प हो जाएगा। मौके पर जामा देवी, बेबी खातून, अविनाश कुमार सहिया रंजू सिंह, आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, कांग्रेस नेत्री मंजू देवी, बालेश्वर बेदीया, विनोद कुमार, संजय कुमार चंद्रवंशी, पवन कुमार, अनिकेत कुमार, दिविलाल सोरेन, वीरेंद्र यादव, रंजीत मालाकार, संजय पासवान, संजय पांडेय, विकास सोनी, संजय शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

### कायस्थ महासभा ने जताया शोक

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत सौंदा डी निवासी भाजपा युवा नेता और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला के सक्रिय सदस्य राकेश सिन्हा की माता रामशिला देवी (75वर्ष) के निधन का दुखद समाचार सुनकर जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि उनके आकस्मिक निधन से कायस्थ समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करे । खा की इस दुख की घड़ी में कायस्थ महासभा शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ी है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों नें राष्ट्रीय मंत्री अमित कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शंभु प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा,कुंटू बाबू रणंजय कुमार, बामेश्वर प्रसाद,विनोद कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार,जिला महामंत्री राजीव पामदत्त, मनोज कुमार सिन्हा, प्रो प्रदीप कुमार सिन्हा आदि शामिल हैं ।

### पटेलनगर में पीसीसी पथ का शिलान्यास




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर पंचायत अंतर्गत करमाली टोला में शनिवार को डीएमएफटी मद से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद विधायक रोशनलाल चौधरी ने नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। बताया गया कि पटेलनगर बिरसा चौक से करमाली टोला तक डीएमएफटी मद से 20 लाख 15 हजार 900 रुपए की लागत से 1100 फीट पथ का निर्माण किया जाएगा।चौधरी ने कहा कि पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का चहंमुखी विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सड़क बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर संवेदक गौतम वर्मा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला सहित कई लोग मौजूद थे।

### श्रम मंत्री से मिले राजद के युवा नेता



**कुजू।** रांची विधानसभा सत्र के बाद राजद युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने श्रममंत्री झारखंड सरकार संजय प्रसाद यादव से रांची परिसदन में शिष्टाचार मुलाकात किए। इस दौरान पदाधिकारियों ने मंत्री को बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही नेताओ ने अपने क्षेत्र की समस्यायों से भी अवगत कराया। इस पर मंत्री ने जल्द निवारण करने का आश्वासन दिया। इधर पार्टी के मजबूती पर भी कई महत्वपूर्ण चचाएं हुई। मुलाकात करने वालो में राजद के युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, रांची महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, प्रदेश सचिव ललन यादव, जितेन्द्र यादव उर्फ जटल यादव, क्षितिज मिश्रा, सुधीर कुमार, पप्पू यादव आदि शामिल थे।

### ड्राइवर को उठाकर लूटा ट्रक, एक गिरफ्तार



**रामगढ़।** पतरातू थाना क्षेत्र में डकैतों ने फिल्मी स्टाइल में एक ट्रक लूटा। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाई और लूट की घटना के चार घंटे के बाद ही ट्रक को बरामद कर लिया। पुलिस ने एक डकैत को गिरफ्तार किया। इस मामले की जानकारी शनिवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि ट्रक ड्राइवर रियाज अंसारी पतरातू थाना क्षेत्र के तिलैयाटांड़ में किराए के मकान में सोया हुआ था। इसी दौरान शुक्रवार की देर रात एक बजे पांच अपराधी उसके घर में घुसे। उन लोगों ने पिस्तौल का भय दिखाकर रियाज से ट्रक संख्या (जेएच 19 ए 3611 ) का जीपीएस निकलवाया। लुटेरों ने रियाज का मोबाइल और रुपए छीन लिए।

# 369 युवाओं को मिली नौकरी

## हजारीबाग में रोजगार मेले में 1820 युवक-युवतियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में शनिवार को जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला में 1820 युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस मेले में 719 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनमें से 369 युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार मिला।

उपायुक्त नैंसी सहाय ने युवाओं को अपने कौशल के अनुसार रोजगार चुनने की सलाह दी। यह मेला दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। उपायुक्त ने कहा कि 18 से 35 वर्ष के युवा इस योजना के तहत प्रशिक्षण लेकर बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रशिक्षण युवाओं को इस प्रकार दिया जाए कि वे स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकें। यह मेला समाहरणालय भवन के पैराडाइज रिजॉर्ट में आयोजित किया गया। उद्घाटन उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी श्री इश्तियाक अहमद और जेएसएलपीएस पलाश के मुख्य परिचालन पदाधिकारी श्री विष्णु परिदा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



जेएसएलपीएस पलाश के मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु परिदा ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में जेएसएलपीएस ने 32 लाख महिलाओं को जोड़ते हुए 70 हजार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया है। वहीं, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिव्यदीप सिंह ने कहा कि जेएसएलपीएस का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को उद्योगों के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

उपायुक्त ने सुजीत यादव, आकाश कुमार यादव और निशांत कुमार पासवान को ऑन द स्पॉट ऑफर लेटर प्रदान किया। इसके अलावा, उत्कृष्ट कार्य करने वाली जेआरपी रिंकी कुमारी, गायत्री देवी और पूनम देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रोजगार मेले में लगभग 25 कंपनियों ने स्टॉल लगाए थे, जहां युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर मिले। यह मेला युवाओं के लिए एक बेहतरीन मंच साबित हुआ, जिससे वे अपने भविष्य को संवारने की दिशा में आगे बढ़ सके।

# मुरपा में 50 टन अवैध आयरन ओर बरामद

## लौह तस्करों में मचा हड़कंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** दुर्गा मंदिर मुरपा के पास वन भूमि में अवैध रूप से भंडारण किए गए करीब 50 टन आयरन ओर को कुजू पुलिस ने शनिवार को जब्त किया है। जिसे मुरपा श्रीराम स्पंज फैक्ट्री प्रबंधक को सौंप दिया। अवैध लौह अयस्क तस्करों के खिलाफ अब तक की कुजू पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई बताई गई है। जिससे तस्करों के बीच हड़कंप का माहौल बना हुआ है। कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने बताया कि आयरन ओर जब्ती मामले में जांच पड़ताल प्रथम चरण में है। जांच पड़ताल के बाद चिन्हित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद को दुर्गा मंदिर मुरपा के पास वन भूमि क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध रूप से आयरन ओर भंडारण होने की सूचना दी गई। जिसके बाद त्वरित



कार्रवाई करते हुए ओपी प्रभारी उक्त स्थल पहुंचे। साथ ही स्थानीय लोगों से इस संबंध में पूछताछ की। लेकिन आयरन ओर से जुड़े दावेदार उपलब्ध नहीं होने के बाद जब्त कर लिया गया। वही, जेसीबी के माध्यम से दो हाईवा की मदद से जब्त करीब 50 टन आयरन ओर को मुरपा स्थित श्रीराम स्पंज फैक्ट्री प्रबंधन को जिम्मेनामा पर सौंप दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, 15 दिनों से उक्त वन भूमि क्षेत्र में आयरन ओर को तिरपाल से ढंककर रखा गया था।


### दो आदेश पालकों को दी गयी विदाई

बड़कागांव। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आदेश पालक अनिल कुमार राम और नरेश नायक के सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने की, जबकि संचालन भास्कर राज ने किया। बीडीओ, सीओ और अन्य अधिकारियों ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, उपहार देकर और भविष्य की मंगलकामनाएं देकर सम्मानित किया। बीडीओ ने उनके कार्यकाल को बेदाग और सराहनीय बताते हुए कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक अनिवार्य प्रक्रिया है, लेकिन उनकी सेवाओं को बड़कागांव हमेशा याद रखेगा। अनिल कुमार राम ने 1986 में और नरेश नायक ने 2005 में हजारीबाग जिले में आदेश पालक के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। अनिल के तीन पुत्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जबकि नरेश के पुत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट और पुत्री सरकारी शिक्षिका हैं।

## इंटरकास्ट कपल ने की शादी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** सात साल से प्यार में डूबे एक जोड़े की कहानी समाज की बंदिशों और परिवार की नाराजगी के कारण संघर्ष में बदल गई थी। दलित समाज से ताल्लुक रखने वाले लड़के और पिछड़ी जाति की लड़की के रिश्ते को स्वीकारने के बजाय उनके परिवारों ने उन्हें अलग करने की कोशिश की। लड़के ने बात करनी बंद कर दी, और लड़की भटकते-भटकते पुलिस थाने तक पहुंच गई, लेकिन कोई हल नहीं निकला।



ऐसे मुश्किल वक्त में लड़की ने सोशल मीडिया के जरिए समाजसेवी अभिषेक कुमार से संपर्क किया। उनकी दखल से इस प्रेम कहानी को नया मोड़ मिला। अभिषेक कुमार ने दोनों पक्षों को महिला थाना बुलाया, जहां समझौता कराया गया।

उन्होंने समझाया कि केस-मुकदमे, कोर्ट-कचहरी के चक्कर और जेल की सजा से दोनों का भविष्य अंधकारमय हो सकता था। अंततः परिवारों को राजी कर 28 फरवरी को काली मंदिर में विवाह का प्रस्ताव रखा गया। तय दिन पर अभिषेक कुमार ने खुद शादी की पूरी व्यवस्था की और समाज की बंदिशों को दरकिनार कर दोनों का विवाह संपन्न कराया।

गौरतलब है कि यह जोड़ा शिक्षित है और कॉलेज के दौरान ही इनका प्यार परवान चढ़ा था। लेकिन जातिगत भेदभाव के कारण उन्हें समाज से संघर्ष करना पड़ा। आज यह शादी उन सभी प्रेमी जोड़ों के लिए मिसाल है जो सामाजिक बेड़ियों की वजह से अपने प्यार को खोने की कगार पर हैं।

## हजारीबाग में रक्तदान शिविर कल




जागरूकता रथ रवाना करते सांसद मनीष जायसवाल

**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग के तत्वावधान में 3 मार्च को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को लेकर शनिवार को रक्तदान जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने नारियल फोड़कर और हरी झंडी दिखाकर इस रथ को रवाना किया। इस दौरान संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। रथ के माध्यम से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।अभियान के तहत रक्तदान के लाभ, इससे जुड़ी भ्रांतियों के निवारण और थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की जरूरतों पर विशेष जोर दिया गया। जायसवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने सभी युवाओं से इस अभियान से जुड़ने और रक्तदान करने की अपील की। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि रक्तदान केवल जरूरतमंदों की मदद नहीं करता, बल्कि समाज में मानवता और परोपकार की भावना को भी मजबूत करता है। रक्तदान शिविर लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में आयोजित होगा।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ 350 लोगों ने किया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती और बच्चों का हुआ टीकाकरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी लगातार 35वां सप्ताह भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात आयोजित भंडारा में लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 350 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष




शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### साजिश के तहत फंसाया गया था : सोनी



हजारीबाग। मंजीत यादव हत्याकांड में रेकी करने के आरोप में गिरफ्तार रामा सोनी को हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट के आदेश के बाद रिहा हुए रामा सोनी ने प्रेस वार्ता में अपनी सफाई पेश की। उन्होंने कहा कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया था और न्याय मिलने पर उन्होंने अदालत का आभार व्यक्त किया। कहा कि रेकी के आरोप में और हत्या की साजिशकर्ता के रूप में उसकी गिरफ्तारी की गयी थी। बताया कि उनको ये बताया गया की उन्होंने मंजीत यादव की रेकी की थी और फतहा में किसी हेमंत यादव के यहाँ बैठक कर हत्या की साजिश रची थी जबकि वे विगत 11 वर्षो से कभी फतहा नहीं गए है और किसी हेमंत यादव को जानते है। रामा सोनी पर आरोप था कि उन्होंने मंजीत यादव की हत्या से पहले रेकी की थी, जिसके आधार पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। हालांकि, हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ पुख्ता सबूतों की कमी के चलते जमानत मंजूर कर ली। सोनी ने कहा कि वे जल्द ही कानूनी कदम उठाकर अपने ऊपर लगे झूठे आरोपों को पूरी तरह खत्म करेंगे। वहीं, पुलिस अब भी इस हत्याकांड की गहराई से जांच कर रही है।

### आइ टीआइ ढेंगा में मना विज्ञान दिवस



**बड़कागांव।** एनटीपीसी माइनिंग और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई) ढेंगा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पीबीसीएमपी परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब ने महान वैज्ञानिक सी.वी. रमन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी तस्वीर पर पुष्प चढ़ाए और दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस विज्ञान उत्सव में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 350 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए और पहेली समाधान प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। विज्ञान और तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम में कई रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि फैज तैय्यब ने आईआईटी गांधीनगर में इंटर्नशिप के लिए चयनित तीन मेधावी प्रशिक्षुओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा, विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। तकनीकी प्रदर्शनी और पहेली समाधान प्रतियोगिता की सराहना करते हुए फैज तैय्यब ने कहा कि आईआईटी गांधीनगर के इंटर्न्स के सहयोग से इस विज्ञान उत्सव की गुणवत्ता और प्रभावशीलता और भी बढ़ गई। उन्होंने विज्ञान और तकनीकी शिक्षा को आगे बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए छात्रों को नवाचार और शोध कार्यों में संलग्न रहने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन ने न केवल विज्ञान के प्रति छात्रों की रुचि को बढ़ावा दिया, बल्कि प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी उठाया।

### 65 टीबी मरीजों को मिला पोषण आहार



कटकमसांडी। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को कटकमसांडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में 65 टीबी मरीजों के बीच निक्षय पोषण आहार का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को उचित पोषण प्रदान कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा ने मरीजों को नियमित दवा लेने, समय पर जांच कराने और संतुलित पोषण आहार का पालन करने की सलाह दी। एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक ने भी टीबी से बचाव और शीघ्र इलाज के लिए सही समय पर जांच और पोषण आहार के महत्व पर जोर दिया। इस आयोजन में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह, बड़कागांव के प्रभारी डीजीएम तुलसी प्रसाद कुशवाहा की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपीएम जय नारायण मिस्त्री, एसटीएस शुभम राज, एमटीएस सुरेंद्र कुमार, एमपीडब्ल्यू डीके सिंह, मुकेश कुमार, अर्जुन प्रसाद और सीएचसी स्टाफ रमेश कुमार की भूमिका सराहनीय रही। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को संपूर्ण पोषण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### डुमरौन में दोनों समुदायों के बीच समझौता



**इचाक।** महाशिवरात्रि के दिन हुई झड़प के बाद सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पंचायत भवन, डुमरौन में दोनों समुदायों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया मोहन महतो ने की, जिसमें सर्वसम्मति से विवादित मुद्दों पर सहमति बनी और समाधान निकाला गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय के ऊपर बने मीनार एवं बगल में लगे भागवत ध्वज के स्तंभ को 8:00 बजे सुबह हटाया जाएगा। यदि कोई इस निर्णय में बाधा डालने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह भी तय किया गया कि विद्यालय के ऊपर किसी भी प्रकार का धार्मिक झंडा नहीं लगाया जाएगा और मदरसा में पूर्व की तरह पढ़ाई जारी रहेगी। राष्ट्रीय ध्वज के लिए बनाया गया चबूतरा स्थायी रूप से रहेगा, जबकि ध्वज स्तंभ को दूसरी जगह पुनः स्थापित किया जाएगा। बैठक में उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, मुखिया चोहन महतो, सांसद प्रतिनिधि भगवत मेहता, सुनील शर्मा, रेणु कुमारी, सिकंदर कुमार दास, महावीर मेहता, मोहम्मद जुबेर, अनवर मियां, रमणीय फारूक अंसारी सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक व धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

### अबुआ आवास योजना में घूसखोरी का खेल!

इचाक। बरियठ पंचायत में अबुआ आवास योजना के लाभुकों से अवैध वसूली का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पंचायत सचिव शालिनी सुमन पर आरोप है कि वे योजना के तहत स्वीकृत आवास की राशि जारी करने के नाम पर खुलेआम रिश्वत ले रही हैं। इस भ्रष्टाचार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। जनता में इस घूसखोरी को लेकर जबरदस्त आक्रोश है। झामुमो हजारीबाग के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और हजारीबाग के उपायुक्त को टैग कर मामले की गंभीरता से जांच करने की अपील की गई है। इचाक की प्रमुख पार्वती देवी ने कहा कि प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है और खुलेआम रिश्वतखोरी की जा रही है। उन्होंने डीसी से उचित जांच और कार्रवाई की मांग की। वहीं, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार ने कहा कि जब तक जांच पूरी नहीं होती, पंचायत सचिव को निलंबित किया जाना चाहिए। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सिकंदर मेहता ने भीएक महीने पहले ही एसीबी ने पंचायत सचिव रामेंद्र कुमार सिंह को 6000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था।

स्पीड न्यूज

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बागीटांड़ चेकनाका के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। वहीं मृतक की पहचान राजधनवार जिला गिरिडीह निवासी 42 वर्षीय गणेश पांडेय के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर बिहार से कोडरमा होते हुए राजधनवार जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गणेश पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। मगर रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी।

## एनसीसी कैडेट रितु सिंह को लेजर सर्टिफिकेट देकर किया गया सम्मानित

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एनसीसी कैडेट रितु सिंह को लेजर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस दौरान रितु सिंह ने राज्यपाल के साथ नाश्ते और रात्रि भोज में भी भाग लिया। वहीं उन्होंने बताया कि वह 28 दिसंबर को दिल्ली रवाना हुई थीं, जहां उन्होंने 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा लिया। राज्यपाल द्वारा मिला यह सम्मान उनके कठिन परिश्रम और देशभक्ति की भावना का प्रतीक है। वहीं रितु सिंह ने कहा कि राज्यपाल बेटियों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने एनसीसी को राष्ट्र सेवा का महत्वपूर्ण जरिया बताया और कहा कि एनसीसी युवा पीढ़ी को अनुशासन और देशभक्ति की सीख देता है। ज्ञात हो कि कुछ समय पहले बिहार के राज्यपाल ने भी रितु सिंह को सम्मानित किया था। वहीं रितु ने कहा कि वह अब रक्षा सेवाओं में जाने की तैयारी में जुटी हैं, हालांकि, उनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके पिता स्व.संजय सिंह और माता स्व.रीता सिंह ने जो हौसला और प्रेरणा दी, वह उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

## पति को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत देवी मंडप रोड में शुक्रवार शाम पत्नी ने अपने पति को किसी और महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में रंगे हाथों पकड़ा। मिली जानकारी के अनुसार अशोक मोदी गांधी स्कूल रोड निवासी एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में था, तभी उसकी पत्नी वहां पहुंच गयी। इसके बाद दोनों महिलाओं के बीच हाथापाई शुरू हो गयी। मौके की नजाकत देखते हुए अशोक मोदी वहां से फरार हो गया। अशोक मोदी मूलत: मोरियावां का रहने वाला है। अशोक जिस महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में था, उसका पति ट्रक ड्राइवर है। वहीं अशोक मोदी की पत्नी ने उक्त महिला को पकड़ कर तिलैया पुलिस के हवाले कर दिया है। साथ ही उसके खिलाफ मारपीट के दौरान उसकी बेटी के पर्स से 850 रुपये नकद और सोना की चेन छीनने का आरोप लगाया है। उन्होंने घटना के बाद पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है।

## मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के प्रेमनगर गांव में शुक्रवार को मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना में एक पक्ष के पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में इटखोरी टाल निवासी कुंजल यादव और उनके 23 वर्षीय बेटे धीरज कुमार यादव शामिल हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार कर उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं, दूसरे पक्ष के इटखोरी गांधी चौक निवासी अमर यादव भी घायल हुए, जिनका इलाज इटखोरी स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मुन्ना यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जनऔषधि दिवस पर निकाला गया पदयात्रा

# जेनरिक दवाइयां गरीबों के लिए रामबाण साबित हो रहा है : सीएस

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना द्वारा सातवीं जन औषधि दिवस के मौके पर शनिवार को सदर अस्पताल स्थित जन औषधि केंद्र द्वारा पदयात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। इस दौरान सीएस ने कहा कि सदर अस्पताल में जनऔषधि केंद्र खुलने से जिलेवासियों को काफी कम कीमतों में महत्वपूर्ण दवाइयां मिल रही है, इससे गरीबों और आमजनों को काफी राहत मिल रही है, खास कर सदर अस्पताल आने वाले



मरीजों को इसका ज्यादा लाभ मिल रहा है।

वहीं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की इस पहल को जितनी भी प्रशंसा की जाय, वह कम है। आज के भौतिकवादी युग में असाध्य रोग से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ रही है, ऐसे में उन मरीजों को इस केंद्र के माध्यम से सस्ती और शुलभ तरीके से जरूरी दवाइयां उपलब्ध हो रहा है।

वहीं सदर अस्पताल के डीएस डॉ. रंजीत कुमार ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अस्पताल आने वाले मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध निःशुल्क दवाइयों के अलावे यदि अन्य दवाइयों की जरूरत हो तो वे जन औषधि केंद्र से लें, इससे मरीज का समय और पैसे की बचत हो होती है। उन्हें ब्रांडेड दवाइयों के मुकाबले काफी कम कीमत पर जेनरिक दवाइयां उपलब्ध हो रहा है। वहीं डीपीएम महेश कुमार ने कहा कि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है, इसे जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। वहीं जन औषधि केंद्र के लाल बहादुर सिंह ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में पूरे भारत में एक मार्च से 7 मार्च तक जन औषधि दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन पदयात्रा का आयोजन किया गया है, जबकि 2 मार्च को स्वास्थ्य शिविर, 3 मार्च को सरकारी स्कूलों में जन औषधि बाल मित्र का आयोजन किया जाएगा। वहीं 4 मार्च को एक कदम मातृ शक्ति की ओर, 5 मार्च को सेमिनार, 6 मार्च को आओ जन औषधि मित्र बनाएं, जबकि 7 मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाएगा। मौके पर सुमित कुमार सिन्हा, विनीत अग्निहोत्री, पवन कुमार, दीपेश कुमार, शंभु कुमार, रूपेश कुमार, मनोज कुमार, प्रवीण कुमार, सुनील यादव, अभिजीत राणा, अरविंद कुमार, सुजित कुमार शर्मा, रौनक कुमार समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# ग्रिजली कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन में शिक्षा की भूमिका पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति डॉ. पवन कुमार पोद्दार, मुख्य वक्ता डॉ. आनंद वर्धन प्राध्यापक डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, अखिलेश शर्मा, वित्तीय सलाहकार, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, महाविद्यालय अध्यक्ष, मनीष कुमार कपसिमे, सचिव अविनाश कुमार सेठ, उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप



प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्रशिक्षु दीप्ति एवं समूह द्वारा स्वागत गीत एवं महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया।

वहीं विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति डॉ.पवन कुमार पोद्दार को महाविद्यालय के अध्यक्ष मनीष कुमार कपसिमे एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के वित्तीय सलाहकार अखिलेश शर्मा को सचिव अविनाश कुमार सेठ, मुख्य वक्ता डॉ. आनंद वर्धन, प्राध्यापक, डॉ.बी.आर.अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली को महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, आरएसपी. झरिया धनबाद के शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उपेन्द्र कुमार को प्राचार्या डॉ.मृदुला भगत द्वारा पौधा, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

वहीं वक्ता डॉ. उपेन्द्र कुमार, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, आरएसपी.झरिया धनबाद ने राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संगोष्ठी के कार्यों एवं प्रकरण से परिचित कराया। वहीं संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. आनंद वर्धन ने संगोष्ठी में विषय भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन में शिक्षा की भूमिका पर विस्तृत जानकारी साझा करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व एवं विशेषता से अवगत कराया।

मौके पर डॉ. भूपेंद्र ठाकुर, डॉ. दीपक कुमार सिंह, डॉ. संजीव कुमार, मो. सिराज समेत सभी सहायक प्राध्यापक, शिक्षेकेतर कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ काली पट्टी लगाकर विरोध

**गिद्धौर (चतरा)।** जिले में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ शनिवार को प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में लोगों ने काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अबूआ आवास सहित अन्य योजनाओं में पैसे लेकर काम किया जा रहा है, जिससे आम जनता परेशान है। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन होगा। प्रदर्शनकारियों ने घोषणा की कि 2 मार्च को वे पुतला दहन करेंगे और 4 मार्च को व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगी, तो उनका आंदोलन और तेज होगा।

### मनरेगा, आवास योजना व 15वीं वित्त की समीक्षा

# खराब प्रदर्शन पर कार्रवाई की चेतावनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल, चतरा में शनिवार को उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और 15वीं वित्त आयोग योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे। बैठक में उन पंचायतों और प्रखंडों पर विशेष चर्चा हुई, जिनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। उप विकास आयुक्त ने ऐसे प्रखंडों और पंचायतों को एक सप्ताह के भीतर प्रदर्शन सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक शत-प्रतिशत पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने धीमी कार्यशैली और लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्य में रुचि लेकर योजनाओं को लक्ष्य के अनुसार पूरा करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### राज इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव का समापन

# भारत की वैज्ञानिक क्षमता को सम्पूर्ण विश्व ने लोहा माना : सम्पा

**एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया :** वहीं कार्यक्रम के अंतिम दिन विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मौके पर चेयरमैन रामलखन सिंह, सचिव सिद्धार्थ सिंह सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव का शनिवार को सम्पन्न हो गया। वहीं निदेशिका सम्पा सिंह ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिना विज्ञान के देश और समाज की उन्नति सम्भव नही है, हमारे देश के वैज्ञानिकों ने पूरे विश्व को विज्ञान के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय खोज और जानकारी देने का काम किया है, भारत के वैज्ञानिक क्षमता को विश्व के कई देशों ने लोहा माना है। वहीं उन्होंने छात्र-छात्राओं को देश के दर्जनों वैज्ञानिकों द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आज हम चांद और अंतरिक्ष पर पहुंच चुके हैं तो इसका सारा श्रेय देश के वैज्ञानिकों को जाता है। वहीं प्राचार्य राहुल घोष ने कहा कि विज्ञान और वैज्ञानिकों की महत्ता को देखते हुए वर्ष 1986 से सम्पूर्ण भारत में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए युवाओं को सशक्त बनाने के थीम पर इस दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

एक नजर में

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्याय सदन सभागार में जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने की। वहीं सचिव ने उपस्थित अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है, वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। उन्होंने बैंकों के अधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने तथा उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। वहीं सचिव ने सभी बैंको के अधिकारियों को ऋण धारकों की सूची उपलब्ध कराने की अपील की, ताकि न्यायालय द्वारा भी अपने स्तर से उन्हें अपने मामले के निष्पादन के लिए सूचित किया जा सके। मौके पर रणजीत कुमार सिंह, निवास कुमार, सतीश प्रियदर्शी, शंकर कुमार प्रसाद, राकेश रौशन, विकाश कुमार, मनीष कुमार पाण्डेय, राहुल कुमार, अर्जुन रविदास, सागर कुमार, रंजित कुमार रजक, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार एवं अन्य बैंक के अधिकारी मौजूद थे।

## होल्डिंग टैक्स जमा करने को लेकर कई जगह पर लग रहे हैं कैंप

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया नगर परिषद की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 का बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने को लेकर रविवार को भी जन सुविधा केंद्र केदार सदन एवं शहर के विभिन्न वार्डों में कैंप लगाया जा रहा है, जहां शहर के लोग अपने घर का होल्डिंग टैक्स वाटर टैक्स एवं म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस शुल्क का भुगतान सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक कर सकेंगे। शहर के वार्ड नंबर 9 चांडक कैंपस के समीप, वार्ड नंबर 2 राजकीय मध्य विद्यालय तिलैया बस्ती, वार्ड नंबर 25 गांधी स्कूल शिव मंदिर के समीप एवं गुमो नाईट स्कूल के समीप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। वहीं नगर प्रशासक ने शहरवासियों से अपील किया है कि अपने टैक्स का भुगतान ससमय करें और अच्छे नागरिक की पहचान दें।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी गंभीर, रिम्स रेफर

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा घाटी नौवा माइल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पति की मौत हो गयी एवं पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। वहीं मृतक की पहचान 42 वर्षीय अवधेश कुमार एवं घायल पत्नी 40 वर्षीय शकुंतला देवी ग्राम बीघा नालंदा बिहार निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शकुंतला एएनएम के पद पर निमाडीह में कार्यरत है। मिली जानकारी के अनुसार 6 मार्च को अपने बेटे की शादी की तैयारी के लिए अपने घर जा रहे थे, जो कोडरमा घाटी नौवा माइल में वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आनन फानन में 108 की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां पति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं पत्नी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ

**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र के हलमता गांव में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव दुर्गा माता हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र चंडी महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस पवित्र अनुष्ठान का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने किया। कलश यात्रा गांव से निकलकर मां भद्रकाली मंदिर स्थित उत्तर वाहिनी नदी तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। कलशयात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व कन्याओं ने भाग लिया। गाजे-बाजे और जयघोष के साथ निकली इस कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। महायज्ञ के अध्यक्ष बद्री यादव ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में आचार्य अमित कुमार उपाध्याय, उप आचार्य गोपाल पंडित और कथावाचक अरूण शास्त्री जी महाराज द्वारा हवन, कथा और प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। इस पावन पर प्रखंड प्रमुख प्रिया देवी, मुखिया आरती देवी, मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, पंचायत समिति सदस्य कंचन देवी, जितेन्द्र यादव, बद्री यादव, रामजतन यादव, प्रितम पासवान, संतोष यादव एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को राजकीय मध्य विद्यालय कोरवाडीह में कक्षा 6 से 8 के बच्चों के बीच लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को कानून के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी रामा शंकर चौबे ने वंदना गायन से की। मौके पर पीएलवी रामा शंकर चौबे ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी गई एवं इस योजना में लगने वाले आवश्यक दस्तावेज के बारे में बताया गया। वहीं पीएलवी सुधीर चौबे ने बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह, नशा मुक्ति, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी।

### मस्जिद-ए-अक्सा में जुम्मे की नमाज के साथ पांच वक्ता नमाज शुरू

# मस्जिद की खुराक नमाजी है, इसलिए सभी लोग नमाज का पाबंद बन मस्जिद को बहाल करें : मुफ्ती शोएब

**वहीं तरावीह व रोजा से शुरू हो गया है एक माह तक चलने वाला रमजान :** मस्जिद में रमजानुल मुबारक की चांद निकलते ही ईशा की नमाज के बाद तरावीह की शुरुआत की गई। वहीं हाफिज अब्दुल अव्वल और हाफिज असजद हसन ने बारी-बारी से 20 रकाअत नमाज पढ़ाई। इसके साथ ही रमजानुल मुबारक में इबादतों का दौर शुरू हो गया और रविवार को लोगों ने रहमत, बरकत व मगफिरत का एक माह तक चलने वाला रमजान का पहला रोजा रखा। रमजान शुरू होते ही मस्जिदें नमाजियों से गुलजार हो उठी और लोग इबादत में जुट गए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मदीना नगर करमा असनाबाद में बनी नई मस्जिद, मस्जिद-ए-अक्सा में जुम्मे की नमाज के साथ पांच वक्ता नमाज की शुरुआत शुक्रवार से हो गई है। मौके पर हजरत मौलाना मुफ्ती मो. शोएब आलम कासमी उस्ताद हदीस जामिया रशीद उल उलूम चतरा ने नमाजियों को संबोधित करते हुए कहा कि, जिसने अल्लाह का घर बनाया उसके लिए अल्लाह जन्नत में घर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि, नमाज नबी सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की आंखों की ठंडक है, इसलिए लोगों को नमाज नहीं छोड़नी चाहिए। उन्होंने कहा की मस्जिद की खुराक



नमाजी है, इसलिए सभी लोग नमाज का पाबंद बन मस्जिद को बहाल करें। जुम्मे की नमाज की अजान कारी तौसीफ अहमद हजारीबाग के द्वारा दी गई। वहीं जुम्मे की नमाज काजी-ए-शहर मुफ्ती नसीम कासमी ने पढ़ाई और नमाजे खुत्बा भी दिया। वहीं अल्लाह की बारगाह में मुफ्ती शोएब साहब ने दुआ कराई एवं दुआ में लोगों ने एक साथ अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर क्षेत्र में अमन चौन व आपसी भाईचारे के साथ-साथ मस्जिद की फलाह की दुआ मांगी। मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# झूठे मुकदमे के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन, न्याय की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज अंचल के खूंटीकेवाल मौजा में 0.29 एकड़ गैरमजरूआ जमीन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस जमीन पर सामुदायिक भवन के निर्माण को लेकर दर्ज हुए मुकदमे के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन से न्याय की मांग की। उन्होंने प्रशासन को सात दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि उचित जांच नहीं हुई तो वे जिला मुख्यालय में धरना देंगे। ग्रामीणों के अनुसार, खाता संख्या 44, प्लॉट संख्या 52 के अंतर्गत 0.29 एकड़ गैरमजरूआ खास जमीन है, जिसमें 0.03 एकड़ भूमि पर पहले जमींदार का गोदाम था। जमींदार के चले जाने के बाद ग्रामीण पिछले



30 वर्षों से इसका सार्वजनिक उपयोग कर रहे थे और हाल ही में वहां सामुदायिक भवन बना रहे थे। इसी दौरान अनूप कुमार नामक व्यक्ति, जिसने कथित रूप से अवैध रूप से ऑनलाइन जमाबंदी कराई, ने 33 ग्रामीणों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवा दी। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में कई निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। उन्होंने चेतना भारती सह गांव गणराज्य संस्थापक विनय सेंगर की गिरफ्तारी को भी नियम विरुद्ध बताया और उनकी रिहाई की मांग की। ग्रामीणों ने दावा किया कि खूंटीकेवाल गांव में अनूप नाम का कोई व्यक्ति नहीं है और यह केवल जमीन कब्जाने की साजिश है। ग्रामीणों का कहना है कि अंचल अधिकारी अरुण मुंडा की जांच रिपोर्ट पहले ही सौंप दी गई है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जब इस संबंध में अंचल अधिकारी से सवाल किया गया तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। फिलहाल, पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

## स्पीड न्यूज

### नौ मार्च को मां दुधेश्वरी धाम में होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय



गुमला। मां दुधेश्वरी स्वयं शंभू धाम समिति की बैठक शिबू गोप की अध्यक्षत में हुई। जिसमें 9 मार्च को होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस पावन अवसर पर नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार महावीर साहू, मंजू देवी, सुमित्रा देवी समेत कई अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। समारोह में अबीर-गुलाल उत्सव के साथ भोजन व्यवस्था की व्यवस्था की गई है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में अनिता सेवा सदन के संस्थापक डॉ राजकुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी अनिता सिंह उपस्थित रहेंगे। इस भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने हेतु आयोजित बैठक में राकेश सिंह, धरमू गोप, राजकुमार सिंह, अशोक साहू, राज अहिराणा, यशराज सिंह, भोला दास, आनंद किशोर पांडा, शांति देवी, जूही रानी, मीरा देवी, सीता देवी, सरस्वती देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सहमति व्यक्त की। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें व इस होली मिलन समारोह को यादगार बनाएं।

### डीटीओ व एमभीआई ने चलाया वाहन जांच, 80 हजार रूपये का काटा चालान



गुमला। डीटीओ राकेश कुमार गोप, मोटरयान निरीक्षक एवं सुरक्षा टीम के द्वारा पालकोट रोड के ओ कॉलेज के सामने में बाइक वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहन चालकों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया गया। सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन की अपील की गई। वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गये 160 लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक कर रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान बाइक से 80,000 हजार रुपए का चालन काटा गया। इस दौरान लोगो को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। उसकी जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधित पुस्तिका एवं पैंपलेट सभी छात्र-छात्राओ को बांटा गया।

### हृदय रोग का इलाज कर लौटे कांग्रेस नेता रमेश कुमार से मिले सांसद



गुमला। सांसद सुखदेव भगत ने शनिवार को बीमार कांग्रेस नेता रमेश कुमार से उनके आवास पर मिले। इस दौरान उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशल क्षेम जाना। रमेश ने बताया कि हृदय का ऑपरेशन उन्होंने हैदराबाद में कराया है। उसके बाद वापस सकुशल लौटे है। फिलहाल स्थिति सामान्य हो रही है। इस पर सांसद ने डॉक्टरी सलाह का पालन करने और आराम करने की सलाह दी। ताकि वे जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर पार्टी व समाज के बीच पूर्व की तरह सक्रिय हो सके। इस दौरान सांसद ने जिला के विकास को लेकर लंबी वार्ता चली। मौके पर सांसद प्रतिनिधि गुमला राजनील तिग्गा, आलोक साहू, फिरोज आलम, रामनिवास, बैबूल अंसारी व अकील आदि थे।

### भाजपा की बैठक 3 मार्च को

गुमला। जिला भाजपा की बैठक 3 मार्च को 11:00 बजे से पर्यटन भवन के सभागार में होगी। बैठक में चुनाव प्रभारी गणेश मिश्रा शामिल होंगे। बैठक में सभी मण्डल के चुनाव प्रभारी-सह प्रभारी सहित सभी जिला पदाधिकारी, जिला सदस्यता प्रभारी एवं सह-प्रभारी भाग लेंगे। ये जानकारी जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल ने दी।

### चैंबर व खाद्य सुरक्षा विभाग के समन्वय से 50 फूड लाइसेंस बना

गुमला। खाद्य सुरक्षा कार्यालय गुमला में चेंबर के सहयोग से फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन करने के लिए जो कैंप लगाया गया था उसमें लगभग 50 नए लाइसेंस निर्गत किए गए व कई विवादित मामलों का भी निष्पादन किया गया। विभाग के तरफ से पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता और चेंबर के तरफ से अध्यक्ष राजेश सिंह, सचिव बबलू वर्मा, राहुल केसरी व संदीप कुमार उपस्थित थे।

### लाइफ लाइन के संस्थापक ने किया रक्तदान



गुमला। सामाजिक कार्यकर्ता सह लाइफलाइन संस्था के संस्थापक सदस्य डीएसपी रोड निवासी अशोक कुमार त्रिपाठी ने शनिवार को अपने जन्मदिन को खास बनाते हुए ब्लड बैंक में मरीज की जीवन रक्षा हेतु रक्तदान किया। उन्होंने बीमार कविता कुमारी को रक्तदान कर जीवन दान दिया। कविता के परिवार वाले उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आपात स्थिति में उन्होंने रक्तदान किया। अशोक त्रिपाठी ने कहा कि कभी-कभी एक माह में भी दो बार भी वे रक्तदान करते रहे हैं। इस अवसर पर राकेश सिंह, अंजू किंडो, रोहित खंडेलवाल, मनीष सिंह, विक्रम कर्मकार आदि उपस्थित थे।

#### झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का किया गया आयोजन

## नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी होना जरूरी : डीसी

● मानव तस्करी, नशापान व डायन प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकने में मुखिया करें योगदान: एसपी





खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के द्वारा नगर भवन गुमला में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें शिक्षा और विकास के महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसी कर्ण सत्यार्थी, विशिष्ट अतिथि में पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मो बेलाल अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्त देवी, डीडीसी दिलेश्वर महत्तो, एसडीओ सदर राजीव नीरज, एसडीओ चैनपुर पूर्णिमा कुमारी, एसडीओ बसिया जयवंती देवगम, डीसीएलआर राजीव कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीएसपी गुमला सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। मौके पर डीसी कर्ण सत्यार्थी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी नागरिक को सरकारी योजनाओं की जानकारी होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुखियाओं को केवल ग्रामीण विकास तक सीमित न रहते हुए अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योग्य बच्चों को कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन दिलाने और जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मुखिया की भूमिका अहम है। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए समाज को एक नई दिशा में ले जाना होगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मानव तस्करी, नशा, और डायन प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों पर भी प्रकाश डाला और मुखियाओं से आग्रह किया कि वे ग्राम सभाओं के माध्यम से इन मुद्दों पर लोगों को जागरूक करें। मो बेलाल अहमद ने कहा कि एक लड़की को शिक्षित करने का अर्थ है आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाना। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 38 मुखियाओं को सम्मानित किया गया।

## लोहरदगा जिले के युवक-युवतियों का अधिक से अधिक इनरॉल्मेंट व प्लेसमेंट हो : डीसी

#### जिला कौशल समिति की हुई बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक समारहणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कौशल विकास विभाग द्वारा जिला में संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्रों के प्रगति की स्थिति की समीक्षा की गई जिसमें जिला में कुल युवक-युवतियों का प्रशिक्षण, उनका सर्टिफिकेशन, असेसमेंट, प्लेसमेंट पर चर्चा की गई। इस पर डीसी द्वारा जिला के युवक-युवतियों का अधिक से अधिक इनरॉल्मेंट व प्लेसमेंट किये जाने का निर्देश जिला कौशल पदाधिकारी को दिया गया। डीसी द्वारा जिला में आवासीय और गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करनेवालों की संख्या व उनके प्लेसमेंट की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, जिला उद्योग महाप्रबंधक रघुबर सिंह, जिला कौशल पदाधिकारी ज्योत्सना दास, पीपीआइए फेले हेमलता बजाज व अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## लोहरदगा : ट्रैक्टर पलटने से 2 बच्चों की मौत, कई घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले के सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के हेसाग में ट्रैक्टर पलटने से 2 बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार ईंट लदा ट्रैक्टर पहाड़ डांडू जा रहा था।

इसी क्रम में ट्रैक्टर के ऊपर तुरियाड़ीह पहुंचने पर दर्जनों लोग ट्रैक्टर में सवार हो गए। इसके बाद ट्रैक्टर जैसे ही हेसाग बतरू पूल के समीप पहुंची अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर में दबने से 2 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकी आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को सेरेंगदाग थाना और स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं दोनों शवों का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

मृतकों में ऊपर तुरियाडीह निवासी 12 वर्षीय मनीष उरांव पिता स्व करमदेव उरांव और 10 वर्षीय छोटू लोहरा पिता सन्नू लोहरा शामिल हैं। जबकि घायलों में मंजीत उरांव, अमीन उरांव, रूपेश उरांव, प्रेम लोहरा और पंकज लोहरा शामिल हैं।

#### महिला विकास मंडल घाघरा का 17वां वार्षिक महाअधिवेशन संपन्न

## महिलाएं खुद स्वालंबी बन रही है : सांसद



कार्यक्रम में मंचासीन सांसद, प्रमुख, बीडीओ व अन्य।



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। महिला विकास मंडल घाघरा का 17वां वार्षिक अधिवेशन नेतरहाट रोड मैदान में शनिवार को आयोजित किया गया। वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ सांसद सुखदेव भगत, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे, महिला विकास मंडल की अध्यक्ष संतोषी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। महिला विकास मंडल की अध्यक्ष ने वार्षिक प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि 120 गांव के 1179 महिला मंडल तक अपनी पहुंच बनाई है। जिसमें कुल 16500 महिला सदस्य जुड़ी है। महिला विकास मंडल घाघरा के मार्गदर्शन पर आधुनिक कृषि, आम बागवानी, मुर्गी पालन, भूमि सुधार, लिफ्ट सिंचाई, लाह खेती, बकरी पालन, आचार, पापड़ निर्माण, हल्दी पाउडर, सरसों तेल का प्लांट आदि आजीविका संबंधित कार्य किए गए हैं। इस आर्थिक वर्ष में महिला विकास मंडल घाघरा के द्वारा घाघरा प्रखंड में 19 नए महिला मंडल का गठन किया गया। जिसमें कुल 81 महिला सदस्य मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के लाभार्थी हैं। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि आज के समय में महिलाएं पुरुषों से कम नहीं हैं। घर का सभी काम करते हुए महिलाएं खुद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। इस नारी शक्ति को मैं प्रणाम करता हूं। महिलाएं पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। चाहे वह खेल का क्षेत्र हो पढ़ाई का क्षेत्र हो या नौकरी व अन्य कार्यों का क्षेत्र हो सभी में महिलाओं की सहभागिता हो रही है। महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। हमने संसद में जाने के साथ ही सरना कोड का मांग किया ताकि क्षेत्र का विकास हो। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि महिला समूह बनाकर महिलाएं खुद स्वालंबी बन रही है। सभी क्षेत्र में महिलाएं महिला विकास मंडल से जुड़कर आगे बढ़ रही है। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि आज के परिवेश में महिलाएं अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने को लेकर महिला समूह से जुड़कर कई कार्य कर रहे हैं। जो काबिले तारीफ है। मौके पर कृष्ण कुमार लोहरा, जितेंद्र, अभिनंदन, अमरेंद्र कुमार, अरुण कुमार पांडे, अगस्टीन महेश कुजूर, संतोषी कुमारी, आलोक साहू, अलका कुमारी, रोशन, चंचल, प्रमिला, सविता सहित कई उपस्थित थे।

### आंदोलन कारियों को दिया गया सम्मान पत्र

गुमला। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले भरनो प्रखंड के कनारोवा ग्राम के साथी ईरकन केरकेट्टा, भादे मुंडा, जीतबहान केरकेट्टा को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से चिह्नित आन्दोलनकारी को झारखंड सरकार के बसंत गोप ने सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बसंत गोप ने कहा कि सरकार झारखंड राज्य अलग करने में शामिल होने वालों को मान सम्मान दें और जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए पेंशन के साथ आन्दोलनकारियों के बच्चों को नौकरी व शिक्षण संस्थानों में दस प्रतिशत आरक्षण मुहैया कराये। उन्होंने कहा कि झारखंड के निर्माण में अनेकों वीर क्रांतिकारी शहीद हो गए थे। साथ ही गांव गांव के नौजवान झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने में अहम योगदान दिया।

## चैनपुर : शराबी पति को पत्नी ने पीट-पीटकर मार डाला

मां के जेल जाने व पति के मौत के बाद तीन बच्चे हो गये अनाथ



खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के बसाईर टोली गांव में एक शराबी पति को पीट-पीटकर उसकी पत्नी ने मौत की नींद सुला दिया। घटना शुक्रवार को दिन के लगभग 12:00 बजे की है। मृतक पति अजीत रौतिया उम्र 35 वर्ष अक्सर शराब के नशे में रहता था और उसकी पत्नी सविता देवी ने बताया कि वह अक्सर घर में झगड़े करता था। शुक्रवार को अजीत गांव के एक घर में शराब पी रहा था। जिसे लाने के लिए सविता वहां गई थी। वहां उनकी कहासुनी हो गई और गुस्से में आकर सविता ने अजीत की लाठी से पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। उनका बड़ा बेटा राहुल ट्रैक्टर में काम करने गया था। जबकि उनकी दो बेटियां स्कूल में पढ़ाई कर रही थी। शाम होते-होते अजीत की मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह चैनपुर पुलिस को दी। थाना प्रभारी कुंदन चौधरी और एसआई दिनेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेजा दिया। आरोपी पत्नी सविता देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी को भी जब्त कर लिया है। गांव की कुछ महिलाओं ने बताया कि अजीत का परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर है और उनके तीन छोटे बच्चे हैं। सविता देवी मजदूरी करके परिवार का पेट पालती थी। जबकि अजीत अपनी कमाई का अधिकांश हिस्सा शराब पर खर्च कर देता था। अब पिता की मौत और मां के जेल जाने के बाद बच्चों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। नवीं कक्षा में पढ़ने वाला बड़ा बेटा राहुल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए काम करता है। जबकि उसकी दो छोटी बहनें अभी स्कूल में पढ़ाई कर रही हैं।

### सरहुल पूर्व संध्या समारोह को लेकर हुई बैठक



लोहरदगा। सरहुल पूर्व संध्या समारोह के सफल संचालन हेतु शनिवार को आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा के अध्यक्ष किशोर उरांव की अध्यक्षता में समाहरणालय लिपटस मैदान में बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सरहुल पूर्व संध्या समारोह 30 मार्च दिन रविवार को समय 10 बजे से 5 बजे तक न्यू नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अगला बैठक 8 मार्च को समाहरणालय मैदान में आयोजित किया गया है। साथ ही साथ विशेष चर्चा यह भी की गई कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष की भी सरहुल संध्या समारोह कार्यक्रम भव्यता के साथ मनाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप में विनोद कुमार उरांव, बिफाई उरांव, सुधीर उरांव, अरविन्द उरांव, अंजू कुजूर, रेखा उरांव, प्रीति पल्लवी, सुरेन्द्र उरांव, जितेन्द्र उरांव, अजय कच्छप, इत्यादि लोग मौजूद थे।

### गर्मी शुरू होते ही भंडरा मे पानी की समस्या शुरू



भंडरा। गर्मी के मौसम के के शुरू होते हैं लोगों को पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। भंडरा हाई स्कूल परिसर में स्थित चापाकल 2 महीने से खराब है। चापाकल खराब रहने के कारण विद्यालय के छात्रों। सहित भंडरा पहाड़ टोली, मल्हार टोली, हरिजन टोली, हलवाई टोली, कुंबटोली के 50 से अधिक घर के लोगों को पीने की पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस चापाकल से भंडरा बस्ती के 50 से भी अधिक घरों के लोग पीने का पानी ले जाते हैं 2 महीने से चापाकल खराब है 2 महीने से लोगों को पीने की पानी की समस्या झेलनी पड़ रही परंतु इस चापाकल को मरमत करने की दिशा में कोई भी पहल नहीं की जा रही है। आम लोगों के पीने की पानी की समस्या बढ़ती जा रही है।

### गुमला : स्कूटी पेड से टकराई, 1 की मौत, 2 घायल

गुमला। पालकोट थाना क्षेत्र के पिंजरा डीपा के समीप अनियंत्रित स्कूटी पेड़ से जा टकरायी। इस घटना में कुटमा निवासी 17 वर्षीय शंकर साहू, सुरेश उरांव और जीतू महली गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने शंकर को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक तीनों लड़के स्कूटी में सवार होकर गोबर सिल्ली की ओर घूमने गए थे। तभी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। स्कूटी शंकर साहू चला रहा था।

## लोहरदगा : 50 हजार की अवैध लकड़ी जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी तस्करों के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए आरा गांव में छापेमारी कर करीब 50 हजार रुपये मूल्य की इमारती लकड़ी जब्त की। विभाग ने दस पीस सखुआ चौपहल सहित अन्य बहुमूल्य लकड़ियां बरामद की हैं। वन विभाग अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। रेंजर अरुण कुमार ने बताया कि वन अपराधियों पर नकेल कसने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं, जो दिन-रात छापेमारी कर रही हैं। विभाग की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि जंगलों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर यह कार्रवाई की। इस ऑपरेशन में रेंजर अरुण कुमार के नेतृत्व में प्रदीप साहू, अनूप शाहदेव, विक्की मेहता, नवीन चौहान, रमेश भगत, कमला लकड़ा, पंकज सिंह व होमगार्ड के जवान शामिल थे। वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को जंगलों में अवैध कटाई या लकड़ी तस्करी की जानकारी मिले तो तुरंत विभाग को सूचित करें। विभाग की इस कार्रवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## गुमला : जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। झालसा के निर्देश पर डालसा गुमला के द्वारा 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट गुमला में किया गया है। इस संबंध में शनिवार को प्रधान जिला जज ध्रुव चंद्र मिश्र ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्हें अधिक से अधिक मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक मे डीएफओ अहमद बिलाल अनवर, श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज, उत्पाद अधीक्षक क्षितिज कुमार उपस्थित रहे। साथ में बार अध्यक्ष अघन उरांव, सीजीएम मनोरंजन कुमार, एसीजेएम पार्थ सारथी घोष, राम कुमार लाल गुप्ता, निर्मला बरला, श्रद्धा भूषण, श्वेता सोनी, डी एन ओहदर, बुंदेश्वर गोप, जितेंद्र सिंह, असलम आदि उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

#### जनता की समस्या के समाधान को लेकर सुखदेव भगत ने गुमला में खोला अपना कार्यालय

## जनता अपनी समस्या आकर रखें, हर संभव होगा समाधान : सांसद

सांसद ने कहा कि सरकारी कार्यालय अभी नहीं मिला है, जिसके कारण वे एक निजी कार्यालय खोलें ताकि जनता यहां आकर अपनी समस्या रख पायें



उदघाटन के बाद पत्रकारों से वार्ता करते सांसद सुखदेव भगत।

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को सांसद सुखदेव भगत ने दुन्दुरिया चौक स्थित सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा के घर में कार्यालय का उदघाटन किया। जिसमें क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं को उक्त कार्यालय में जोर रख पाएंगे। मौके पर सांसद ने कहा कि सरकारी कार्यालय अभी नहीं मिला है। जिसके कारण वे एक निजी कार्यालय खोलें ताकि जनता यहां आकर अपनी समस्या रख पायें। जिसका हर हाल में समाधान होगा। क्योंकि वे अक्सर दिल्ली में संसदीय कार्य या अन्य कारणों से रहते हैं। जिसके कारण जनता उनसे नहीं मिल पाती है। जिसका समाधान उक्त कार्यालय के माध्यम से होगा। सांसद ने कहा कि वे इंडिया गठबंधन के तहत जरूर चुनाव जीते हैं परंतु पूरे गुमला जिला वासियों के वे सांसद हैं। लोग बिना झिझक अपनी समस्या यहां आकर रखें। उन्होंने गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने की अपनी प्रतिबद्धा को जताते हुए कहा कि वे बानो, लोहरदगा या कोई भी रूट से गुमला को रेलवे लाइन से जरूर जोडेंगे। हालांकि कोरबा क्षेत्र में सर्वे कार्य आरंभ हो गया है। वे 4 मार्च को केंद्रीय रेलवे मंत्री से मिलने वाले भी हैं। उन्होंने कहा कि गुमला में पलायन एक बड़ी समस्या है। जिसके समाधान की दिशा में वे लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुमला से बाहर काम करने जाने वाले मजदूर सरकारी प्रक्रिया के अनुरूप जाएं ताकि उनको हर संभव सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेर जल्द ही वे जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और इस दिशा में साकारात्मक पहल करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, दीप नारायण उरांव, मो आशिक, अकिल रहमान, निजी सचिव आलोक साहू, गुलाम सरवर, जय सिंह, राहुल किशोर सिंह, शाहजहां अंसारी, भुवनेश्वर राम, रूपेश कुमार सन्नी, मो साहेब, इबरार अंसारी, सीता देवी, दीपक, बैबूल अंसारी, संतोष कुमार गुड्डू, अल्बर्ट तिग्गा, रफी अली, पवन खलखो, लोहरा उरांव, निलेश उरांव, हर्ष राज एक्का, वार्ड पार्षद तारनिका कच्छप आदि उपस्थित थे।

## सिमडेगा ने खूंटी को 137 रनों से हराया

सात विकेट चटकाने वाले हर्ष कुमार मैन ऑफ द मैच बने

#### जेएससीए अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे जे एस सी ए अंतर जिला अंडर 23 क्रिकेट मुकाबले के लीग चरण के आखिरी मैच में सिमडेगा ने खूंटी को 137 रनों से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शनिवार को सिमडेगा की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते 211 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से गुरुशरण ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। जबकि सुभादीप साहा ने 43 व हर्ष व सचिन पाल ने 28-28 रन बनाये। खूंटी की ओर से हर्ष ज्ञानी को तीन विकेट मिला। सत्यम व मीत जैन ने दो -दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खूंटी की पूरी टीम 74 रनों पर सिमट गयी। खूंटी की ओर से आर्यन हुड्डा 17, प्रशांत 15 व मनीष ने 11 रनो का योगदान दिया। सिमडेगा के हर्ष कुमार ने 5.5 ओवरो में 19 रन खर्च कर सात विकेट हासिल किये। तानिश चौबे को दो व अविनाश को एक सफलता हाथ लगी। टीम के लिए बेहतरीन 28 रन व सात विकेट चटकाने वाले हर्ष कुमार मैन ऑफ द मैच चुना गया। टी आर डी ओ अनवर मुस्तफा, अंपायर व स्कोरर ने प्लेयर ऑफ द मैच को पांच हजार कैशमनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

मौके पर जिला सचिव जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, सुनील सिंह, ओम शंकर, आयुष अग्रवाल, आकाश आनंद, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, सन्नी साहू, मधुसूदन उरांव, शशि प्रकाश, बिनीत नाग सहित अन्य उपस्थित थे। सोमवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बोकारो व लोहरदगा की टीमें आमने-सामने होगी।

# मनिका थाना क्षेत्र में भूमि पर कब्जा करने गए वन विभाग के कर्मी ने महिला के साथ किया बदसलूकी

## पुरखों से बंदोबस्ती भूमि पर किसान कर रहा खेती, वन विभाग ने किया कब्जा, खेती करने के बदले वनपाल पर पांच लाख मांगने का भी आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित नतबेलवा गांव में तीन पुश्तों से खेती कर परिवार का जीविकोपार्जन चला रहे किसान परिवार के भूमि पर वन विभाग ने अपना अधिकार बताते हुए कब्जा कर लिया। जिसका विरोध करने पर वन विभाग कर्मी ने किसान परिवार के महिला के साथ बदसलूकी भी किया। वहीं भुक्तभोगी किसान के परिवार में शामिल महिला लीलावती देवी,पुनम कुमारी और बासमती देवी ने आपबीती सुनाते हुए बताया की हम अपने खेत में लगाए गए फसल को देखरेख कर रहे थे। इसी दौरान वन विभाग के तरफ से वनपाल कुणाल आए और हमलोगों को देखते ही आग बबूला हो गए। साथ ही भद्दी-भद्दी शब्दों में गाली-गलौज करते हुए हाथ पकड़ कर खेत से बाहर कर दिया। यहां तक की हाथ में रखे डंडे को हमारी मुंह में सटा दिया और कहा की यह जमीन वन विभाग का है इस जमीन पर जोत-कोड़ किया तो केस करके जेल भेजवा देंगे। साथ ही वनपाल ने हमारे खेत में आग लगवा दिया।

जिससे खेत में लगे महुआ का छोटा-छोटा पेड़,बैर का पेड़ एवं वन विभाग द्वारा लगाए गए बांस का पेड़ भी जल कर बर्बाद हो गया। वहीं किसान मालिक रामसुन्दर यादव ने बताया जिस भूमि को वन विभाग अपनी भूमि बताकर कब्जा कर रही है उस भूमि पर पुरखो से हम किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते आ रहे हैं,यह भूमि हमारे परिवार के जीविका का एक मात्र साधन है और उक्त भूमि का हमारे पास बंदोबस्ती का कागजात भी है। उन्होंने ने बताया कि पहले तो वन विभाग के वनपाल व वन समिति अध्यक्ष ने उक्त भूमि के बदले पांच लाख रुपए की मांग किया था और पैसा नहीं देने पर हमारी भूमि को वन विभाग अपनी भूमि बताकर छिनने का प्रयास कर रही है। वहीं किसान परिवार ने कहा की हमारी जमीन को गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा व्यक्तिगत दुश्मनी को वनपाल के साथ मिलकर निकलवाया जा रहा है। साथ ही वनपाल के माध्यम से पैसा की डिमांड करवा रहे है। वहीं किसान परिवार ने बताया की उक्त जमीन पर धान, गेंहू, राई, मडूआ, समेत अन्य फसल लगाकर परिवार का जीविका चलाते है। मौके पर भुक्तभोगी किसान परिवार ने विधायक रामचंद्र सिंह से मामले का जांच करवाकर न्याय दिलाने की गुहार लगाया है।



जानकारी देते भुक्तभोगी किसान परिवार

**क्या बोले वन विभाग कर्मी :** इधर मामले के संबंध में पूछे जाने पर वनपाल कुणाल ने कहा की किसान परिवार के द्वारा लगाया गया आरोप सही नही है,उक्त भूमि वन विभाग का है,जहां पर हम अकेले नही गए थे,आरोप तो कोई कुछ भी लगा सकता है।

### वन विभाग की करतूत बर्दाश्त योग्य नहीं: दरोगी

वहीं किसान परिवार पर वन विभाग के द्वारा प्रताड़ित करने के मामले को लेकर मनिका प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की हमारी सरकार वर्षों से जोत-कोड़ कर जीविकोपार्जन कर रहे किसानों को वन पट्टा दे रही है और दूसरे ओर वन विभाग के द्वारा वन भूमि के नाम पर ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बरवाडीह में भ्रष्टाचारियों का चारागाह बन गई मनरेगा योजनाएं : बिरजू राम

## भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मियों पर कारवाई लेकर माले नेताओं ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मनरेगा योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार और मामला उजागर होने के बावजूद संबधित अधिकारियों द्वारा जांच के नाम सिर्फ कागजी खानापूर्ति किए जाने को लेकर शनिवार को भाकपा माले के जिला सचिव बिरजू राम ने अपने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बीडीओ रेशमा रेखा मिंज से मुलाकात करते हुए चार सूत्री मांग पत्र सौंप लुटेरों पर तत्काल करवाई की मांग किया है। मांग पत्र के माध्यम से बिरजू राम ने बताया कि मनरेगा योजना की जाँच में सोशल आडिट की टीम ने भी लीपापोती कर लुटेरों को बचाने का काम किया। आज मनरेगा योजना महा लूट की योजना बनकर रह गई है। हर पंचायत में कूप निर्माण, आम बागवानी, मेढबंदी और दीदी बाड़ी आदि योजना में लूट ही लूट जारी है। 80 प्रतिशत योजनाएं धरातल पर न होकर कागज पर ही फाइनल हो जा रही है। मनरेगा योजनाओं में रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, जेई और मुखिया की मिलीभगत से भारी लूट जारी है।उदाहरण रूप में केचकी पंचायत के सरईडीह निवासी पिंटू कुमार एवं महफूज अंसारी की आम बगवानी में फजीर्वाड़ा पाया गया। जहाँ लोक पाल के द्वारा लाखो रुपए वापसी की बात लिखित रूप से पारित हुआ। लेकिन वह भी अधर में लटका हुआ है, या लीपापोती किया जा रहा है। दीदी बाड़ी एवं खेत मेढ बंदी कागज पर ही शोभा बढ़ा रहा है। उकामाड़ पंचायत के मुरु गांवके कालो देवी का कुआं का पैसा लगभग 35 हजार रुपए फर्जी मस्टर रोल के माध्यम से निकाल लिया गया और जमीन पर एक इंच भी खुदाई नहीं हुई। इसी प्रकार की कुंआ मे फर्जी निकासी दर्जनों गाँव की कहानी है। बखोरी डेरा स्कूल में चहारदीवारी का काम घटिया ईंट और सीमेंट से हो रहा है, प्रशासन मौन है। अबुआ आवास लूट का भेंट चढ़ गया पैसे के बल पर गैर जरूरतमंद लोगों को घर मिल रहा है, और गरीब लोग रोज आवास के लिए प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर लगा रहें है। प्रखण्ड क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लूट जारी है, और अधिकारी चुप्पी साधे हुए है। बिरजू राम ने मांग पत्र के माध्यम से चेतावनी देते हुए कहा कि लूट पर अंकुश नहीं लगा और लुटेरों पर करवाई नहीं हुआ तो माले 15 मार्च के बाद हजारों जनता के साथ प्रखण्ड कार्यालय का घेराव कर लूट और लुटेरों खिलाफ आंदोलन को विवश होगी। माले नेताओं द्वारा लुट के विरोध में किए गए इस पहल के बाद अब देखना यह दिलचस्प हो गया है कि उनका प्रयास रंग लाता है। दोषियों पर कारवाई होती है या फिर मामले को हर बार की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।



बीडीओ को मांग पत्र सौंपते बिरजू राम

### राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने सीएम से की मुलाकात, सौंपा मांग पत्र

# पलामू किला का जीर्णोद्वार व राजा मेदिनिराय को महापुरुष का दर्जा दिलाने की रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह दुद्धी उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व विधायक हरिराम चेरो ने अपने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार को झारखंड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से सत्र के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय में मुलाकात कर महापुरुष महाराजा मेदिनी राय जी के विचारधारा संबंधित सात सूत्री मांग पत्र सौंप कर आधे घंटे तक विस्तृत चर्चा किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने उपरोक्त बिंदुओं पर बिंदुवार पढ़कर पूर्ण रूप से भरोसा दिलाया कि सभी कार्य अति शीघ्र होंगे।

मांग पत्र के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने महाराजा मेदिनी राय जी को झारखंड सरकार द्वारा महापुरुष का दर्जा देने, पलामू किला का जीर्णोद्धार एवं औरंगा नदी पर पलामू किला के पास पुल का निर्माण, पलामू जिला के शाहपुर किला एवं लातेहार जिला के नावागढ़ किला का जीर्णोद्धार, सतबरवा रबदा पलामू किला जतरा मेला को राजकीय मेला का दर्जा दिलाने, आदिवासी विकास महाकुंभ मेला मेला दुबियाखाड़ मेला का शुरूआत पलामू ,लातेहार एवं गढ़वा के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी एवं जन भागीदारी से मेला का प्रारंभ किया गया था परंतु हाल के दिनों में केवल पलामू जिला के भागीदारी हो रही है। यह मेला महाराजा मेदिनी राय जी की याद में प्रारंभ किया गया था आने वाले अगले वर्ष झारखंड स्तर का दर्जा प्राप्त हो, पलामू जिला मुख्यालय में जिला परिषद कार्यालय के सामने खाली जमीन पर राजा मेदिनी राय जी की प्रतिमा स्थापित कराने, राज मेदिनी राय जी के नाम से प्राइमरी से ग्रेजुएशन तक निशुल्क सरकार द्वारा पठन-पाठन जनजातीय छात्रावास एवं विद्यालय की स्थापना कराने आदि से अवगत कराया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के सविंद सिंह चेरो, राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी हृदया सिंह और अवधेश सिंह आदि मौजूद थे।



मांग पत्र सौंपती प्रतिनिधिमंडल

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अनिकेत ढाबा में रांची के प्रतिष्ठित आयुष्मान मंगल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के सौजन्य से क्षेत्र के ग्रामीण चिकित्सा के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जहां उक्त अस्पताल के चेयरमैन डॉक्टर शिव शंकर (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञता) व अस्पताल के डायरेक्टर विनोद मिश्रा ने उपस्थित ग्रामीण शिक्षकों को अपने चिकित्सीय अनुभव का साझा करते हुए विभिन्न प्रकार के बीमारियां के इलाज के महत्वपूर्ण पहलुओं को जानकारी दी साथ ही इलाज के दौरान किए जाने वाले जांच के महत्व को भी बारीकी से बताया ,इस दौरान डॉ शिव शंकर ने सभी चिकित्सक से कहा कि आप अपने अनुभव से इलाज करते रहें ,लेकिन जब भी कोई क्रिटिकल केस मिले तो उसे किसी अच्छे हॉस्पिटल का मार्गदर्शन दिजिए ताकि उसका सही सस्ता ईलाज हो और आपका मान सम्मान मे इजाफा हो. हमारा हॉस्पिटल गरीब से गरीब व्यक्ति का उचित दर पर इलाज किया जाता है आयुष्मान कार्ड धारी का निशुल्क इलाज भी व्यवस्था है आप सभी सभी कभी भी जरूरत पड़ने पर निशुल्क मार्गदर्शन को लिए हम तत्पर हैं।.आप सब मरीज का जांच रिपोर्ट, अल्ट्रा साउंड का रिपोर्ट हमारे पास भेज सकते है ,आपको उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा, ऐसा करने से किसी व्यक्ति को उचित स्वास्थ्य सुविधा मिलेगा. हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंचकर वहां के चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ करने का प्रयास करना है .मौके पर प्रखंड मुख्यालय ग्रामीण चिकित्सा मौजूद थे।



कार्यशाला में उपस्थित लोग

# अवैध नर्सिंग होम को किया गया सील

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में चल रहे अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के विरुद्ध बालूमाथ बीडीओ सोमा उराँव और प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी प्रकाश बड़ाइक ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रखंड मुख्यालय के टमटमटोला स्तिथ एम. एस नर्सिंग को सील कर दिया। जहां जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड करने वाला मल्टी मशीन भी बरामद हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि जिले के उपायुक्त को सूचना प्राप्त थी कि विभिन्न नर्सिंग होम में अल्ट्रासाउंड रखकर लिंग परीक्षण किया जाता है जिस कारण जिले में लिंगानुपात में कमी आई है। बेटियों के अपेक्षा बेटों की संख्या ज्यादा हो गई है। इसके अलावा कई अवैध नर्सिंग होम संचालित है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आगे बताया कि उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा जिन-जिन अवैध नर्सिंग होम संचालकों के पास कागजात नहीं होंगे उन्हें भी सील किया जाएगा। ज्ञात हो की बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में कई अवैध नर्सिंग होम संचालित हैं जिनमें बिना रजिस्ट्रेशन पेपर के संचालन किया जा रहा है। वहीं धड़ल्ले से बिना एमबीबीएस चिकित्सक, सर्जन और बिना एनेस्थीसिया के सिजेरियन ऑपरेशन किया जा रहा है। कई बार जच्चा-बच्चा की भी मौत हो चुकी है बावजूद ऐसे नर्सिंग होम संचालकों पर कार्रवाई नहीं हो रहा है।



सील करते अधिकारी

## एक नजर में

### घायल नर टस्कर हांथी की इलाज के दौरान हुई मौत

**बरवाडीह।** पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला वन प्रक्षेत्र अंतर्गत बीते छह दिनों पूर्व दो नर टस्कर हाथियों के बीच हुई आपसी लड़ाई में घायल एक हांथी की शनिवार को मौत हो गई। पलामू व्याघ्र परियोजना के उप निदेशक द्वारा शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि बीते दिनों पार्क क्षेत्र में हुए दो नर हाथियों की लड़ाई में घायल एक नर हांथी का इलाज पशु चिकित्सकों डॉ. फरहत जब्बार और डॉ.सुनील कुमार द्वारा गठित टीम की निगरानी में किया जा रहा था। लेकिन उक्त घायल हांथी को बचाया नहीं जा सका। शनिवार की सुबह आठ बजे तेलही पहाड़ के पास उक्त इलाजरत हांथी मृत पाया गया। उधर लगातार हो रही वन्य प्राणियों की मृत्यु ने एक बार फिर वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए है। एक ओर जहां सरकार, वन एवं वन्य प्राणियों की रक्षा और सुरक्षा के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए वन विभाग को मुहैया कराती है।



नर हांथी

### ग्रामीणों ने जिला परिषद से की सोलर जलमीनार चालू कराने की मांग

**चंदवा।** चंदवा पश्चिमी के स्थानीय जिला परिषद बस स्टैंड में पिछले 1 वर्ष से लगे सोलर जल मीनार को शीघ्र चालू करवाने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों ने कहा है कि यहां बीते एक वर्ष पूर्व ही सोलर जल मीनार लगाया गया था। जो अब तक चालू नही किया गया है। भीषण गर्मी में यहां रहने वाले ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताते चले कि लगभग 500 परिवार को इस जलमीनार से जोड़ा गया है। यहाँ पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दाल भात योजना भी संचालित होती है। केंद्र में भी पानी की भारी किल्लत है। एसएचजी की महिलाओं के द्वारा दूर से पानी लाकर केंद्र का संचालन किया जाता है। इस बाबत उंन्होने कई बार अधिकारियों को सूचित भी किया है। परंतु अब तक कोई पहल नही की गई है। ग्रामीणों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से इस समस्या को दूर करते हुए तत्काल इस सोलर जल मीनार को चालू करवाने की मांग की है। बताते चले कि इस योजना में काफी बंदरबांट किए गए है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करने की जरूरत है। जल मीनार बंद रहने से यहां रहने वाले लोग दूर से पानी ला रहे हैं। उनकी परेशानी को देखते हुए तत्काल सोलर जल मीनार चालू कराने की पहल करने की जरूरत है।



बंद पड़ा जलमीनार

## घर में चोरी का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीरा पंचायत के रोल ग्राम में शुक्रवार की रात्रि भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोहित शाहदेव पिता स्व. लाल प्रदीप नाथ शाहदेव के घर पर अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। हालांकि रोहित शाहदेव की मां के जाग जाने के कारण चोर अपने मंसूबे फेल हो गए व उन्हें भागना पड़ा। इधर घटना के बाद रोहित शाहदेव द्वारा मामले की सूचना पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार को दी गयी, सूचना के बाद शनिवार को चंदवा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची व जांच पड़ताल की। मामले को लेकर रोहित शाहदेव ने बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि करीब ढाई बजे चहारदीवारी फांद कर अज्ञात चोर घूंस आये व एक दरवाजे के कुंडी को तोड़कर घर के में आये, जिस कमरों में लोग से रहे थे उन कमरों के दरवाजों को खोलने के प्रयास करने लगे, इसी दौरान रोहित शाहदेव की मां की नींद खुल गयी, दरवाजा खुला देख उन्होंने घर के अन्य सदस्यों को आवाज लगाई, जिसके बाद चोर भाग गए व बाहर आने के बाद भिसिल बजाकर घर के बाहर मौजूद अन्य चोरो को भागने का संकेत किया। ग्रामीणों की माने तो गांव में ही मुकेश प्रजापति के घर मे चोरी का प्रयास किया है। हालांकि इसकी शिकायत पुलिस से नही की गई थी। इधर रोहित शाहदेव ने चंदवा थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## उपायुक्त ने की जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त एक्शन लेने का निर्देश

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 27 जनवरी से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में 27 वाहनों को जब्त कर 06 प्राथमिकी दर्ज गई है। तथा 5,10,750 लाख रुपए जुमार्ना राशि की वसूली की गई। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई। समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

## राहुल सिंह गैंग का लेवी पैसा वसूलने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने राहुल सिंह गैंग के दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ ने बताया की पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर राहुल सिंह गिरोह के दो अपराधी कुलदीप किंडो पिता मुनेश्वर किंडो पता गूंगा टोली थाना बिशुनपुर जिला गुमला निवासी एवं राहुल मुंडा पिता सुकर मुंडा पता लावालौंग जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया । इंस्पेक्टर ने बताया कि यह दोनों अपराधी राहुल सिंह गैंग के लेवी के पैसे का उगाही करते थे । और इन पैसों से हथियार एवं बाइक खरीदते थे । एवं गैंग को जहां-जहां पैसे की जरूरत होती थी वहां पैसा पहुंचाने का कार्य करते थे । इस संबध में बालूमाथ थाना कांड संख्या 12/25 के तहत मामला दर्ज किया गया था । वहीं छापेमारी दल में अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, रंजन , संतदेव एवं शस्त्र बल के जवान शामिल थे ।

# वर्ष 2015-16 में नियुक्त शिक्षकों को प्रोन्नति से किया गया वंचित, डीसी को सौंपा आवेदन

## नवनियुक्त शिक्षकों के साथ भेदभाव पूर्ण नीति अपनाई गई है जो बर्दाश्त करने लायक नहीं है: यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिलेभर में कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों का ग्रेड 4 में प्रोन्नति दिया गया। जिसमें वर्ष 2015-16 में नियुक्त शिक्षक को प्रोन्नति से वंचित किया गया जबकि लातेहार जिले में कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों का प्रोन्नति नियमावली 1993 के तहत किया गया। जिसमें सभी अर्हताधारी शिक्षकों का नाम शामिल किया गया। अंतिम रूप से प्रकाशित सूची में वर्ष 2015-16 में नियुक्त शिक्षकों का नाम शामिल था। साथ ही काउंसलिंग हेतु प्रकाशित सूची में भी 15 -16 को शिक्षकों का नाम था। काउंसलिंग कराने के बाद प्रोन्नति से हटा दिया गया। जो नैसर्गिक न्याय के खिलाफ है। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव ने कहा कि यह नवनियुक्त शिक्षकों के साथ भेदभाव पूर्ण नीति अपनाई गई है जो बर्दाश्त करने लायक नहीं है। इस पर संगठन आंदोलन करने को विवश होगा। प्रोन्नति से वंचित की गई शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी ने जिला उपायुक्त लातेहर सह जिला शिक्षा स्थापना समिति को आवेदन देकर प्रोन्नति आदेश में नाम शामिल करने की मांग की है।



आवेदन देने जाते शिक्षक

**शिक्षिका लक्ष्मी ने क्या कहा:** लक्ष्मी कुमारी ने बताई की अंतिम सूची में काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था काउंसलिंग कार्रवाई भी गई थी उसके बाद बिना कुछ बताए प्रोन्नति से वंचित कर दी गई है। लक्ष्मी कुमारी वर्ष 2015-16 में नियुक्त होकर 1 से 5 की शिक्षिका है जो सभी अहर्ता पूरा करते हुए आरटीई के प्रावधान के अनुसार वर्ग ग्रेट 4 में प्रोन्नति के लिए 6- 8 का टेट भी पास है पर बिना कारण बताएं प्रोन्नति से वंचित कर दी गई है जो नियम संगत नहीं है।

## चावल लेकर जा रही 14 चक्का ट्रक नियंत्रित होकर पलटा, बाल बाल बचे चालक उपचालक

**बारियातू।** गढ़वा से कलकत्ता के लिए चावल लेकर जा रही 14 चक्का ट्रक सीजी 15 डीएच 4451 अनियंत्रित होकर चतरा रांची मुख्य मार्ग बरछिया पुल से सटे पहाड़ के पास बिते रात पलट गई। ट्रक पलटने से चालक उप चालक को कोई हताहत नहीं हुई। मिली जानकारी के मुताबिक चावल लेकर गढ़वा से से बंगाल जा रही थी. बिते रात अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गई जिससे लदे चावल इधर उधर बिखर गया। बारियातू पुलिस घटना स्थल पहुँच कर सहयोग करने मे जुट गई और अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।



पलटा ट्रक

## नि:शुल्क कृतिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में बांटे गये जरूरतमंद उपकरण

# नर सेवा ही नारायण सेवा है : जीएम रंजय सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/करगली।** करगली स्थित कल्याण मंडप मे श्री भगवान महाबीर विकलांग सहायता समिति झारखण्ड के द्वारा बेरमो के पूर्व विधायक स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के स्मृति मे पांच दिवसीय नि:शुल्क कृतिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल ढ़ोरी जीएम रंजय सिन्हा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल ढ़ोरी के कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह के तस्वीर पर पुष्पर्जन कर तीसरे दिन शिविर का उद्घाटन किया। जीएम सिन्हा ने कहा कि श्री भगवान महाबीर विकलांग सहायता समिति के द्वारा जो यह कार्य किया जा रहा है, वह काफी सराहनीय है। इस संस्था के द्वारा दिव्यांगों के सहारे के लिए जो कदम उठाया है, इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। मैं कामना करूंगा कि इन दिव्यांग जनों के शरीर में जो कमियां है उसे कमी को इस शिविर के माध्यम से कम किया जा सकेगा। इससे दिव्यांग जन अपने जीवन मे आगे बढ़ सकेंगे। कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जो मनुष्य का सेवा कर रहा है मानो वो भगवान का सेवा कर रहा है। वही समिति के कोऑर्डिनेटर हरीश दोषी उर्फ राजू भाई ने जीएम से एक भवन की मांग की। कहा कि अपना एक भवन होने से प्रत्येक महीने स्वास्थ्य जांच शिविर, विकलांगता जांच शिविर, अंग प्रत्यारोपण, होम्योपैथी जांच शिविर आदि का आयोजन किया जा सकेगा। ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि अभी दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, वैशाखी, श्रवण यंत्र, कैलीपर्स आदि उपकरण आदि का वितरण किया जा रहा है। मौके पर रांची से आये रितेश कुमार पटवारी, संजय कुमार, शुभम कुमार, रोहित कुमार, पशुपति रजवार सहित प्रमोद अग्रवाल, पवन शर्मा, ललन रवानी, नेमीचंद गोयल, मुरारी लाल अग्रवाल, दयानन्द बारणवाल, राम अवतार कारिवाल, राजेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# बोकारो : छह तक मांगें पूरी नहीं हुई तो सात से चक्का जाम की घोषणा

- क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ की बैठक में लिया गया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के धमन भट्ठी विभाग में सेल एवं बोकारो प्रबंधन की कथित मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ तथा मजदूरों की लंबित मांगों के समर्थन में क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ की मीटिंग में संघ के महामंत्री सह सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रबंधन को कुम्भकर्णी निद्रा से जगाने हेतु मजदूर आर-पार के संघर्ष के लिये कमर कसकर मैदान में उतर चुके हैं। 06 मार्च तक हमारी मांगें पूरी नहीं हुई तो संघर्ष के प्रथम चरण में 07 मार्च को 24 घंटा कोक-ओवन एवं धमन भट्ठी का चक्का जाम रहेगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ 39 महीने का एरियर वर्षो पुराने इन्सेंटिव रिवॉर्ड के द्वारा नियमित मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ ठेका मजदूरों का तो भगवान ही मालिक है। हमने कई बार वार्ता के द्वारा अधिकारियों से सिस्टम को सुधारने का आग्रह किया कि मजदूरों में आक्रोश बढ़ रहा है। मेडिकल चेकअप को गेट पास से अलग करिये मगर हर बार सिर्फ आश्वासन देकर ये कुम्भकर्णी निद्रा में लीन हो जाते हैं। सिंह ने कहा कि ईएसआईसी से बाहर हो चुके कुशल कामगार इलाज को दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने मजदूरों को आह्वान करते हुए कहा कि दलालो से सावधान-अबकी बार आर या पार। मीटिंग को सिंह के अलावा विपिन कुमार सिंह शशिभूषण अम्बेडकर मनोज ठाकुर, संतोष कुमार, वासुदेव कुम्भकार, उत्तम मिश्रा, प्रमोद कुमार आदि ने भी संबोधित किया।

## एक नजर में

### ऑन लाइन रिकार्ड में जमीन का किस्म शिकमी करने के लिये बोकारो डीसी ने लिया संज्ञान

बोकारो। विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आनलाइन रिकार्ड में जमीन का किस्म शिकमी करने पर चास के लोगों में रोष से संबंधित खबर प्रकाशित/प्रसारित किए जाने पर उपायुक्त विजया जाधव ने स्वत: संज्ञान लेते हुए आमजनों से अपील किया है कि जमीन के खाते से संबंधित यदि ऑनलाइन किसी भी प्रकार की त्रुटि है तो त्रुटि करण के निराकरण के लिए परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें। आमजन कामन सर्विस सेंटर साइबर कैफे अंचल कार्यालय आदि के माध्यम से परिशोधन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं ताकि आवेदन की जांच कर त्रुटि का निराकरण ससमय किया जा सके। इस बाबत अपर समाहर्ता एवं सीओ चास समेत अन्य कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दे दिया गया है।

### बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारियों का विदाई समारोह संपन्न



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट से फरवरी माह में सेवानिवृत होने वाले कुल 07 अधिशासी एवं 47 अनाधिशासी कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी एवं ईडी मानव संसाधन राजश्री बनर्जी उपस्थित रहे। आरंभ में एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया। ईडी रंगानी एवं बनर्जी ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। सुरेश रंगानी एवं राजश्री बनर्जी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की और उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी के द्वारा किया गया। सीजीएम आइबन बंकिरा के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में कार्यकारी निदेशक प्रभारी सीआर महापात्रा, सुरेश रंगानी, राजश्री बनर्जी विकास मनवटी व सीआर मिश्रा कार्यकारी सहित विभिन्न विभागों के सीजीएम एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। निदेशक प्रभारी महापात्रा ने आइबन बंकिरा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और उपस्थित सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बोकारो : जीजीएसईटीसी में आयोजित कार्यक्रम में हुई वैज्ञानिक महत्व की विवेचना

बोकारो। जीजीएसएसटीसी बोकारो में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों शिक्षकों और अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ मनोजीत डे ने इस दिन की महत्ता पर प्रकाश डाला। निदेशक इन-चार्ज डॉ एपी बर्नवाल ने विज्ञान के क्षेत्र में हुई प्रगति और उभरते वैज्ञानिकों के योगदान को सराहा। सचिव एसपी सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक आविष्कारों के द्वारा समाज में बदलाव लाया जा सकता है। अतिथि एके झा ने राष्ट्रीय विज्ञान पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ मनोजीत डे ने राष्ट्रीय विज्ञान पर एक प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता में रिया ने पहला स्वस्तिका पांडे ने दूसरा और सुमित सागर ने तीसरा स्थान स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में कृतिका कुमारी ने पहला और सुजिता कुमारी ने दूसरा स्थान क्विज में नीतू कुमारी ने पहला अंकित कुमार ने दूसरा और सत्यम कुमार गोस्वामी ने तीसरा स्थान प्राप्त किए। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति में ऋद्धिमा सिंह अदिति कुमारी और अनुषा सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में अनुष्का झा ने पहला और प्रिया कुमारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन कृतिका चौधरी-संचार प्रकोष्ठ की समन्वयक ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरुहार और अध्यक्ष तरसेम सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### हजारी मोड़ के समीप एक रेस्टोरेंट में धर्मांतरण कराने का आरोप, विहिप ने किया हंगामा

गोमिया। गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी मोड़ के समीप एक रेस्टोरेंट में शनिवार को एक धर्म विशेष के कुछ लोगों द्वारा धार्मिक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से आए कुछ लोग कार्यक्रम कर रहे थे। इसकी सूचना जब विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को मिली तो वे अविलंब रेस्टोरेंट में पहुंचकर हंगामा किया और स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। गोमिया थाना के अवर निरीक्षक मनोज कुमार सदल बल रेस्टोरेंट में पहुंचकर मामले को शांत कराते हुए कार्यक्रम को रुकवाया। अवर निरीक्षक ने बताया कि यह एक जागरूकता कार्यक्रम था और इसके आयोजन के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। वहीं आरएसएस के प्रांत सेवा सह प्रमुख टोली के पदाधिकारी विनय कुमार ने बताया कि एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा गांव के भोले भाले लोगों को बहला फुसलाकर धर्मांतरण कराया जा रहा है और इस तरह के कार्य आरएसएस के लोग बर्दास्त नहीं करेंगे। मौके पर विहिप के प्रखंड संयोजक सुमित कुमार, अमित कुमार, किशन कुमार,राजू कुमार, विक्की मिश्रा, विनय वर्मा आदि उपस्थित थे।

### शिकारीपाड़ा में नक्सलियों ने चिपकाया पोस्टर

शिकारीपाड़ा। दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनागाड़िया के कौवा महल गांव में नक्सलियों के नाम से धमकी भरे कई पोस्टर चिपकाए गए हैं। यह पोस्टर टेलरिंग का काम करने वाले खुर्शीद आलम की टेलर दुकान के बाहर चिपका कर अंजाम भगतने की धमकी दी गई है। पोस्टर में लिखा है खुर्शीद अंसारी पिता अयूब अली तुम्हारा सालबदरा में जो जमीन निकला है वह हमारे हवाले कर दो नहीं तो तुम्हारा अंजाम बुरा होगा। भाकपा (माओवादी) इस पोस्टर के मिलने के बाद इलाके में खलबली मच गई। सूचना पर शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर पोस्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि प्रथम दृष्टिया सामाजिक तत्वों की करतूत लग रही है, जमीन विवाद में इस तरह के पोस्टर चिपकाए गए हैं।

## स्पीड न्यूज

### गोविंदपुर सीसीएल के खदान में तैरता मिला युवक का शव

बेरमो। गोविंदपुर सीसीएल कॉलोनी में पानी सप्लाई वाली खदान में शनिवार की सुबह एक युवक का तैरता हुआ शव मिला। शव का पहचान गोविंदपुर सीसीएल कॉलोनी के नीचे माइंस निवासी राजकुमार भुईया के 21 वर्षिय पुत्र राहूल कुमार उर्फ पंडरा का बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि वह घर से विगद 16 फरवरी से ही लापता था। जिसका लिखित आवेदन बोकारो थर्मल थाना में दिया गया था। परिजनों को शक है कि उसे किसी ने मार कर खदान में फेंक दिया है। घटनास्थल पर पहुंचे बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह को मृतक के पिता राजकुमार भुईया ने चिट्ठी दी है। थाना प्रभारी शैलेंद्र, एस आई धनंजय सिंह, अजीत कुमार, बैजुन मरांडी सहित थाना की टीम घटना की जांच कर रही है।

### बोकारो : जगदंबा ज्वेलर्स से लाखों की चोरी

बोकारो। शहर के सेक्टर-वन राम मंदिर मार्केट स्थित जगदम्बा ज्वेलर्स में सेंधमारी कर चोरों ने लाखों के गहनों पर हाथ साफ किया। सुबह दुकान खोलने के बाद अंदर के हालात देखकर दुकान मालिक को किसी अनहोनी की आशंका हुई। गौर करने पर पिछली दीवार में एक छेद दिखा। संभवत: वहीं से चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया और निकल भागे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है जिसके आधार पर चोरी की घटना का उद्भेदन कर सके।

### तुपकाडीह अंडरपास रेलवे पुल हुआ आरंभ



बोकारो। तुपकाडीह रेलवे स्टेशन से उत्तर दिशा में तेनु बोकारो नहर के पास रेल फाटक को बंद करने के बाद नवनिर्मित अंडरपास पुल से लोगों का आना-जाना शुरू हो गया। स्टेशन मैनेजर सुधीर कुमार ने बताया कि गत वर्ष इस पुल का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन किया था। अब इसे जनता के लिए तैयार कर खोल दिया गया है। इधर उप मुखिया राजू महतो ने कहा कि अक्सर रेल फाटक बंद होने के कारण स्कूली बच्चों काम पर जाने वाले लोगों को काफी देर तक रुकना पड़ता था। अब आमजन को एक परेशानी से छुट्टी मिली। रेल विभाग का प्रयास सफल रहा।

### बेरमो: डंफर चालक की सड़क दुर्घटना में मौत

बेरमो। बोकारो जिले के बोकारो थर्मल डीवीसी के बोकारो थर्मल एस पौंड से छाई लेकर रामगढ़ की ओर जा रही हाइवा डंफर चालक मनोज नायक की मौत शुक्रवार की संध्या जरीडीह थाना क्षेत्र के जैनामोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में हो गई। घटना से आक्रोशित मृतक हाइवा डंफर चालक के परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने शनिवार को डीवीसी के बोकारो थर्मल एस पौंड में शव के साथ आंदोलन शुरू कर दिया है। साथ ही एड पौंड से होने वाली छाई ट्रांसपोर्टिंग का कार्य को भी ठप करवा दिया गया है। मृतक चालक लॉर्ड्स कम्पनी के अधीन बोकारो थर्मल एस पौंड से डम्फर के द्वारा छाई ट्रांसपोर्टिंग का कार्य में लगा हुआ था। मृतक डंफर चालक कुरपानिया का रहने वाला था। आंदोलन कर रहे जनप्रतिनिधियो का कहना है कि जब तक कंपनी के अधिकारी वार्ता कर उचित मुआवजा एवं नियोजन नहीं देंगे तब तक छाई ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप रहने के साथ साथ मृतक चालक का शव भी एस पौंड में ही रहेगा। वही घटना की सूचना मिलने के बाद बेरमो प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव घांसी, मुखिया विकास सिंह उर्फ बबलू सिंह, सीमा देवी, मंजूर आलम शामिल थे।

# बाबूलाल मरांडी को भाजपा में नहीं मिल रही इज्जत : मंत्री डॉ इरफान

## जमीन विवाद के मामले में मंत्री अंसारी व पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की कोर्ट में हुई पेशी

खबर मन्त्र संवाददाता



कोर्ट से पेशी के बाद निकलते मंत्री डॉ इरफान अंसारी।

**दुमका।** स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ कैग ने जो रिपोर्ट दिए हैं। उसमें कोई दम नहीं है। कैग रिपोर्ट कितना सत्य है या कितना असत्य, यह मेरे समझ से परे है। उक्त बातें कोर्ट में पेशी के बाद स्वास्थ मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शनिवार को कहा। मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि इसमें कितनी सच्चाई है। यह जांच के बाद ही पता चलेगा। वैसे पूर्व में कैग ने तो 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाला का भी रिपोर्ट दिया था। कलमाडी साहब को भी गलत बताया था। लेकिन वे बेदाग साबित हुए। मंत्री ने कहा कि यह वर्तमान में भले ही मेरे विभाग का हो पर मामला रघुवर दास के समय का है। बाबूलाल मरांडी जो अभी कैग रिपोर्ट को लेकर हमारे खिलाफ अभी बोल रहे हैं, तो जब मेरी यह बात उन तक पहुंचेगी कि यह भाजपा के शासनकाल का है। तब वे इसके खिलाफ नहीं बोलेंगे। मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी की भाजपा में इज्जत नहीं है। इसकी वजह यह है कि वे ट्राइबल हैं। विधानसभा में भी उन्होंने बोलना छोड़ दिया है। उन्हें सदन में हेमंत सरकार के सामने रखने के लिए उनके सामने कोई मुद्दा नहीं है। आज भाजपा अपने सीपी सिंह और अन्य नेताओं द्वारा दाब कर रखा गया है। मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को यह सलाह दी कि आप बीजेपी को छोड़ दें।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में कमल फूल अब पूरी तरह से मुरझा चुका है। इसमें कोई उत्साह नहीं बचा है। दिल्ली स्थित राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर नहीं चल कर नागपुर से संचालित हो रहा है।

### जमीन मुहैया कराने को लेकर मंत्री से मिले अधिवक्ता

**दुमका।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी का अधिवक्ता संघ ने शनिवार को संघ कार्यालय में स्वागत किया। संघ अध्यक्ष निशिकांत, सचिव राकेश यादव एवं कोषाध्यक्ष बिमलेंदु कुमार ने माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ ने मंत्री डॉ अंसारी को संघ कार्यालय के लिए होने वाले भवन निर्माण को लेकर जमीन मुहैया कराने का मांग किया। अधिवक्ता संघ ने कोर्ट परिसर में खाली पड़ा पुराना एसडीओ कार्यालय का जमीन मुहैया कराने की पहल करने का आग्रह किया। इस पर मंत्री डॉ अंसारी ने संघ प्रतिनिधियों को रांची पहुंचने को लेकर आमंत्रित किया। जिससे संबंधित मंत्री को मिलवा जमीन दिलाने की दिशा में सकारात्मतक पहल का आश्वासन दिया। यहां बता दें कि राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता संघ कार्यालय भवन निर्माण को लेकर करीब 7 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। लेकिन प्रर्याप्त जमीन नहीं होने के कारण भवन निर्माण में अड़चने आ रही है।

## एमपीएल के ट्रांसोटिंग को रोका गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** हाईवा कोलांचल एसोसिएशन बेरमो के द्वारा दीनदयाल उपाध्याय चौक के समीप एमपीएल के कोयला ट्रांसपोटिंग को रोका गया। एसोसिएशन के लोगो ने बाताया कि बोकारो, करगली प्रक्षेत्र अतंर्गत कारो एवं खासमहल परियोजना से संजय उघोग प्रा० लिमिटेड द्वारा मैथन पॉवर लिमिटेड के लिए ट्रांसर्पोटिंग की जाती है। उसमें बेरमो क्षेत्र के हाईवा को पासिंग नही किया गया है और न ही उचित भाड़ा दिया जाता है। उन्होंने डीवीसी अधिकारी पर आरोप लगाया हैं कि मिली भगत से ओवर लोड गाडी कांटा से छोडा जा रहा है। जो एस डी एम के आदेश का उलंधन किया जा रहा है। कहां कि जब तक बेरमो के हाईवा को पासिंग और उचित रेट नही दिया जाएगा तक तक एमपीएल का ट्रांसपोटिंग बंद रहेगा। मौके पर अध्यक्ष गुलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष मुन्ना विश्वकर्मा, महासचिव अंशु राय, संगठन मंत्री यूसूप अंसारी, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, आजाद बाउरी, सहित प्रदीप ठाकुर, महावीर महतो, लखन राम, मानिक साव, कपिल साव, विकास, सूरज, संजय राम, सूरज महतो, मालती देवी, कौशल्या देवी, पारो देवी, सुनैना देवी, द्रोपतिया देवी, राजु चौधरी आदि मौजूद।

## दुमका : मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल को लेकर डालसा ने किया कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को हुआ। कार्यशाला प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी के निर्देशानुसार न्याय सदन में आयोजित हुई। कार्यशाला का उदघाटन डीजे-वन रमेश चंद्र, डीजे-टू प्रकाश झा, डीजे-फोर धर्मेंद्र कुमार सिंह, डीजे-फाईव शत्रुंजय कुमार सिंह, सीजेएम अनूप तिर्की, प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद एवं मुख्यालय डीएसपी इककुट डुंगडुंग ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक दंडाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यशाला में मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय व उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला डीजे-टू प्रकाश झा ने मोटर दुर्घटना कानूनों में वर्ष 2022 में हुए बदलाव को उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 30 दिनों के अंदर पुलिस को दुर्घटना से संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है। ऐसा नहीं होने पर कोर्ट को सूचित करना आवश्यक है। उन्होंने युवा थाना प्रभारियों से बेहतर करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि पुराने लोंगों से बेहतर आप कर सकते है। डीजे-वन रमेश चंद्र ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिर्वाय है। पुलिस पदाधिकारियों के कर्त्तव्यों को बताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद इंशोरेंस कंपनी को जानकारी देना है और इंशोरेंस कंपनी को ससमय रिपोट सौंपना और वैद्य स्वीकृति देना कार्य है। मुख्यालय डीएसपी इककुड़ डुंगडुंग ने मुआवजा दिलाने में पुलिस पदाधिकारियों को महत्ती भूमिका और कर्त्तव्यों को बता थानाध्यक्षों को अपनी भूमिका कर्त्तव्यनिष्ठा से निभाने का अपील किया। कार्यशाला का नेतृत्व प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा एवं संचालन एलएडीसी, अंकित कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर चीफ एलएडीसी, सिकंदर मंडल, डिप्टी चीफ, सरोज कुमार गोन, सहायक रोबिन कुमार भी उपस्थित थे।

## विभिन्न श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने फिल्टर प्लांट, करगली क्षेत्रीय अस्पताल का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बीएंडके क्षेत्र के श्रमिक संगठन, आरकेएमयू, एन सी ओ ई ए तथा सीसीएल सीकेएस के प्रतिनिधियों ने वाटर फिल्टर प्लांट करगली तथा क्षेत्रीय अस्पताल करगली का निरीक्षण किया। निरिक्षण के क्रम में पानी फिल्टर प्लांट में कई अनियमितताएं पाई गई।फिल्टर प्लांट मे पानी की सफाई के लिए मानक मात्रा को दरकिनार कर गुणवत्ता हीन फिटकरी एवम ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया जा रहा है। जिसके कारण कॉलोनियों में पीने योग्य पानी का सप्लाई नहीं हो रहा है।प्लांट के चारदीवारी के अंदर बड़ी मात्रा में झाड़ी उग आए हैं,जिनकी नियमित कटाई होनी चाहिए थी। बी टी पंप घर में कर्मियों के आने जाने की काफी असुविधा है। नीचे नदी से पानी इंटेक वाली जगह भी कर्मियों के काम करने लायक नहीं है। मेकॉन कंपनी का रेनोवेशन का काम काफी धीमी गति से और गुणवत्ता विहीन चल रहा है। इसी क्रम में श्रमिक प्रतिनिधियों ने करगली क्षेत्रीय अस्पताल का निरिक्षण भी किया। यहां रसोई घर के आसपास कुछ साफ सफाई का अभाव दिखा। एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ संतोष कुमार ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में चिकित्सकों के नही होने पर आने वाले समय में रात्रि पाली बंद कर दिया जा सकता है। एक्सरे टेक्नीशियन के अवकाश में जाने पर एक्सरे बंद रहता है। प्रतिनिधियों ने इन सारी बातों को गंभीरता से लिया है और इससे क्षेत्रीय प्रबंधन तथा सीसीएल मुख्यालय को अवगत करा कर त्वरित समाधान करने की मांग किया। प्रतिनिधिमंडल में गजेंद्र सिंह, विजय कुमार भोई, रामनीहोरा सिंह,नंदकिशोर सिंह, सुरेश कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, मुनिलाल हजाम, राजकुमार ठाकुर, सुरेश यादव एवं बिनोद शर्मा आदि उपस्थित थे।

## गोड्डा : एक साइबर अपराधी और 2 नकली शराब बनानेवाले गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक साइबर अपराध के आरोपी को शनिवार को गोड्डा नगर थाना पुलिस ने गिरफतार किया। गिरफ्तार दीपक कुमार चंद्र उम्र 27 वर्ष पिता विनोद चंद्र जो काला डुमरिया सरकंडा थाना पथरगामा का निवासी बताया गया है। उसके पास से दो मोबाइल, टेप खाता आदि संदेहास्पद कई चीजें जब्त की गई। गिरफ्तारी में पुलिस निरीक्षक नगर थाना प्रभारी गोड्डा दिनेश महली, भोला दास सहायक पुलिस निरीक्षक गोड्डा के साथ अन्य पुलिस जवान शामिल थे। पोडैया हाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत नकली शराब बनाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा गया। साथ ही कई कार्टून शराब की बोतलें जब्त की गई है।

## पेज एक का शेष

### सदन की गरिमा...

इसकी गरिमा बनाये रखना हम सब का दायित्व है। यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होता है। सदन में सबके हक की समान ढंग से गूंजती है। उन्होंने कहा, सदन में भले ही हम पक्ष या विपक्ष के लोग अलग-अलग विचार रखते हों, परंतु इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से एक ऐसी मार्ग प्रशस्त होती है, जहां सभी को सदन में स्वागत के भाव से आमंत्रित किया जाता है।

सभी सदस्य जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष रखते हैं। लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा और भव्यता किसी धर्म से अछूता नहीं है। सीएम ने कहा, सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जो भी इस सदन में आते हैं, वे सीखते भी हैं और जन आकांक्षाओं को पटल पर रखते भी हैं। मुझे विश्वास है कि सभी माननीय सदस्य राज्य के विकास के लिए अपनी भूमिका का पूरी तरह से निर्वहन करेंगे।

**क्यों पड़ी इसकी जरूरत :** इस ट्रेनिंग प्रोग्राम की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि नये विधायकों को विधायी प्रक्रिया और नीति निर्माण के बारे में जानकारी की कमी है। सबों को अपने मतदाताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय से ही विकास की रूपरेखा तय होती है, लेकिन हाल के वर्षों में जिस तरह से विधायिका की कार्यशैली और आचरण पर सवाल उठे हैं।

यह निश्चित रूप से सोचने लायक है। 20 सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार आये हैं। 24 सदस्य दूसरे कार्यकाल के लिए, 17 तीसरे कार्यकाल के लिए, 12 चौथे कार्यकाल के लिए, चार पांचवें कार्यकाल के लिए, एक छठे कार्यकाल के लिए, दो सातवें कार्यकाल के लिए और एक सदस्य स्टीफन मरांडी नौवीं बार चुने गये हैं।

### सिविल कोर्ट ने ...

इसके बाद यह केस सुनवाई के लिए 19 फरवरी को मजिस्ट्रेट कोर्ट से ट्रायल कोर्ट में ट्रांसफर हुआ। वहीं 20 फरवरी को कोर्ट ने धारा 341,323,325, 307,504 और धारा 34 में चार्जफ्रेम किया।

इस केस की सुनवाई रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त 13 देवाशीष महापात्रा की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने इस मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए सभी गवाहों और सबूतों को देखते हुए अपना फैसला सुना दिया। कोर्ट ने जाकिर खान, शाकिर खान और शहीद खान को साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया। इस केस का सेशन ट्रायल नंबर 112/2025 है। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु सिंह ने बहस की। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि आम तौर पर कोर्ट कचहरी की कार्रवाई में देरी और तारीख पर तारीख मिलने की खबरों के बीच रांची सिविल कोर्ट का सिर्फ 9 दिनों में ट्रायल पूरा कर फैसला सुनाना, इस बात का संकेत है कि न्याय के लिए अब लोगों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## स्पीड न्यूज

### उरुजगान में भूस्खलन से छह लोगों की मौत

**तिरिन कोट।** अफगानिस्तान के दक्षिणी प्रांत उरुजगान में भूस्खलन से महिलाओं और बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय संस्कृति एवं सूचना निदेशक जमीर अहमद ने शनिवार को बताया कि उरुजगान में गिजाब जिले के सरमोरी इलाके में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण शुक्रवार देर रात भूस्खलन हुआ, जिसमें छह लोगों की मौत हो गयी।

### खैबर पख्तूनख्वा में मुठभेड़, 6 आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छह आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में अभियान चलाया। मुठभेड़ में छह आतंकवादी मारे गए।

### रूस ने बेलारूस के साथ किया समझौता

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बेलारूस के साथ सुरक्षा गारंटी पर समझौते की पुष्टि की है। देश के कानूनी सूचना पोर्टल पर पोस्ट किए गए एक दस्तावेज के अनुसार, इस समझौते पर मूल रूप से श्री पुतिन और बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने छह दिसंबर, 2024 को मिन्स्क में हस्ताक्षर किए थे। 18 फरवरी को रूस की संसद के निचले सदन ह्यस्टेट ड्यूमाह्न और 26 फरवरी को रूस के संसद के ऊपरी सदन ह्यफेडरेशन काउंसिलह्न ने इसकी पुष्टि की। संधि के तहत, दोनों पक्ष एक-दूसरे का समर्थन करने और खतरों को दूर करने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करने का वचन देते हैं।

### बारिश से चीन सीमा से सटी चार सड़कें बंद

**नैनीताल/पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में दो दिन से लगातार हुई बरसात का असर पिथौरागढ़ की चीन सीमा को जोड़ने वाली सड़कों पर पड़ा है। मलबा आने से सीमा से सटी चार सड़कें बंद हो गई हैं। खास बात यह है कि चीन सीमा को जोड़ने वाली सामरिक दृष्टि से मुख्य गुंजी - कालापानी - नबीढांग मार्ग खुला हुआ है। प्रशासन सड़कों को खोलने में युद्धस्तर पर जुटा हुआ है। इससे आवाजाही ठप हो गई है।

### छपरा में दो युवकों की गोली मारकर हत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने शनिवार को बताया कि जीएस बंगरा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के समीप से दो युवकों का शव बरामद किया है। मृतकों की पहचान मशरक थाना के कवलपुरा निवासी फारुख और अशरफ के रूप में की गयी है।

### होली गीत रंग डलाई भौजाई पे हुआ रिलीज

**मुंबई।** जानेमाने गायक-अभिनेता रितेश पांडे और गायिका शिवानी सिंह का होली स्पेशल गाना रंग दलाई भौजाई पे टी-सीरिज हमार भोजपुरी पर रिलीज हो गया है। रंग डलाई भौजाई पे होली के पारंपरिक रंग में रंगा हुआ मजेदार गाना है। इस गाने को रितेश पांडे और शिवानी सिंह ने गाया है।

### फरवरी में जीएसटी संग्रह 183646 करोड़

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष के फरवरी में जीएसटी संग्रह 183646 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 168337 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 9.1 प्रतिशत अधिक है। एसजीएसटी 43704 करोड़ व आईजीएसटी 90870 करोड़ रुपये रहा है । रिफंड के बाद फरवरी में जीएसटी 162758 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 150528 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 8.1 प्रतिशत अधिक है।

# भिड़ंत के बाद ढीले पड़े जेलेंस्की के तेवर

## यूक्रेन के राष्ट्रपति बोले, ट्रंप की भूमिका रूस के साथ युद्ध के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण होगी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ तीखी बहस के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने नरम रुख अपनाया है। जेलेंस्की ने अमेरिका के समर्थन को अपनी जंग के लिए निर्णायक करार दिया है। शनिवार को उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका रूस के साथ युद्ध के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण होगी। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए अमेरिका की सहायता के लिए आभार व्यक्त किया और संसद सहित अमेरिकी जनता के समर्थन की सराहना की। उन्होंने लिखा कि हम अमेरिका के समर्थन के लिए आभारी हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप, कांग्रेस और अमेरिकी जनता का धन्यवाद करता हूं। यूक्रेनी लोग इस समर्थन को हमेशा से महत्व देते आए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका का समर्थन सिर्फ एक राजनीतिक निर्णय नहीं, बल्कि उनकी स्वतंत्रता और अस्तित्व की लड़ाई का एक महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए राष्ट्रपति ट्रंप का समर्थन बहुत जरूरी है। वे युद्ध समाप्त करना चाहते हैं, लेकिन कोई भी हमसे अधिक शांति नहीं चाहता। हम इस युद्ध को अपनी जमीन पर झेल रहे हैं। यह हमारी आजादी और हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। जेलेंस्की ने यह भी पुष्टि की कि यूक्रेन खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है, जिससे अमेरिका और यूक्रेन के आर्थिक और रक्षा संबंधों को मजबूती मिलेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह समझौता सुरक्षा गारंटी का केवल पहला कदम होगा और यूक्रेन को इससे कहीं अधिक की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं, यह सुरक्षा गारंटी की दिशा में पहला कदम होगा। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। एक युद्धविराम बिना ठोस सुरक्षा गारंटी के यूक्रेन के लिए खतरनाक होगा। तीन साल से हम लड़ रहे हैं, और यूक्रेनी लोगों को यह जानने की जरूरत है कि अमेरिका हमारे साथ है।

### खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार : जेलेंस्की



**अमेरिका से मजबूत समर्थन की अपील :** यूक्रेन के राष्ट्रपति ने अमेरिका से अधिक ठोस समर्थन की अपील करते हुए कहा कि यह केवल दो देशों की लड़ाई नहीं, बल्कि संप्रभुता और मानवाधिकारों का संघर्ष है। उन्होंने कहा, ॒रूस ने हमारे घरों पर आक्रमण किया, हमारे लोगों को मारा और हमारी संप्रभुता को नष्ट करने की कोशिश की। यह केवल भू-भाग का युद्ध नहीं है, बल्कि असली लोगों की जिंदगियों का सवाल है।

**केवल युद्धविराम नहीं, स्थायी शांति जरूरी :** जेलेंस्की ने अमेरिका के साथ अपने रिश्ते को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि यूक्रेन को केवल युद्धविराम नहीं, बल्कि एक न्यायसंगत और स्थायी शांति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रीगन ने कहा था कि शांति केवल युद्ध का अभाव नहीं है। हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति चाहते हैं, जिसमें स्वतंत्रता, न्याय और मानवाधिकारों की रक्षा हो। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वाशिंगटन में यूक्रेन हाउस का दौरा किया, जहां उन्होंने यूक्रेनी समुदाय से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने अमेरिकी सरकार और जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और यूक्रेन के लिए एकजुटता और समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन और रूस के बीच चल रहा युद्ध अपने तीसरे वर्ष में है, और अंतरराष्ट्रीय समर्थन की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। जेलेंस्की ने कहा,कि हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि यूक्रेन की आवाज सुनी जाती रहे और कोई भी इसे भूले नहीं- युद्ध के दौरान भी और उसके बाद भी। यूक्रेन के लोगों को यह जानना चाहिए कि वे अकेले नहीं हैं। उन्होंने यूक्रेन हाउस में आयोजित इस मुलाकात को अपने देशवासियों के लिए एक संदेश के रूप में देखा, जिसमें उन्होंने एकता और धैर्य का आह्वान किया।

### समझौते से पहले ठोस सुरक्षा गारंटी

जेलेंस्की ने स्पष्ट किया कि रूस के साथ किसी भी समझौते से पहले मजबूत सुरक्षा गारंटी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन केवल तभी बातचीत के लिए तैयार होगा जब उसे ठोस सुरक्षा गारंटी मिलेगी, जिससे यह सुनिश्चित हो कि भविष्य में रूस दोबारा आक्रमण नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अगर हमें नाटो में शामिल नहीं किया जा सकता, तो हमें अमेरिका और यूरोपीय सहयोगियों से सुरक्षा की स्पष्ट गारंटी चाहिए। यूरोप इस मामले में तैयार है, लेकिन हमें अमेरिका की भूमिका की भी आवश्यकता है। रूस से बातचीत की संभावना पर दिया बयान : रूस के साथ वार्ता को लेकर जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध को समाप्त करने के लिए केवल सैन्य संघर्ष पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि मजबूत सुरक्षा गारंटी के बाद ही रूस के साथ बातचीत संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि युद्ध अकेले बहुत लंबा चलेगा, और हमारे पास रूस को पूरी तरह बाहर निकालने के लिए पर्याप्त हथियार नहीं हैं। हमें एक ऐसी सुरक्षा संरचना की आवश्यकता है, जिसमें अमेरिका की प्रमुख भूमिका हो। तभी हम रूस, यूरोप और अमेरिका के साथ कूटनीति पर बात कर सकते हैं।

# बजट में घोषणाओं को लागू करने के लिए तेजी से काम करें : मोदी

## बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए तेजी से काम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट में हमारी नीतियों में निरंतरता और विकसित भारत के विजन में नया विस्तार भी दिखा है। बजट से पहले सभी हितधारकों द्वारा दिए गए इनपुट और सुझाव बजट तैयार करते समय बहुत उपयोगी रहे। अब इस बजट को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने में इसके परिणाम जल्द से



जल्द प्राप्त करने में और सभी नीतियों को प्रभावी बनाने में आपकी भूमिका और बढ़ गई है। हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बनाने में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हों। उन्होंने बजट में पीएम धन धान्य योजना की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने बजट में पीएम धन धान्य कृषि योजना का ऐलान किया है। इसके तहत देश के 100 सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले जिलों के विकास पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज लोगों में पोषण को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। इसलिए बागवानी, डेयरी और फिशरी प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए इन क्षेत्रों में काफी निवेश किया गया है। फल और सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। बिहार में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा भी की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने सेल्फ हेल्प ग्रुप की आर्थिक ताकत बढ़ाई है। हमने तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। हमारे प्रयासों से सवा करोड़ से ज्यादा बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे भारत के संकल्प बहुत स्पष्ट हैं। हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध और सशक्त हो। हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे। हम कृषि को विकास का प्राथमिक इंजन मानते हैं। हम दो प्रमुख लक्ष्यों की ओर काम कर रहे हैं, पहला, कृषि क्षेत्र का विकास और दूसरा गांवों की समृद्धि। पीएम-किसान सम्मान निधि 6 साल पहले शुरू की गई थी और लगभग 3.75 लाख करोड़ रुपये सीधे 11 करोड़ किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने एक किसान केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्कर तैयार किया है, ताकि देशभर के किसानों तक इस योजना का लाभ पहुंच सके।

### तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य



अपने जन्मदिन पर शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

## नीतीश ने 59,028 विशिष्ट शिक्षकों को दिया नियुक्ति पत्र, कहा

# हर वर्ग का विकास प्राथमिकता

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण 59028 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि उन्होंने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है। श्री कुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में आयोजित कार्यक्रम में 59 हजार 28 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि हमलोगों ने शुरू से ही सभी वर्गों चाहे हिंदू हों, मुसलमान हों, अगड़ा हों, पिछड़ा हों, अति पिछड़ा हों, दलित हों, महादलित हों उनके उत्थान के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए भी कई कार्य किए गए हैं। शिक्षक के रूप में बड़ी संख्या में महिलाएं बहाल हुई हैं। उन्होंने कहा कि मैं सभी शिक्षकों से कहना चाहता हूं कि वे अच्छे से बच्चों को पढ़ाएं। मैं शिक्षा मंत्री से भी कहना चाहता हूं कि वे शिक्षण कार्य पर निरंतर निगरानी रखें। बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसपर सबलोग विशेष ध्यान रखें। कुमार ने कहा कि जब हमलोगों को काम करने का मौका मिला तो शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कई कदम उठाए गए। शिक्षकों की अत्यधिक कमी से 2006-07 से पंचायत एवं नगर निकायों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति की गई, जिनकी संख्या लगभग तीन लाख 68 हजार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने तय किया कि नियोजित शिक्षकों के लिए अलग से परीक्षा ली जायेगी और उन्हें पांच अवसर दिये जायेंगे।

### बड़ी संख्या में महिलाएं शिक्षक बनीं

### गश्ती में किसी प्रकार की कोताही नहीं करे पुलिस

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मद्य निषेध तथा विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिये पूरी तरह सतर्क और एक्टिव रहें। पुलिस गश्ती में किसी प्रकार की कोताही नहीं हो। त्योहारों को देखते हुये असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मद्य निषेध को प्रभावी ढंग से लागू करने करने के लिये समुचित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के पूर्व लोग शराब पीकर अपनी सारी कमाई उड़ा देते थे, आज वही पैसा दूसरे काम में लग रहा है।

## बार काउंसिल के फिर अध्यक्ष बने मनन मिश्रा

**नयी दिल्ली/ पटना।** देशभर के 27 लाख वकीलों की प्रतिनिधि संस्था बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर मनन कुमार मिश्रा एक बार फिर निर्विरोध चुन लिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता और राज्यसभा सदस्य मिश्रा ने अपनी प्रभावशाली चुनावी रणनीति, लोकप्रियता और व्यवहारकुशलता के दम पर सभी विरोधियों को पीछे छोड़ दिया। हालांकि, इस बार उनके राज्यसभा सदस्य बनने के बाद विरोधी दलों की सक्रियता और कड़ा मुकाबला होने की अटकलें थीं, लेकिन अंततः कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं उतरा। इससे पहले, बिहार राज्य बार काउंसिल चुनाव में लगातार सातवीं बार जीत दर्ज कर मिश्रा तीसरी बार बिहार से बीसीआई के सदस्य निर्वाचित हुए थे। अपनी जीत के बाद उन्होंने वकील समुदाय को मजबूत करने, अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन और अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कराने का संकल्प दोहराया। इस बीच तमिलनाडु के एस. प्रभाकरण और दिल्ली के वेद प्रकाश शर्मा उपाध्यक्ष पद की दौड़ में हैं। 17 मई को दिल्ली में वकीलों की महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें अधिवक्ताओं की समस्याओं और कल्याण योजनाओं पर चर्चा होगी।

▸▸ **उपाध्यक्ष की दौड़ में तमिलनाडु के प्रभाकरण व दिल्ली के वेद प्रकाश**



## 15 साल बिहार की सेवा करते रहेंगे नीतीश : सम्राट चौधरी

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि एक यशस्वी राजनेता को लालू परिवार के गाली देने से उनकी उम्र लंबी हो रही है । वे और 15 साल बिहार की सेवा करते रहेंगे । चौधरी ने कहा कि बिहार में 20 साल में नीतीश सरकार के विकास का शानदार ग्राफ, राजस्व में 15 गुना वृद्धि, 14.5 फीसदी की तेज विकास दर और प्रति व्यक्ति आय का 7 हजार बढ़ कर 66 हजार होना राजद को कबाड़ लग रहा है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने 15 साल में बिहार को जर्जर सड़क, अपहरण उद्योग, बिजली-रहित गांव,और 100 से ज्यादा नरसंहार दिये। चौधरी ने कहा कि नीतीश के सफल नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग से बिहार ने गरीबी-अशिक्षा-बेरजगारी और अपराध के अंधेरे से निकाल कर विकास किया।

# बिहार के किसानों को सौर ऊर्जा से मिलेगी बिजली

## कृषि फीडरों का होगा सोलराइजेशन

▸ **जून तक 2.85 लाख किसानों को मिलेगा कनेक्शन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार अब किसानों को सौर ऊर्जा से मिलेगी बिजली। इस योजना के तीसरे चरण में 1200 मेगावाट बिजली सौर ऊर्जा संयंत्र के माध्यम से फीडरों को ऊर्जान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले ही इस सूर्य ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा बताते हुए इसे विकसित करने के लिए विस्तृत प्रयास करने के निर्देश दे चुके हैं।

इसके मद्देनजर ऊर्जा विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। वर्तमान में किसानों को डीडीकेडेट फीडरों से मिलने वाली सभी बिजली थर्मल ऊर्जा प्लांट से मुहैया कराई जाती है। यह बिजली काफी महंगी पड़ती है। इसका विकल्प राज्य सरकार अक्षय ऊर्जा के माध्यम से तलाश कर रही है। सरकार ने कृषि फीडरों के सोलराइजेशन यानी सूर्य से ऊर्जा प्रदान करने का निर्णय लिया है। ताकि दिन में ही किसानों को सूर्य ऊर्जा के माध्यम से बिजली पैदा कर दिन में ही इसे उपलब्ध करा दिया जाए। इससे किसानों को रात में सिंचाई के लिए अतिरिक्त मेहनत नहीं करनी पड़े। सूचना एवं जन संपर्क विभाग की तरफ से जल्द ही इसका प्रकाशन सभी समाचार पत्रों में कराया जाएगा। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि सौर ऊर्जा की मदद से कृषि फीडरों को बिजली मुहैया कराने से किसानों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने में काफी मदद मिलेगी। इससे बिजली की दर पर अभी दी जा रही सब्सिडी में थोड़ी कमी आएगी। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि राज्य की भविष्य में बढ़ती हुई ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए यह सबसे महत्वपूर्ण पहल है। कृषि फीडरों का सोलराइजेशन करने से सुखाड़ जैसी परिस्थितियों से सामना करने में बेहद सहूलियत होगी। इस वर्ष जून तक राज्य के सभी किसानों को पटवन समेत



अन्य कृषि कार्यों के लिए डेडीकेटेड फीडर से बिजली मिलने लगेगी। राज्य में ऐसे तीन हजार फीडरों की आवश्यकता है, जिसमें अभी ढाई हजार तैयार हो गए हैं। जून तक बचे हुए लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा। इसके अलावा राज्य के 2 लाख 85 हजार किसान ऐसे हैं, जिनके आवेदन आने के बाद उन्हें कृषि कनेक्श अभी नहीं दिया जा सका है। मुख्यमंत्री के विशेष निर्देश पर जून 2025 तक बचे हुए सभी किसानों को कृषि कनेक्शन मुहैया करा दिया जाएगा। इस पर बिजली महकमा खास तौर से काम शुरू कर दिया है। राज्य के कृषि फीडरों से अब तक 5 लाख 55 हजार किसानों को मुख्यमंत्री कृषि पम्प विद्युत कनेक्शन योजना के अंतर्गत कनेक्शन दिए जा चुके है। शेष किसानों को इस वर्ष के अंत तक कनेक्शन दे दिया जाएगा। अभी राज्य सरकार 3,970 करोड़ की सब्सिडी दे रही है सरकार। राज्य में 8 हजार मेगावाट बिजली की खपत होती है, जिसमें 1150 मेगावाट बिजली सिंचाई के लिए किसानों को उपलब्ध कराई जाती है। वर्तमान में यह बिजली थर्मल पॉवर प्लांटों से सामान्य रूप से 6 रुपये 74 पैसे की दर से खरीदकर किसानों को 0.55 रुपये की दर से किसानों को उपलब्ध कराई जाती है। राज्य में पहले चरण के तहत 843 पॉवर सब स्टेशन से 1235 डेडीकेटेड फीडर बनाए गए हैं। इसमें 800 मेगावाट के डेवलपर के चयन के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। विनिमयक आयोग से स्वीकृति प्राप्त कर 3 एजेंसी को 6 पॉवर सब स्टेशन के 8 फीडरों के सोलराइजेशन के लिए 17.85 मेगावाट ऊर्जा विकसित करने के लिए कार्यालय आदेश जारी करते हुए पॉवर परचेज एग्रीमेंट कर लिया गया है।

## दिल्ली में 15 साल पुरानी गाड़ियों को नहीं मिलेगा इंधन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को कहा कि 31 मार्च के बाद राष्ट्रीय राजधानी के पेट्रोल पंप पर 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को पेट्रोल देना बंद कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के उपायों पर चर्चा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक के बाद सिरसा ने कहा कि सरकार वाहनों से होने वाले उत्सर्जन और प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठा रही है। बैठक में प्रमुख नीतिगत निर्णयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पुराने वाहनों पर प्रतिबंध, अनिवार्य एंटी-स्मॉग उपाय और इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन को अपनाना शामिल हैं। सिरसा ने कहा कि पंप पर ऐसे उपकरण लगा रहे हैं, जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे और उन्हें ईंधन नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को सूचित करेगी।